दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
■ Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 39 | जयपुर | गुरूवार, 12 नवम्बर, 2024 | मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष द्वादशी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹2 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

### ‘राइजिंग राजस्थान समिट का समापन सत्र’

# मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में राजस्थान छू रहा विकास की नई ऊंचाइयां : धर्मेन्द्र प्रधान

## 2026 में फिर होगा राइजिंग राजस्थान का आयोजन, 11 दिसम्बर 2025 को एमओयू प्रगति की समीक्षा को लाएंगे जनता के सामने - मुख्यमंत्री शर्मा




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 2047 तक भारत दुनिया का सबसे ताकतवर अर्थनीति बनेगा तथा राजस्थान भारत का अग्रणी राज्य होगा। उन्होंने कहा कि दुनिया के प्रत्येक कोने में राजस्थान का उद्यमी मौजूद है तथा प्रत्येक राजस्थानी अब आर्थिक और सामाजिक क्षेत्रों में नई ऊंचाइयां छू रहा है। प्रधान ने कहा कि केन्द्र सरकार राज्य के प्रमुख शैक्षणिक शिक्षा आईआईटी जोधपुर, केन्द्रीय विश्व विद्यालय जैसे संस्थान में एडवांस टैक्नोलॉजी लैब को स्थापित करने में मदद करेगी। राजस्थान की विपरीत भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद 11 प्रतिशत की विकास दर प्रदेशवासियों की मेहनत को दर्शाती है। प्रधान बुधवार को राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार ने अपने पहले ही वर्ष में राइजिंग राजस्थान समिट का सफल आयोजन किया है तथा उनके नेतृत्व में राजस्थान विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है।

### राजस्थान नवाचार व निवेश का बना नया केंद्र-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार राइजिंग समिट में हुए एमओयू को धरातल पर उतारने के लिए पूरी शक्ति के साथ काम करेगी तथा अगले वर्ष 11 दिसंबर को इन सभी एमओयू के जमीन पर उतरने की कार्यवाही की समीक्षा कर जनता के सामने लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि राइजिंग राजस्थान का आयोजन 2026 में फिर से होगा। उन्होंने कहा कि असीम संभावनाओं से भरपूर राजस्थान में उद्यमिता एवं विकास के शिखर को छूने की क्षमता है। राजस्थान नवाचार व निवेश आकर्षण के एक नए केंद्र के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि इस समिट के माध्यम से 35 लाख करोड़ रुपये से अधिक के एमओयू किए गए हैं।

### उद्यमों को प्रोत्साहन देने के लिए राज्य सरकार ने की कई पहल

मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्योगों को प्रोत्साहन देने के लिए राज्य सरकार ने कई अहम निर्णय लिए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में 11 औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना के लिए 1,200 करोड़ रुपये से अधिक की स्वीकृति, पांच नवीन औद्योगिक क्षेत्रों को भूखंड आवंटन, रीको द्वारा 8 औद्योगिक क्षेत्र नियोजित किए गए हैं। शर्मा ने कहा कि राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक मंच पर लाने के लिए हम अगले तीन साल में जीआई टैग की संख्या को दोगुना करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जीआई टैग वाले उत्पाद गांव से ग्लोबल की तरफ बढ़ेंगे जो यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ‘विकास भी विरासत भी’ विजन को साकार करेंगे।

### राजस्थान एमएसएमई नीति-2024 सहित 10 नीतियों से निवेश को मिलेगा बढ़ावा—

शर्मा ने कहा कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग प्रदेश के औद्योगिक ढांचे की रीढ़ हैं। उन्होंने कहा कि एमएसएमई क्षेत्र राजस्थान की जीएसडीपी में करीब 25 प्रतिशत योगदान दे रहा है। साथ ही, निर्यात में भी अहम भूमिका निभा रहा है। ये उद्योग समावेशी आर्थिक विकास, इनोवेशन और विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर सृजित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने के लिए राजस्थान निवेश प्रोत्साहन नीति–2024 एवं अन्य 9 नीतियां जारी की हैं।




### नए उद्यमियों को निर्यातक बनाने के लिए नई निर्यात नीति

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ‘निर्यात वृद्धि, सर्व समृद्धि’ में विश्वास करती है जो निर्यातकों की समृद्धि और उनके सशक्तीकरण पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने राजस्थान निर्यात संवर्धन नीति 2024 जारी की है। इसके तहत मुख्यमंत्री निर्यात वृद्धि अभियान में नए उद्यमियों को निर्यातक बनाने के लिए निर्यात प्रक्रिया एवं दस्तावेजीकरण के लिए वित्तीय सहायता दी जाएगी। शर्मा ने कहा कि एकीकृत क्लस्टर विकास योजना 2024 के माध्यम से हमने कच्चे माल के बैंक स्थापित कर हस्तशिल्पियों, बुनकरों और हथकरघा क्लस्टरों को वित्तीय सहायता प्रदान करने का प्रावधान किया है। उन्होंने कहा कि एक जिला एक उत्पाद नीति 2024 लागू कर वोकल फोर लोकल को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। यह नीति हमारी पारंपरिक कला के संरक्षण और विकास में भी मददगार होगी।

### राजस्थान के व्यक्ति में उद्यमिता के गुण जन्म से ही मौजूद-

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि राजस्थान केवल पूंजी निर्माता ही नहीं बल्कि नॉलेज बेस्ड इकोनोमी है। यहां आईआईटी, आईआईएम, एम्स सहित सभी विश्वस्तरीय शिक्षण संस्थान मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में देश को जॉब सीकर्स से ज्यादा जॉब क्रिएटर्स की जरूरत है। लेकिन राजस्थान के व्यक्ति को उद्यमिता सिखाने की जरूरत नहीं है उसमें यह खूबी जन्म से ही होती है। उन्होंने कहा कि जैसे खाड़ी देश विश्व अर्थनीति के केन्द्र हैं, वैसे ही भविष्य में जयपुर–जैसलमेर दुनिया के अर्थनीति के केन्द्र बनना तय हैं तथा यह समिट इसको दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

श्री प्रधान ने कहा कि मुझे बताया गया है कि इस समिट में ऊर्जा के क्षेत्र में सर्वाधिक एमओयू साइन हुए हैं जोकि एक प्रोग्रसिव पहल है। दुनिया में ऊर्जा की खपत अमरीका और चीन के बाद भारत में सर्वाधिक होती है। उन्होंने कहा कि भारत भविष्य में ग्रीन एनर्जी तथा न्यू एनर्जी भी सृजित करेगा तथा राजस्थान इस क्षेत्र में लीडर पॉजिशन पर आ गया है। यहां हुए निवेशों से लोगों को संसाधन मिलेंगे, आय का सृजन होगा तथा आधारभूत सुविधाएं मिलेंगी जिससे पूरा राज्य विकास की दौड़ में अग्रणी बन सकेगा। श्री प्रधान ने कहा कि पहले बीमारू राज्य की श्रेणी में ‘आर’ राजस्थान को माना जाता था लेकिन अब वही ‘आर’ राजस्थान राइजिंग की तरफ बढ़ रहा है।

### मुख्यमंत्री ने किया सभी का धन्यवाद

मुख्यमंत्री ने एतिहासिक आयोजन के लिए सभी मंत्रिगण, निवेशकों, उद्योगपतियों, अधिकारियों–कर्मचारियों का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि समिट में विशेषज्ञों द्वारा आए नए आइडियाज से राजस्थान के भविष्य को उज्ज्वल एवं मजबूत बनाने के लिए प्रेरणा मिलेगी। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अनुसार राजस्थान राइजिंग के साथ रिलायबल एवं रिसेप्टिव भी है जो खुद को रिफाइन करना भी जानता है। मोदी जी के राइजिंग राजस्थान के उद्घाटन सत्र में दिए गए वक्तव्य से टीम राजस्थान को नई ऊर्जा मिली है। उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को बधाई देते हुए कहा कि राजस्थान पहले केवल पर्यटन के लिए जाना जाता था। लेकिन अब इस समिट के सफल आयोजन से प्रदेश उद्योग क्षमताओं के लिए भी जाना जा रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित राजस्थान लक्ष्य की प्राप्ति में यह समिट मील का पत्थर साबित होगा। हमने बजट में राज्य की आधारभूत संरचना को मजबूत करने पर पूरा ध्यान दिया है।

## 14 दिसंबर को हो सकता है कैबिनेट विस्तार

### शिंदे के लिए गृह मंत्रालय की राह मुश्किल



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति सरकार 14 दिसंबर को अपना मंत्रिमंडल विस्तार कर सकती है। महायुति के उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार, गठबंधन सहयोगियों के बीच सत्ता-बंटवारे को अंतिम रूप दे दिया गया है। इसके मुताबिक भाजपा 20 मंत्री पद अपने पास रखेगी। वहीं, शिवसेना को 12 मिलेंगी और एनसीपी को 10 से संतोष करना पड़ सकता है। 5 दिसंबर को देवेंद्र फडणवीस ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी, साथ ही शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे और राकांपा प्रमुख अजित पवार ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। तब फडणवीस ने मीडियाकर्मियों से कहा था कि 16 दिसंबर को नागपुर में शुरू होने वाले विधानसभा के शीतकालीन सत्र से पहले कैबिनेट विस्तार होगा। पोर्टफोलियो के संदर्भ में, तीनों पार्टियां यथास्थिति बनाए रखने की दिशा में आगे बढ़ सकती हैं, यानी चुनाव से पहले उनके पास मौजूद शीर्ष पोर्टफोलियो बरकरार रहेंगे।

### मुख्यमंत्री काफिले में एक्सीडेंट का मामला

# हादसे में घायल ट्रैफिक एएसआई सुरेंद्र सिंह की हुई मौत

- अस्पताल में इलाज के दौरान हुई सुरेंद्र की मौत
- पुलिस महकमे में छाई शोक की लहर

बढ़ता राजस्थान





**जयपुर।** जयपुर के प्रताप नगर थाना इलाके में स्थित एनआरआई सर्किल पर बुधवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के काफिले में घुसी अनियंत्रित टैक्सी कार से घायल हुए ट्रैफिक एएसआई सुरेंद्र सिंह अस्पताल में मौत हो गई। ट्रैफिक एएसआई सुरेंद्र सिंह की मौत की खबर मिलने पर पूरी पुलिस महकमे में शोक की लहर छा गई। जानकारी के अनुसार डॉक्टर दो बार एएसआई सुरेन्द्र सिंह को सीआरआर दे चुके थे। एएसआई सुरेन्द्र के सिर में गंभीर चोट आई थी और उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया था। वहीं घायल बलवान और अमीर हसन जनरल वार्ड में भर्ती है। इसके अलावा घायल राजेंद्र सिंह और देवेंद्र चोटिल हैं और चार पुलिसकर्मियों का इलाज जारी है। इधर काफिले में हादसे को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुख्य सचिव सुशांत पंत, डीजी पुलिस, गृह सचिव सहित अधिकारियों की अहम बैठक बुलाई।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री के काफिले के वाहन को एक अन्य गाड़ी ने टक्कर मार दी। इस टक्कर के कारण गाड़ी हादसे का शिकार हो गई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा संवेदनशीलता दिखाते हुए तुरंत कार से नीचे उतरे ओर घायल का पता चलते ही अपनी गाड़ी में बिठाया और सीधे खुद स्ट्रेचर पर महात्मा गांधी अस्पताल लेकर गए। मुख्यमंत्री ने ट्रैफिक रोकने के लिए इनकार कर दिया था। जिस वक्त ये हादसा हुआ था तब मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा उपराष्ट्रपति के कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान जगतपुरा में एक कार मुख्यमंत्री के काफिले में चल रही गाड़ी से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सीएम काफिले की पायलट गाड़ी भी डिवाइडर पर जा चढ़ी। बताया जा रहा है कि सबसे पहले मुख्यमंत्री के काफिले के आगे चल रही एसीपी ट्रैफिक की गाड़ी से टैक्सी कार टकराई थी। दोनों गाड़ियों की भिड़ंत में एसीपी ट्रैफिक अमीर हसन,उनका ड्राइवर और टैक्सी कार का ड्राइवर घायल हो गया। टैक्सी कार का ड्राइवर एनआरआई चौराहे को क्रॉस करने का बार-बार प्रयास कर रहा था। चौराहे पर तैनात ट्रैफिक पुलिसकर्मियों ने टैक्सी कार ड्राइवर को रोकने की कोशिश की थी। लेकिन टैक्सी कार को तेजी से दौड़ाते हुए एनआरआई चौराहे की तरफ ड्राइवर ले गया। तभी सीएम कार काफिले के आगे चल रही । एसीपी ट्रैफिक अमीर हसन की गाड़ी से टैक्सी कार टकराई। इसके बाद सीएम कार काफिले की पायलट गाड़ी भी बेकाबू होकर टकरा गई।

## निमाड़ के संत सियाराम बाबा पंचतत्व में विलीन

बढ़ता राजस्थान

**खरगोन।** निमाड़ के प्रसिद्ध संत सियाराम बाबा पंचतत्व में विलीन हो गए। खरगोन के कसरावद के तेली भट्यान गांव में नर्मदा किनारे उनका अंतिम संस्कार किया गया। साधु-संतों ने उन्हें मुखाग्नि दी। इस दौरान लाखों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने नम आंखों से उन्हें विदाई दी।

सीएम डॉ. मोहन यादव भी अंतिम संस्कार में शामिल हुए। इससे पहले सियाराम बाबा की उनके आश्रम से नर्मदा घाट तक अंतिम यात्रा निकाली गई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने जय सियाराम के नारे लगाए। करीब 3 लाख लोगों ने बाबा के अंतिम दर्शन किए। दोपहर करीब 3 बजे सीएम डॉ. मोहन यादव ने आश्रम पहुंचकर बाबा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## गुजारे भत्ते का मकसद पति को सजा देना नहीं : सुप्रीम कोर्ट

### पत्नी सम्मान से जी सके, कोर्ट इसका इंतजाम करना चाहता है

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने पारिवारिक विवाद के मामले में 10 दिसंबर को एक आदेश दिया कि पति अपनी पत्नी और बच्चों को 5 करोड़ रुपए का गुजारा-भत्ता दे।

कोर्ट ने आदेश दिया कि पति फाइनल सेटलमेंट के तौर पर यह रकम पत्नी को दे। कोर्ट ने आदेश के दौरान यह साफ कर दिया कि गुजारा-भत्ता देने का मकसद यह नहीं है कि पति को सजा दी जाए। हम यह चाहते हैं कि पत्नी और बच्चे सम्मानित तरीके से जीवन गुजार सकें। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस प्रसन्ना बी की बेंच ने कहा कि सेटलमेंट में से एक करोड़ की रकम उनके बेटे के गुजारे-भत्ते और उसकी आर्थिक सुरक्षा के लिए तय की जाए।




सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

## विधानसभा स्पीकर काफिले में घुसकर रील बनाने के पांच बदमाशों को पुलिस ने पकड़ा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** विधानसभा स्पीकर वासुदेव देवनानी के चलते काफिले में घुसकर रील बनाने के मामले में बगरू थाना पुलिस ने पांच बदमाशों को पकड़ा है। इनमें एक बदमाश नाबालिग है। सभी बदमाश कार में सवार थे।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि चारों बगरू थाना क्षेत्र के रहने वाले थे। प्रारंभिक जानकारी में सामने आया कि रील बनाने के लिए विधानसभा स्पीकर के काफिले को बार-बार ओवरटेक कर रहे थे। नाबालिग को बाल सुधार गृह में भेज दिया गया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम ने बताया कि 10 दिसम्बर को विधानसभा स्पीकर वासुदेव देवनानी जयपुर से अजमेर जा रहे थे। इसी दौरान 5 लोगों ने एक आई 20 कार नंबर आरजे 45 के 3385 से स्पीकर की गाड़ी को अजमेर रोड महापुरा से पीछा कर गाड़ी को आगे पीछे लेकर वीडियो बनाने लगे। इस पर गार्ड ने गाड़ी को रुकवाने की कोशिश की तो युवक कार को लहराते हुए काफिले को कट मारकर निकल गए। इस पर कंट्रोल रूम को सूचना दी गई। इसके बाद जयपुर शहर व जयपुर ग्रामीण के इलाके में कार की नाकेबंदी कराई गई।

गाड़ी नंबर के आधार पर मंगलवार रात को ही चार युवकों को डिटेन कर लिया गया था। इस मामले में बगरू थाना पुलिस ने की ओर से मामला दर्ज करवाया गया है। इस मामले में सांभर वालों का मोहल्ला तकिया बस स्टैंड बगरू निवासी गणेश सैनी (18) पुत्र दिनेश सैनी, जाजोरा की ढाणी फतेहपुर बेगस निवासी राहुल कुमावत (23) पुत्र मांगीलाल कुमावत, जाजोरा की ढाणी फतेहपुर बेगस निवासी साहिल कुमावत (18) पुत्र दुर्गा शंकर कुमावत और सुल्तानों की ढाणी लोकेश यादव (19) पुत्र रमेश चंद्र यादव को गिरफ्तार किया है। इसमें एक नाबालिग को भी डिटेन किया है, पांचों बगरू थाना के रहने वाले है।

# गीता जयंती पर एक मिनट एक साथ गीता पाठ की वैश्विक आवाहन में सहभागिता के साथ हुई विचार गोष्ठी

बढ़ता राजस्थान





**जयपुर ( का.स. )।** पोद्दार इंटरनेशनल कॉलेज मानसरोवर, जयपुर एवं जीओ गीता परिवार, जयपुर जिला द्वारा कर्म की अवधारणा और युवाओं के लिए गीता की प्रासंगिकता विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया, विचार गोष्ठी का शुभारंभ गोष्ठी के प्रमुख वक्ता मोटिवेशनल स्पीकर योगाचार्य योगी मनीष, संस्थापक, सर्वमंगलाय सनातन धर्म फाउंडेशन एवं अतिथियो ने किया। योगी मनीष ने अंतर्राष्ट्रीय गीता मनीषी ज्ञानानंद महाराज द्वारा एक मिनट एक साथ गीता पाठ के तहत गीता के प्रथम श्लोक 9वे अध्याय के22वें श्लोक एवं अंतिम 18 अध्याय के अंतिम श्लोक को महाराज जी की वाणी में प्रसारित करते हुए उसके अर्थ को विद्यार्थियों के सामने रखा, उन्होंने बताया कि विद्यार्थी के जीवन की वर्तमान समस्त समस्याओं का समाधान भागवत गीता में समाया है यह सिर्फ धार्मिक नहीं अपितु एक वैज्ञानिक ग्रंथ है उन्होंने गीता उन सूत्रों को विद्यार्थियों के समक्ष साझा किया जिससे वर्तमान कंपटीशन के कारण उत्पन्न तनाव अवसाद से मुक्त हो सदैव हंसते मुस्कुराते आनंद के साथ जीवन के लक्ष्य को प्राप्त कर पाए। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि गोपाल शरण महाराज ने भी गीता के शोक की व्याख्या की। पोद्दार ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन एवं जियो गीता परिवार, जयपुर जिला संयोजक डॉ. आनंद पोद्दार ने कहा कि छात्रों को श्री मद्भगवत गीता के सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। कार्यक्रम में कॉलेज के प्रिंसिपल प्रोफेसर प्रवीण गोस्वामी में योगाचार्य नीरज, समाजसेवी मनीष मालू, वंदना कश्यप, मदन मोहन पालीवाल, अशोक घीया का पुष्प कुछ भेट कर स्वागत किया, संगोष्ठी में सैकड़ो विद्यार्थियों के साथ-साथ जयपुर के प्रबुद्ध जन भी सम्मिलित हुए जिन्होंने इस विषय पर गहरी रुचि दिखाई। संगोष्ठी के अंत में ह्रस्र प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. विनोद कुमार जैन योगाचार्य योगी मनीष को स्मृति चिन्ह भेंट करने के साथ सभी का धन्यवाद भी ज्ञापित किया। यह आयोजन न केवल गीता के महत्व को समझने का एक अवसर था, बल्कि युवाओं को अपने जीवन में कर्म के सिद्धांतों को लागू करने की प्रेरणा भी प्रदान करता है।

# एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने किया पच्चीस हजार रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार

- मुहाना थाना इलाके से दो युवकों का किया था अपहरण, एक की पीट-पीट कर कर दी थी हत्या
- शाम को सब्जी लेने घर से निकले थे युवक, अपहरण कर युवक की मां से मांगी थी एक लाख की फिरौती

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने मुहाना थाना इलाके से पांच महीने पहले दो युवकों का अपहरण कर एक लाख की फिरौती मांगने तथा पीट पीटकर एक युवक की हत्या करने के मामले में घटना के वक्त से फरार चल रहे आरोपी शंकर मेघवाल (27) निवासी मानसरोवर जयपुर को केकड़ी जिले के सरवाड़ थाना इलाके से डिटेन कर लिया है। आरोपी की गिरफ्तारी पर पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आनंद की ओर से पच्चीस हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा है। अतिरिक्त पुसिस महानिदेशक एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स दिनेश एमएन ने बताया कि टीम को सूचना मिली कि जुलाई महीने में मुहाना जयपुर में हुए अपहरण व हत्या के मामले में पच्चीस हजार रूपये का इनामी शंकर मेघवाल सरवाड़ थाना इलाके के किसी गांव में फरारी काट रहा है। इस पर टीम ने सूचना को विकसित किया तो आरोपी के कशीर गांव में छुपे होने की सूचना मिली। टीम ने दबिश देकर आरोपी को घेर कर पकड़ लिया। जिसे अग्रिम कार्रवाई के लिए मुहाना थाना पुलिस को सौंप दिया गया है।

गौरतलब है कि करौली जिले में सपोटरा निवासी नेमीचंद महावर, सवाई माधोपुर के सूरवाल में अंडून्डी गांव निवासी मनीष कुमार बैरवा और उसका साथी देवराज बैरवा मुहाना थाना इलाके में रामपुरा रोड पर किराए का कमरा लेकर रहते थे। 8 जुलाई की सुबह देवराज काम पर चला गया। शाम को मनीष और नेमीचंद सब्जी लेने घर से बाहर निकले थे, जो वापस नहीं लौटे। अगले दिन देवराज को मनीष की मां ने फोन कर बताया कि बदमाश मनीष को छोड़ने के लिए 1 लाख रुपये की फिरौती मांग रहे हैं। देवराज की रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। अगवा किए गए दोनों युवकों से बदमाशों ने बेरहमी से मारपीट की, जिसमें एक युवक नेमीचंद की मौत हो गई। बदमाश नेमीचंद की लाश ठिकाने लगाने की तैयारी कर रहे थे, इसी दौरान पुलिस को सूचना मिल गई। करीब 125 किलोमीटर पीछा कर अजीतगढ़ इलाके से पुलिस ने आरोपी तुषार उर्फ लिटिल मीणा, आशीष बेरवा तथा शंभू दयाल वर्मा को गिरफ्तार कर अपहृत मनीष कुमार बैरवा को उनके कब्जे से छुड़ा लिया था।

पीडब्ल्यूसी बैठक

# 66 करोड़ रूपये के कार्य किये स्वीकृत जयपुर का होगा सर्वांगीण विकास



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** नगरीय विकास, स्वायत्त शासन एवं आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा के निर्देषन एवं नेतृत्व में जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जयपुर शहर के सर्वांगीण एवं आधारभूत विकास हेतु विभिन्न विकास कार्य करवाये जा रहे है।जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी की अध्यक्षता में बुधवार को जेडीए के मंथन सभागार में पीडब्ल्यूसी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में 66 करोड रूपये के कार्य स्वीकृत किये गये, जिससे जयपुर शहर के विकास को गति मिलेगी। बैठक में जोन-9 में सेंट्रल स्पाईन जेडीए स्कीम-ए ब्लॉक में विभिन्न विकास कार्यों के लिए 5.16 करोड रुपए की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई।

जोन-10 में खोरी रोपाड़ा जेडीए योजना हेरिटेज सिटी में विभिन्न विकास कार्यों के लिए 15.42 करोड रुपए की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। जोन-10 में बालाजी तिराहा से जगतपुरा आरओबी तक सेक्टर रोड के नवीनीकरण कार्य हेतु 4.80 करोड रुपए की संशोधित प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। जोन-7 में झारखंड जंक्शन से सिरसी रोड पर खातीपुरा जंक्शन होते हुए 200 फीट सी-जोन वाईपास तक 160 फीट सेक्टर रोड का निर्माण एवं चौडाईकरण कार्य के लिए 19.19 करोड रुपए की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई।

जयपुर शहर हेतु नवीन मास्टर प्लान 2047 से संबंधित कार्य आउटसोर्स के माध्यम से करवाने एवं अनुमानित लागत राशि 21.50 करोड रुपए की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई।

# फर्जी दस्तावेज बनाकर बैंकों से लोन लेने वाला गिरफ्तार

**आरोपी के खिलाफ जयपुर के विभिन्न थानों में कई मामले दर्ज है, आरोपी से बैंक से पांच लोन लेकर बैंक को लगाया लाखों का चूना**

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर ( का.स. )।** विद्याधर नगर थाना पुलिस ने फर्जी दस्तावेज बनाकर बैंक से लाखों रुपए की ठगी करने वाले एक शातिर ठग को गिरफ्तार किया है। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि आरोपी के खिलाफ जयपुर के विभिन्न थानों में कई मामले दर्ज है और इसके अलावा एक प्राइवेट बैंक से पांच लोन लेकर बैंक को लाखो का चूना भी लगाया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा ने बताया कि विद्याधर नगर थाना पुलिस ने फर्जी दस्तावेज बनाकर बैंक से लाखों रुपए की ठगी करने वाले एक शातिर ठग विष्णु लखेरा उर्फ विष्णु लक्षकार निवासी सांगानेर जयपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी विष्णु लखेरा ने अपनी खुद की अलग-अलग आईडी बनाकर रखी थी। थानाधिकारी राकेश ख्यालिया ने बताया कि विधाधर नगर थाने में एचडीएफसी बैंक की एग्जीक्यूटिव प्रिया शेखावत ने मामला दर्ज करवाया था कि आरोपित विष्णु गुप्ता ने अपने नाम से आधार और पैन कार्ड की तीन अलग-अलग तरह की आईडी बना रखी है। इन आईडी से वह पांच तरह के लोन लेकर लाखों का नुकसान पहुंचा चुका है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल में जुटी तो वही मामला दर्ज होने के बाद आरोपी विष्णु गुप्ता फरार हो गया।

इस पर आरोपी की तलाशी शुरू की, जिसके बाद पुलिस ने सुनीता कॉलोनी से आरोपित विष्णु गुप्ता को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया कि अलग-अलग आईडी से अपने आप के तीन नाम बता रखे थे। आरोपी के पास से कई फर्जी दस्तावेज भी मिले है। वहीं जांच में सामने आया कि जयपुर सिटी में उसके खिलाफ धोखाधड़ी के चार से ज्यादा मामले दर्ज है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदाते खुलने की आशंका जताई जा रही है।



# सैल्यूट तिरंगा राजस्थान की ब्रांड एंबेसडर बनीं एंकर प्रीति सक्सेना

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** देशभर में राष्ट्रवादी सेवाओं और तिरंगा प्रेम को बढ़ावा देने वाले प्रतिष्ठित संगठन सैल्यूट तिरंगा ने अपनी राजस्थान इकाई के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश झा; मुख्य संरक्षक सांसद मनोज तिवारी, प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान मदन मोहन पालीवाल ने संपूर्ण राष्ट्रीय और प्रदेश टीम की सहमति से प्रसिद्ध एंकर प्रीति सक्सेना को ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है।

प्रीति सक्सेना का संगठन में स्वागत करते हुए प्रदेश अध्यक्ष मदन मोहन पालीवाल ने कहा, हमारा संगठन प्रीति जी जैसे कर्मठ और समर्पित व्यक्तित्व को ब्रांड एंबेसडर के रूप में पाकर गर्व महसूस कर रहा है। उनकी उपस्थिति से हमारी राष्ट्रवादी गतिविधियों को नई ऊर्जा और प्रेरणा मिलेगी। प्रीति सक्सेना अपने कार्यक्षेत्र में न केवल जयपुर और राजस्थान का, बल्कि पूरे देश का नाम रोशन कर चुकी हैं। अपनी अनोखी एंकरिंग शैली और जनसंपर्क कौशल के माध्यम से उन्होंने लाखों दिलों को जोड़ा है। उनकी समाज सेवा और तिरंगा प्रेम से प्रेरित होकर, सैल्यूट तिरंगा को विश्वास है कि उनके संगठन में जुड़ने से संगठन की आवाज और अधिक बुलंद होगी। यह गौरतलब है कि संगठन 28 राज्यों और 15 देशों में राष्ट्रवादी सेवाएं प्रदान कर रहा है। यह संगठन भारत के तिरंगे के प्रति सम्मान और देशभक्ति को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है।

## नागरिकता कौशल के अंतर्गत बाल संसद गठन का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**चाकसू/जयपुर ।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कादेड़ा में बाल संसद का गठन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों को प्रधानमंत्री चुनाव प्रक्रिया को समझाया जा रहा है। बाल संसद का कार्यकाल एक वर्ष का होता है। शिक्षा मंत्री और उप शिक्षा मंत्री के पद पर छात्राओं का चयन किया जाएगा। इस प्रक्रिया में कक्षा 1 और 2 को छोड़कर, सभी कक्षाओं से सांसदों का चयन किया जाएगा। सांसदों का कार्यकाल एक शैक्षणिक सत्र का होगा। बाल संसद में 11 मंत्रिपद होंगे, जिनमें से मंत्री चुनने का कार्य सर्वसम्मति से किया जाएगा। बाल संसद विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है। इससे जीवन कौशल, नेतृत्व क्षमता, निर्णय लेने की क्षमता में वृद्धि होगी, और विद्यालय की गतिविधियों एवं प्रबंधन में उनकी भागीदारी भी बढ़ेगी।

## स्कूल ड्रेस में नाबालिग छात्रा का अपहरण

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** मुरलीपुरा थाना इलाके में स्कूल जाने के दौरान नाबालिग छात्रा के अपहरण का मामला सामने आया है। छात्रा स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी। छुट्टी होने के बाद भी घर नहीं लौटने पर अपहरण का पता चला। पुलिस ने मामला दर्ज कर नाबालिग स्कूल छात्रा की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि मुरलीपुरा निवासी एक महिला ने मामला दर्ज करवाया कि उनकी नाबालिग बेटी प्राइवेट स्कूल में पढ़ती है।

हिस्ट्रीशीटर राहुल नंदा के घर पर फायरिंग मामला

## फरार बीस हजार रुपए का इनामी हनी टाइगर सहित दो बदमाश गिरफ्तार, वारदात में प्रयुक्त एक देशी कट्टा व कार की बरामद

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** जवाहर नगर थाना इलाके में हिस्ट्रीशीटर राहुल नंदा के घर पर फायरिंग करने के मामले में मुख्य अभियुक्त व उसके साथी को पुलिस ने दबोच लिया। हनी टाइगर पर बीस हजार रुपए का इनाम था। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि 29 नवम्बर की रात करीब 12 बजे सिंधी कॉलोनी जवाहर नगर निवासी हिस्ट्रीशीटर राहुल नंदा के घर पर कुलदीप गहलोत, हनी टाइगर सहित उनके साथी कार में सवार होकर पहुंचे और डरा धमकाने व जान से मारने की नियत से घर के बाहर फायरिंग की। इस मामले में पुलिस पूर्व में इस गैंग के सक्रिय पांच बदमाशों को गिरफ्तार कर चुकी है। घटना के बाद से मुख्य अभियुक्त आचित्य सिंह उर्फ हनी टाईगर व कुलदीप गहलोत उर्फ कालू फरार चल रहे थे। मुख्य आरोपी आचित्य सिंह उर्फ हनी टाइगर की गिरफ्तारी पर 20 हजार रुपए का इनाम घोषित था। पुलिस टीम द्वारा बदमाशों की तलाश में राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश आदि राज्यों में की गई। आरोपियों का पूर्व का आपराधिक रिकॉर्ड प्राप्त किया जाकर उनकी गैंग के साथियों से पूछताछ की गई। आरोपी आचित्य सिंह उर्फ हनी टाइगर गठित टीम द्वारा दी जा रही दबिश से घबराकर जयपुर आ रहा था। इस सूचना पर ट्रांसपोर्ट नगर बस स्टेंड से आरोपी को पकड़ लिया। आरोपी से वारदात में प्रयुक्त एक देशी कट्टा भी बरामद कर लिया।

## निर्माणाधीन भवन की चौथी मंजिल से गिरकर मजदूर की मौत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** मानसरोवर थाना इलाके में एक निर्माणाधीन बिल्डिंग की चौथी मंजिल से गिरकर मजदूर की मौत हो गई। मृतक प्लम्बर का काम करते समय पैर फिसलने से नीचे गिरकर वह घायल हो गया था। मृतक के भाई ने लापरवाही के चलते मौत होने का मामला दर्ज करवाया है। जांच अधिकारी एएसआई राजकुमार ने बताया कि हादसे में मध्य प्रदेश के शिवपुरी निवासी जीतू जाटव (29) की मौत हो गई। सितम्बर-2024 में वह प्लंबर का काम करने जयपुर आया था। मानसरोवर की ग्रीन विलास कॉलोनी में निर्माणाधीन बिल्डिंग में ठेकेदार के पास प्लम्बर का काम कर रहा था। 5 अक्टूबर को निर्माणाधीन बिल्डिंग की चौथी मंजिल पर काम करते समय पैर फिसलने से अनियंत्रित होकर नीचे ग्राउंड फ्लोर पर आ गिरा।

## स्कूल के बाहर खड़ी महिला से बाइक सवार बदमाश छीन ले गए मोबाइल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** शिप्रापथ थाना इलाके में एक स्कूल के बाहर दिन-दहाड़े महिला से लूट का मामला सामने आया है। महिला स्कूटी पर बैठकर मोबाइल देख रही थी। इसी दौरान बाइक सवार बदमाश झपट्टा मारकर मोबाइल छीन ले गए। पुलिस ने नाकाबंदी करवाई, लेकिन बाइक सवार लुटेरों का सुराग नहीं लगा। पुलिस वारदात स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल गुमान सिंह ने बताया कि मोबाइल स्नेचिंग की वारदात मांग्यावास मानसरोवर निवासी अनुपम शर्मा (37) के साथ हुई। वह अरावली मार्ग पर महर्षि अरविंद स्कूल के बाहर स्कूटी पर बैठकर मोबाइल देख रही थी।

## मेडिकल वर्ल्ड ,कॉर्पोरेट वर्ल्ड और स्टार्ट अप के चैंपियन एस के वर्ल्ड हेल्थ एंड वेलनेस फेस्ट में होंगे सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** संस्कृति युवा संस्था द्वारा एसके फाइनेंस के सहयोग से 21-22 दिसंबर को आयोजित होने वाले चौथे एसके वर्ल्ड हेल्थ एंड वेलनेस फेस्ट को लेकर तैयारियां जारी है। हेल्थ और वेलनेस के सितारों के इस महाकुंभ में विभिन्न ज्ञानपरक और मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। फेस्टिवल के सह-संस्थापक नरिशंत शर्मा और मुकेश मिश्रा ने बताया कि फेस्ट में वर्ल्ड क्लास एक्सपर्ट्स के साथ हेल्थ एंड वैलनेस के सेशंस, कॉपोरेट हेल्थ एंड वैलनेस कॉन्क्लेव, बॉलीवुड सेलेब सेशंस, स्टार्ट वेल स्टार्ट अप फेस्ट, आनंदमय योगा, चैस और आर्म रेसलिंग, किड्स मैराथन, हैल्थ और लाइफस्टाइल एग्जीबिशन और फूड स्टॉल्स और साहित्य की सुगंध से सराबोर करने वाली मजलिस शाम ए शब्द के साथ महफिल सजेगी। इसी के साथ कबीर बैंड की प्रस्तुति फेस्ट में चार चांद लगाएगी। इतना ही नहीं फेस्ट में हेल्थ और वेलनेस सेक्टर में बेहतर कार्य करने वालों को ग्लोबल हेल्थ चैंपियन अवॉर्ड, स्टार्ट अप हेल्थ चैंपियन अवॉर्ड, कॉपोरेट हेल्थ एंड वेलनेस अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। अवॉर्ड नोमिनेशन के लिए फेस्टिवल की मेल आईडी पर मेल कर सकते हैं।

# एमएसएमई कॉन्क्लेव में ब्यावर से 81 सदस्यीय दल ने किया जिले का प्रतिनिधित्व

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( नि.स. )।** लघु उद्योग भारती मुख्य इकाई और महिला इकाई के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को 11 दिसंबर को राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट सम्मिट के तहत आयोजित हुए एमएसएमई कॉन्क्लेव में 81 सदस्यों ने सहभागिता की । इकाई अध्यक्ष सचिन नाहर ने बताया कि लघु उद्योग भारती के 81 सदस्य प्रशासन द्वारा उपलब्ध करवाई गई 2 बसों में एवं अपने-अपने निजी वाहनों से सीतापुरा स्थित जयपुर कन्वेंशन सेंटर पर पहुंचे ।

प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अजय खंडेलवाल ने बताया कि कार्यक्रम को केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, भजनलाल, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी सहित लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष घनश्याम ओझा, राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रकाश चंद्र सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया ।

**'जहां ना पहुंचे रेलगाड़ी, वहां पहुचे बैलगाड़ी, जहां ना पहुंचे बैलगाड़ी, वहां पहुचे मारवाड़ी'**

इन वक्तव्य के साथ सभी ने मारवाड़ी उद्यमिता की प्रशंसा की और राजस्थान में शीघ्र ही औद्योगिक विकास हेतु और अधिक अनुकूल माहौल बनाने के लिए आश्वस्त किया । साथ ही इस बारे में सरकार के द्वारा जारी की गई 10 नवीन नीतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी । सचिव विजय मेहता ने बताया कि लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष घनश्याम ओझा ने मिनरल का कच्चा माल बिना प्रोसेसिंग हुए राजस्थान से बाहर नही जाए, इसके लिए आवश्यक नीति बनाने की पुरजोर तरीके से मांग की । इस कार्यक्रम के पश्चात लघु उद्योग भारती के पूरे दल ने सोहन सिंह स्मृत्ति कौशल विकास केंद्र के लोकार्पण कार्यक्रम में भी भाग लिया ।



इसका निर्माण सीतापुरा में 35 करोड़ की लागत से किया गया है । इस कौशल विकास केंद्र के सात मंजिला भवन में 500 छात्रों को एक साथ पढ़ाने की निःशुल्क व्यवस्था की गई है और कुल निर्माण 1,25,000 स्क्वायर फिट किया गया है । यहां 170 छात्रों के ठहरने की व्यवस्था भी की गई है । इस कौशल विकास केंद्र का संचालन नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन एवं आईआईएम मुंबई से किये गए एमओयू के तहत किया जा रहा है । विशेष बात ये है कि इस स्किल डेवलपमेंट सेंटर में आज 11 दिसंबर के शुभारंभ के साथ ही 4 कोर्स प्रारंभ हो गए हैं। इस केंद्र से शीघ्र ही उद्योगों को तकनीकी रूप से दक्ष कार्मिक उपलब्ध होने लग जाएंगे ।

जिला पालक अधिकारी प्रकाश अम्बूरे, जिला अधिकारी दीपक झवर, कार्यक्रम संयोजक आशीष झवर, अनिकेत अम्बूरे, विशाल काबरा, हेमंत रांका, हर्षित भंसाली, दिलीप गोयल, चन्दन बंसल, आनंद वशिष्ठ, शशांक बंसल भी जयपुर गए। महिला इकाई सचिव उर्वशी भारद्वाज, कोषाध्यक्ष रश्मि खंडेलवाल, छाया अम्बूरे, नलिनी गोयल, सुनीता जैन ने भी जयपुर कार्यक्रम में भाग लिया ।

## रन फॉर विकसित राजस्थान से होगी राज्य सरकार के वर्षगांठ कार्यक्रमों की शुरूआत

### राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान से शुरू होगी रन फॉर विकसित राजस्थान, युवा सम्मेलन-रोजगार उत्सव का होगा आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार वर्तमान राज्य सरकार का एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 12 से 17 दिसम्बर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। कार्यक्रमों की शुरूआत गुरूवार 12 दिसम्बर को प्रातः 08 बजे रन फॉर विकसित राजस्थान से होगी। प्रातः 11 बजे युवा सम्मेलन/रोजगार उत्सव का आयोजन होगा। दोपहर 01 बजे नगर परिषद परिसर में प्रभारी मंत्री द्वारा जिला स्तरीय विकास प्रदर्शनी का शुभारम्भ किया जायेगा। जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल के अनुसार 12 दिसम्बर को प्रातः 08 बजे रन फॉर विकसित राजस्थान का आयोजन किया जायेगा। रन फॉर विकसित राजस्थान राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय के मैदान से रवाना होकर एलबीएस कॉलेज पहुंचेगी। इसके पश्चात प्रातः 11 बजे युवा सम्मेलन/रोजगार उत्सव का आयोजन राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय के सभागार में होगा। राजस्व, उपनिवेशन एवं सैनिक कल्याण राज्य मंत्री व जिला प्रभारी मंत्री विजय सिंह चौधरी और रिको विभाग के एमडी एवं जिला प्रभारी सचिव इंद्रजीत सिंह कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। दोपहर 01 बजे जिला प्रभारी मंत्री विजय सिंह चौधरी द्वारा नगर परिषद परिसर में जिला स्तरीय विकास प्रदर्शनी का शुभारम्भ किया जायेगा। जिला प्रभारी मंत्री द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन और जिला विकास पुस्तिका का विमोचन करने के पश्चात प्रैस वार्ता की जायेगी। जिसके पश्चात सायं 04 बजे जिला प्रभारी मंत्री जयपुर के लिए रवाना होंगे। इसी प्रकार 13 दिसम्बर को राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रातः 11 बजे किसान सम्मेलन, 14 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे महिला सम्मेलन, 15 दिसम्बर को दोपहर 2.30 बजे अंत्योदय सेवा शिविर का आयोजन होगा। वहीं 17 दिसम्बर को दोपहर 12.30 बजे प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में लोकार्पण व शिलान्यास कार्यक्रम और लाभार्थी संवाद कार्यक्रम का आयोजन होगा।

## जिला मुख्यालय के विभिन्न राजकीय कार्यालयों व विभागों का आकस्मिक निरीक्षण

### 52 राजपत्रित में से 19 अधिकारी व 198 अराजपत्रित में से 67 कर्मचारी मिले अनुपस्थित

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय विभाग शासन सचिव के निर्देशानुसार शासन उप सचिव एवं अतिरिक्त निदेशक (निरीक्षण) रमेश चन्द परेवा के नेतृत्व में राज्य स्तरीय निरीक्षण दल के सदस्य अनुभागाधिकारी महेन्द्र कुमार सरावता व सहायक अनुभागाधिकारी चेनाराम भदाला एवं दयाराम गुर्जर द्वारा बुधवार को 09.45 बजे जिला मुख्यालय कोटपूतली-बहरोड़ के विभिन्न राजकीय कार्यालयों व विभागों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला मुख्यालय के विभिन्न राजकीय कार्यालयों व विभागों की संधारित 28 उपस्थिति पंजिकायें मौके पर ही जप्त की गई। कुल 52 राजपत्रित में से 19 राजपत्रित अधिकारी अनुपस्थित पाये गये जो कि प्रतिशत की दृष्टि से 36.53 प्रतिशत है एवं कुल 198 अराजपत्रित कर्मचारियों में से 67 कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये जो कि प्रतिशत की दृष्टि से 33.83 प्रतिशत हैं।

# राज्य सरकार की पहली वर्षगांठ पर आज से चलेगा आयोजनों का दौर

### 12 से 17 दिसंबर तक भव्य कार्यक्रमों का होगा आयोजन, शुक्रवार को राज्यमंत्री श्री विजय सिंह करेंगे शिरकत

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद ( नि.स. )।** राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार सुबह जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा और जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा ने सूचना केंद्र परिसर में व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निर्धारित कार्यक्रम अनुसार 12 दिसंबर को रन फॉर विकसित राजस्थान का आयोजन सुबह 8 बजे बालकृष्ण स्टेडियम, कांकरोली में किया जाएगा। इसके बाद सुबह 10 बजे सूचना केन्द्र में जिला विकास प्रदर्शनी का उद्घाटन होगा और 11 बजे अणुव्रत विश्व भारती सभागार में युवा एवं रोजगार सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। 13 दिसंबर को सुबह 11 बजे अणुव्रत विश्व भारती सभागार में किसान सम्मेलन आयोजित होगा। इसी दिन दोपहर 1 बजे राज्य मंत्री विजय सिंह के मुख्य आतिथ्य में सूचना केंद्र में जिला विकास पुस्तिका और सुजस विशेषांक का विमोचन किया जाएगा। इसके बाद राज्यमंत्री राज्य सरकार की उपलब्धियों पर प्रेस वार्ता करेंगे।14 दिसंबर को सुबह 11 बजे महिला सम्मेलन और 15 दिसंबर को सुबह 11 बजे अणुव्रत सेवा शिविर का आयोजन अनुपम विश्व भारती सभागार में होगा। कार्यक्रमों की श्रृंखला का समापन 17 दिसंबर को सुबह 11 बजे दादिया जयपुर में माननीय प्रधानमंत्री महोदय के मुख्य आतिथ्य में हो रहे लोकार्पण और शिलान्यास समारोह सहित अन्य कार्यक्रमों का लाइव टेलीकास्ट होगा।इन सभी आयोजनों में जिले के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और आम जनता की भागीदारी से विकास कार्यों को नई दिशा और प्रेरणा मिलेगी। जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने सभी नागरिकों से इन कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।

## कंपोजर और सिंगर हिमेश रेशमिया पहुंचे नाथद्वारा

### सपरिवार श्रीनाथजी मंदिर में राजभोग झांकी की के दर्शन, बड़ी संख्या में प्रशंसक भी पहुंचे मंदिर



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** नाथद्वारा नगर में बुधवार को जाने-माने सिंगर, म्यूजिक कंपोजर ओर अभिनेता हिमेश रेशमिया ने सपरिवार श्रीनाथजी के दर्शन किए । रेशमिया अपने माता पिता व परिवार वालों के साथ नाथद्वारा पहुँचे थे, उन्होंने प्रभु श्रीनाथजी की राजभोग झांकी के दर्शन किए, जिसके बाद मंदिर परंपरा अनुसार उनका स्वागत किया गया, इस दौरान लोगों ने उनके साथ सेल्फियां खिंचवाई व ऑटोग्राफ लिए । उन्होंने बताया कि नाथद्वारा आना उन्हें अच्छा लगता है और यहाँ श्रीनाथजी के दर्शन कर मन को सुकून मिलता है, वे कामयाबी पाने से पहले से यहाँ अपने परिवार के साथ आते रहे है ओर प्रभु की कृपा से ही उन्होंने आज ये मुकाम हासिल किया है, उन्होंने बताया कि कुछ दिनों में ही उनकी एक ओर फ़िल्म आने वाली है और जल्द ही उसका प्रोमो रिलीज हो जाएगा । दर्शनोपरांत वे उदयपुर के लिए प्रस्थान कर गए ।

## नारायण लाल गुर्जर ने रियाद में किया भारत का प्रतिनिधित्वः बोले- प्रकृति बहुत शक्तिशाली, सही दिशा में कदम उठाने पर ही हमारा साथ देगी

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद( सुरेश बागोरा )।** राजसमंद के नारायण लाल गुर्जर ने सउदी अरब के रियाद में आयोजित कोप 16 में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए बतौर स्पीकर पार्सिपेट किया। उन्होंने हमारी भूमि हमारा भविष्य पर अपने विचार रखे। मूलत राजसमंद के पास छोटे से गांव केरड़ी के नारायण लाल गुर्जर इएफ पोलीमर के संस्थापक व सीईओ हैं। गुर्जर ने रियाद यूएई में यूनएनसीसीडी द्वारा आयोजित 16 वे सम्मेलन कोप 16 में भाग लिया।यह सम्मेलन रियाद में 2 से 13 दिसम्बर तक आयोजित किया जा रहा है। कोप 16 के दौरान नारायण लाल गुर्जर ने 197 पार्टियों (196 देशों और यूरोपीय संघ) के नेताओं, नीति-निर्माताओं और हितधारकों के साथ चर्चा करते हुए भूमि क्षरण और शुष्क भूमि के प्रभावों से निपटने के लिए प्रभावी समाधान और साझेदारी पर विचार व्यक्त किए।नारायण लाल ने कोप 16 में कहा कि सम्मेलन का विषय - हमारी भूमि हमारा भविष्य- भूमि संसाधनों को बचाने और भविष्य की पीढ़ियों के लिए इसे बहाल करने की आवश्यकता को दर्शाता है। प्रकृति बहुत शक्तिशाली है। इसे हमारे समर्थन की आवश्यकता नहीं है। अब हम जो कुछ भी कर रहे हैं, यह हमारे लिए है। अगर हम खुद को या अगली पीढ़ी को सुरक्षित रखना चाहते हैं, तो हमें कार्रवाई करने की जरूरत है, हम दुनिया को नहीं बदल सकते। जिसके लिए छोटे बदलावों से शुरुआत करें, परिणामोन्मुख होने के बजाय, सही दिशा में पहला कदम उठाएं तभी प्रकृति हमारा साथ देगी।



## सोशल मीडिया पर फायरिंग करने का वीडियो वायरल

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद( सुरेश बागोरा )।** राजसमंद के खमनोर पंचायत समिति क्षेत्र स्थित उथनौल ग्राम पंचायत के सरपंच जितेंद्र सिंह का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। इस वीडियो में सरपंच जितेंद्र सिंह हथियार हाथों में लेकर हवाई फायर करते नजर आए। यह वीडियो किसी शादी समारोह का प्रतीत होता है लेकिन कब का है ? इस संबंध में कोई जानकारी नहीं मिल पाई। जानकारी के अनुसार सरपंच जितेंद्र सिंह ने खुद अपने इंस्टाग्राम और फेसबुक अकाउंट पर यह वीडियो पोस्ट किया था। इस संबंध में पुलिस एवं प्रशासन द्वारा अब तक कोई एक्शन नहीं लिया गया है वहीं राजनीतिक हलको में खुसर फुसर शुरू हो गई है।

## रन फॉर विकसित राजस्थान से होगा राज्य सरकार के एक वर्ष के उत्सव का आगाज

बढ़ता राजस्थान

**चूरू (सुरेश लाटा)।** राज्य सरकार के वर्तमान कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में जिले में होने वाले कार्यक्रमों में जिला प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत, जिला प्रभारी सचिव भास्कर ए सावंत सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी शिरकत करेंगे। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने सभी कार्यक्रमों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त कर सभी संबधित अधिकारियों को कार्यक्रम के बेहतरीन एवं सफल आयोजन के निर्देश प्रदान किए हैं। एडीएम अर्पिता सोनी ने बताया कि 12 दिसंबर गुरुवार को सवेरे 6 बजे रन फॉर विकसित राजस्थान मैराथॉन तथा सवेरे 8 बजे रन फॉन विकसित राजस्थान रैली का आयोजन किया जाएगा। इसी दिन सवेरे 10 बजे सूचना केंद्र में जिला स्तरीय विकास प्रदर्शनी का आयोजन होगा। गुरुवार को ही सवेरे 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक जिला मुख्यालय स्थित टाऊन हॉल में युवा सम्मेलन, रोजगार उत्सव का आयोजन होगा। प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत के मुख्य आतिथ्य में होने वाले इस कार्यक्रम में स्कूली विद्यार्थियों को साइकिल तथा कॉलेज विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप एवं स्कूटी वितरण किया जाएगा।

साथ ही जिला विकास पुस्तिका का विमोचन, कोड चूरू का उद्घाटन, आइडियाथॉन, हेरिटेज वॉक, वेस्ट टू वंडर पार्क और पब्लिक पार्क पुस्तकालयों का उद्घाटन होगा। इसी दिन प्रभारी मंत्री द्वारा नेचर पार्क में पंच गौरव का शुभारंभ किया जाएगा। नेचर पार्क में पंच गौरव से संबंधित स्टॉल व प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

## कार्यालय नगर पालिका मण्डल, किशनगढ़-रेनवाल (जिला) जयपुर

क्रमांक / न.पा.कि.रे / विकास / 24-25 / 2944 दिनांक 10.12.2024

**-: निविदा सूचना 8/2024-2025 :-**

नगर पालिका कि0रेनवाल द्वारा विकास शाखा से कार्य करवाने हेतु दिनांक 18.12.2024 को बोली आमन्त्रित की जा रही है। उक्त कार्यों की अमानता राशि, बिड की शर्तें आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in पर अथवा अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में देखी जा सकती है। UBN NO :- DLB2425WSOB13111

राज.संवाद / सी / 24 / 8914 अध्यक्ष अधिशाषी अधिकारी




## दिनेश सिंह राठौड़ को मातृ शोक

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** कस्बे के गौशाला रोड़ निवासी पत्रकार दिनेश सिंह राठौड़ की माता श्रीमती कौशल्या देवी पत्नी स्व. हनुमान सिंह राठौड़ का मंगलवार को करीब 82 वर्ष की आयु में निधन हो गया। जिनका ट्रक यूनियन के पीछे स्थित श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया। वे अपने पीछे पुत्र पत्रकार दिनेश सिंह राठौड़ व अमरसिंह, पौत्र राजेश, डॉ. मनमोहन, भगतसिंह, कमल, कृष्ण, डॉ. नृपेन्द्र व ऋ तिक सहित भरा पूरा परिवार छोडकर गई हैं। उनके निधन पर क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोगों ने उनके निवास पर जाकर शोक जताते हुये परिजनों को ढ़ांढ़स बंधाया।

## कार्यालय अधिशाषी अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड अलीगढ़

क्रमांक : 2524-29 दिनांक : 04/12/2024

| विवरण | पूर्व में प्रकाशित तिथियां | संशोधित तिथियां |
|---|---|---|
| निविदा फार्म डाउनलोड / अपलोड करने की तारीख | 02.12.2024 प्रात: 10:00 बजे से 16.12.2024 सायं 06.00 बजे तक | 02.12.2024 प्रात: 10:00 बजे से 20.12.2024 सायं 06.00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा शुल्क / धरोहर राशि फार्म जमा कराने की तारीख | 02.12.2024 प्रात: 10:00 बजे से 16.12.2024 सायं 06.00 बजे तक | 02.12.2024 प्रात: 10:00 बजे से 20.12.2024 सायं 06.00 बजे तक |
| ऑन लाईन तकनीकी निविदा खोलने की तारीख | 17.12.2024 दोपहर 2.00 बजे | 23.12.2024 दोपहर 2.00 बजे |

| कार्य का नाम | पूर्व में प्रकाशित राशि | | | संशोधित प्रकाशित राशि | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | अनुमानित लागत निर्माण कार्य ( लाखों में ) | धरोहर राशि प्रतिशत में | | अनुमानित लागत निर्माण कार्य ( लाखों में ) | धरोहर राशि प्रतिशत में | |
| | | 2% | 1/2% | | 2% | 1/2% |
| Construction of Ayurved Dispensary at Satwada | 17.26 | 34536 | 8634 | 15.42 | 30850 | 7712 |
| Construction of Ayurved Dispensary at Kunder | 17.26 | 34536 | 8634 | 15.42 | 30850 | 7712 |

निविदा की शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

NIB Code PWD2425A3073
UBN No. PWD2425WSOB11316
UBN No. PWD 2425WSOB11317

(भगवान सिंह मीना)
अधिशाषी अभियंता
सा.नि.वि. खण्ड अलीगढ़
मो.नं. 9166655510

## सम्पादकीय

# राहुल गांधी लड़ते क्यों नहीं हैं ?

2024 के लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी दलों द्वारा बनाया गया इंडिया गठबंधन अब बिखरता हुआ नजर आने लगा है। लोकसभा चुनाव में पीएम नरेंद्र मोदी की पार्टी भाजपा का रथ 240 पर रोकने से उत्साहित विपक्षी दल के नेता ही नहीं बल्कि उनके नेता और कार्यकर्ताओं तक को लगने लगा था कि यह सरकार अब पहले की तरह अड़ कर काम नहीं पाएगी। लेकिन हर गुजरते महीने के साथ ही विपक्षी नेताओं का यह भ्रम टूटता हुआ सा नजर आने लगा है। लोकसभा चुनाव में अपनी पार्टी कांग्रेस को 99 सीटों पर जीत दिलाकर राहुल गांधी ने अपने नेतृत्व को जिस अंदाज में स्थापित करने की शुरुआत की थी, वह विश्वास भी अब दरकता हुआ नजर आ रहा है। राहुल गांधी और कांग्रेस के नेतृत्व को अप्रत्यक्ष तरीके से स्वीकार कर लेने वाले अखिलेश यादव, ममता बनर्जी, शरद पवार, उद्धव ठाकरे और तेजस्वी यादव जैसे नेताओं के विचार भी अब बदलते हुए नजर आने लगे हैं।

लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद राहुल गांधी के नेतृत्व को लेकर जो स्वीकार्यता बढ़ती हुई नजर आने लगी थी, उसे हरियाणा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजों ने पूरी तरह से चकनाचूर कर दिया है। झारखंड में विपक्षी इंडिया गठबंधन को फिर से सरकार बनाने में कामयाबी तो मिल गई है लेकिन इसका पूरा श्रेय जेएमएम नेता और राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जा रहा है। लेकिन महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महाविकास अघाड़ी गठबंधन को मिली हार का ठीकरा एक तरह से राहुल गांधी पर ही फोड़ा जा रहा है जबकि इस गठबंधन में महाराष्ट्र की राजनीति के दिग्गज नेता माने जाने वाले शरद पवार और बालासाहेब ठाकरे की विरासत पर दावा करने वाले उद्धव ठाकरे भी शामिल हैं।

हरियाणा विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस के सहयोगी जो बातें दबी जुबान में कह रहे थे, महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद वही बातें खुल कर कहने लगे हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस की नेता ममता बनर्जी ने खुल कर इंडिया गठबंधन का नेतृत्व करने की अपनी इच्छा जाहिर कर दी है। इससे पहले उन्ही की पार्टी के सांसद कल्याण बनर्जी राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए यह कह चुके हैं कि कांग्रेस लगातार चुनाव हार रही है, कांग्रेस ने अपने परफॉर्मेंस से इंडिया गठबंधन को निराश कर दिया है। कल्याण बनर्जी तो यहां तक बोल गए कि कांग्रेस को अपना अहंकार त्याग कर ममता बनर्जी को अपना नेता मान लेना चाहिए।

समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव भी कई बार इशारों-इशारों में और कई बार खुलकर कांग्रेस के रवैये पर सवाल उठा चुके हैं। उनके चाचा रामगोपाल यादव ने तो राहुल गांधी पर खुलकर हमला बोलते हुए यहां तक कह दिया कि वे इंडिया गठबंधन के नेता नहीं हैं। उद्धव ठाकरे, पहले से ही राहुल गांधी से नाराज हैं कि अपने वादे के मुताबिक कांग्रेस नेता ने विधानसभा चुनाव के समय उन्हें महाविकास अघाड़ी की तरफ से मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित नहीं किया। दरअसल, इंडिया गठबंधन में शामिल क्षेत्रीय दलों के नेताओं को अब अपने अस्तित्व का डर सताने लगा है। उनके मन में यह बात बैठती जा रही है कि राहुल गांधी लड़ नहीं पाते हैं।

# क्या संसद के शीतकालीन सत्र में ठोस मुद्दे गुम है और में बात का बतंगड़ वाले मुद्दे ज्यादा है!

**देश में प्रदूषण, आतंकवाद, सड़क सुरक्षा और निर्माण संबंधी खतरे जैसे प्रमुख मुद्दे हैं, जिन्हें सार्वजनिक हित के मुद्दे कहा जा सकता है। इन मुद्दों को कानूनी ढांचे के भीतर हल किया जा सकता है, लेकिन आज देश में हर जगह परिवारवाद, भाई-भतीजावाद, जातिवाद, आतंकवाद, क्षेत्रवाद, बढ़ती जनसंख्या, महंगाई, बेरोजगारी, जमाखोरी, भ्रूण हत्या, मानव तस्करी, बलात्कार और भ्रष्टाचार जैसी गंभीर समस्याएं बढ़ रही हैं। इन समस्याओं पर नियंत्रण करना बहुत जरूरी है। देश के अंदर किसान लगातार आत्महत्या कर रहे हैं, उनकी फसलें बर्बाद हो रहीं हैं। सड़कों पर दूध और सब्जियां फेंकी जा रही हैं, लेकिन इन मुद्दों पर संसद के अंदर गंभीर चर्चा नहीं होती है।**

**अशोक भाटिया**



संसद का शीतकालीन सत्र चल रहा है। 25 नवंबर से शुरू हुआ सत्र अब तक काम से ज्यादा व्यवधान के लिए सुर्खियों में रहा है। विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच गतिरोध जारी है। किसी दिन 10 मिनट तो किसी दिन 15 मिनट सदन चला। आखिर इस गतिरोध के पीछे की वजह क्या है? इससे जनता से जुड़े मुद्दों का कितना नुकसान हो रहा है । ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि संसद चल नहीं पा रही है। सिर्फ दो तीन मुद्दे हैं जो महाराष्ट्र चुनाव में उठाए गए थे। वही फिर से दोहराए से जा रहे हैं। जो नारे और जो मुद्दे चुनावी भाषणों में उठाए जा रहे थे, वही सदन में उठाए जा रहे हैं। लोग सकारात्मक बहस देखना और सुनना चाहते हैं। इसमें जितना विपक्ष जिम्मेदार है, उतना ही सत्तापक्ष भी जिम्मेदार है। सदन में ऐसी बातें हो रही हैं, जिनका देश के लोगों से कोई सरोकार नहीं है। पहले यह होता था कि विपक्ष विमर्श से सत्तापक्ष को झुका देता था। प्रश्न यह है कि क्या सांसदों का उद्देश्य सिर्फ संसद को बाधित करना होता है। आजकल यह होता है कि हंगामा जिसने जितना बड़ा कर लिया, वो ज्यादा ताकतवर समझा जा रहा है। ऐसा मत समझिए कि जनता सिर्फ श्रीराम और अल्लाह के नाम पर वोट करती है। सबके जीवन में बुनियादी जरूरतें होती हैं। इसमें सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की जिम्मेदारी है। गंभीर टिप्पणी करने के लिए बहुत अध्ययन की जरूरत होती है, जो आज के जनप्रतिनिधियों में दिखाई नहीं देती है।

सांसदों को भान होना चाहिए कि भारतीय संसद, देश की सर्वोच्च विधायिका, जो जनता की आवाज को बुलंद करने और उनके मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श करने के लिए स्थापित की गई थी, पर सांसद आज जनता के मुद्दों को छोड़ दूसरे विषयों पर चर्चा करने में ज्यादा वक्त जाया कर रही है। यानी भारत की लोकतांत्रिक प्रणाली में जो संसद एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, वहां पिछले कुछ वर्षों में आम जनता से जुड़े मुद्दों पर चर्चा अपेक्षाकृत कम हो गई है। इसका मुख्य कारण राजनीतिक दलों के बीच बढ़ता टकराव और विभिन्न विवादास्पद मुद्दों पर ज्यादा ध्यान दिया जाना है। देशहित में बड़े-बड़े मुद्दों पर बहस होती है, जिसमें धर्म, संस्कृति और समाज का महत्व शामिल होता है, लेकिन इन तमाम चर्चाओं के बीच, आम जनता के वास्तविक मुद्दे जैसे कहीं खो जाते हैं। विडंबना यह है कि देश की एकता, अखंडता, संविधान और संप्रभुता को बनाए रखने की बात तो की जाती है, लेकिन आम जनता के दुख, पीड़ा और उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जाता। निश्चित रूप से यह स्थिति चिंताजनक है और इसका निराकरण जरूरी है। मगर, संसद में बहस और चर्चा के लिए फुर्सत नहीं निकाल पाना भी एक बड़ी समस्या बन गई है। कई बार महत्वपूर्ण विधेयकों को जल्दबाजी में पारित किया जाता है, जिससे व्यापक चर्चा और जनता की आवाज सुनी नहीं जाती। इससे आम जनता के मुद्दों पर सार्थक बहस की संभावना कम हो जाती है। इसके अलावा, सांसदों का व्यक्तिगत एजेंडा और राजनीतिक दलों की प्राथमिकताएं भी आम जनता के मुद्दों पर कम ध्यान देने का कारण बन जाती हैं। कई बार सांसद अपने निर्वाचन क्षेत्रों से जुड़े मुद्दों को उठाने के बजाय, राष्ट्रीय राजनीति और पार्टी के हितों पर ज्यादा ध्यान केंद्रित करते हैं। झांसी की घटना को वहां के सांसद ने अब तक नहीं उठाया क्योंकि वो भाजपा से हैं और राज्य में भाजपा की सरकार है। दु:ख इसी बात का है कि उन मुद्दों पर पर्याप्त चर्चा नहीं हो पाती, जो आम जनता के जीवन को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करते हैं। संसद में विभिन्न मुद्दों पर बहस होती है, जिसमें राजनीति, धर्म और सामाजिक विषयों पर जोर दिया जाता है। ये बहस आवश्यक है, क्योंकि ये देश की दिशा और दशा को निर्धारित करती है, लेकिन क्या यह पर्याप्त है? संसद में रोटी, कपड़ा, मकान के अलावा भी कई बुनियादी समस्याएं हैं, जिन्हें सुलझाने की जरूरत है।

कहीं गंदगी का अंबार लगा है, पीने का पानी नहीं है, कहीं सड़क टूटी है तो कहीं सड़क ही नहीं है। बिजली, परिवहन, स्कूल, अस्पताल, पार्क जैसी कई बुनियादी सुविधाओं की मांग को लेकर भी सवाल उठाए जाते हैं, लेकिन उसको कोई तवज्जो नहीं दी जाती है। अलग-अलग क्षेत्रों की समस्याएं भी अलग होती हैं, जिन पर क्षेत्रीय सांसदों का ध्यान केंद्रित होना चाहिए। यह भी सच है कि कई सांसद अपने हिस्से की निधि का पूर्ण उपयोग नहीं कर पाते। इसके बावजूद विपक्ष ने संसद के अंदर जनता के मुद्दों को बुलंद करने की कोशिश की है। यह आवश्यक है कि सभी पार्टियां, चाहे वे सत्ता में हों या विपक्ष में, जनता के मुद्दों को प्राथमिकता दें और उनके समाधान के लिए प्रयासरत रहें। भारत में बेरोजगारी, महंगाई और अन्य सामाजिक समस्याएं, जैसे कि पेपर लीक, किसानों की समस्याएं, और सीमा पर चीन से मिलने वाली चुनौतियां, ऐसे मुद्दे हैं, जिन पर संसद में चर्चा होना जरूरी है। संसद के मानसून सत्र में आरक्षण, वक्फ बोर्ड और अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई, लेकिन जनता के कई मुद्दे गौण हो गए, हालांकि सरकार ने रोजगार बढ़ाने और सृजन करने की मंशा व्यक्त की है, लेकिन वास्तविकता यह है कि भारत जैसे विकासशील देश में रोजगार की समस्या अभी भी प्रमुख है। युवाओं में कौशल और प्रशिक्षण की कमी, बेरोजगारी का एक मुख्य कारण है। सरकार ने बजट में युवाओं में उचित कौशल विकसित करने का लक्ष्य रखा है, जिसके लिए शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास को प्राथमिकता दी गई है। यदि, भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है, तो युवाओं को रोजगार प्रदान करना एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इसके विपरीत, कई विवादास्पद मुद्दों के कारण सांप्रदायिक माहौल बिगड़ रहा है, जो देश की अखंडता के लिए खतरनाक है। राजनीतिक दल भी जनहित के मुद्दों पर चर्चा करने से बचते हैं। पार्षद, विधायक और सांसद अपने क्षेत्रों के विकास पर ध्यान देने के बजाय पार्टी लाइन से चली बड़ी-बड़ी बातें करने में व्यस्त रहते हैं। ऐसा लगता है कि सभी पार्टियों ने जनता की समस्याओं को नजरअंदाज करने की आदत बना ली है। हाल ही में आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने यमुना नदी में प्रदूषण का मुद्दा उठाया और कहा कि जब तक दिल्ली में बुद्ध स्तर पर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट नहीं बनाए जाएंगे, यमुना की स्थिति में सुधार नहीं होगा। उन्होंने इसके लिए केंद्र सरकार के असहयोगात्मक रवैये की ओर ध्यान आकृष्ट किया और दिल्ली सरकार पर भी निशाना साधा। यह बेहद दुखद है कि सदियों से पूजी जाने वाली यमुना नदी आज नाले में तब्दील हो गई है। करीब डेढ़ सौ करोड़ की आबादी वाले इस देश में जनता के बुनियादी हक का मुद्दा सर्वोपरि है, लेकिन दुर्भाग्य है कि हमारे चुने हुए जनप्रतिनिधि आम जनता की आवाज को समझ नहीं पा रहे हैं।

## शख्सियत

**बढ़ता राजस्थान**

नमस्कार साथियों हमारे आज की शख्सियत कॉलम के सुपरडुपर स्टार है जाने-माने न्यूरो सर्जन डॉक्टर पंकज शर्मा। डॉक्टर पंकज शर्मा का जन्म 5 सितम्बर 1979 को जयपुर में हुआ हालांकि 6 महीने बाद ही अलवर आ गए। क्योंकि पिताजी राज ऋषि कॉलेज में केमिस्ट्री के लेक्चर थे और बाद में प्रिंसिपल पद से रिटायर्ड हुए। चारों भाई बहनों में सबसे छोटे हैं डॉ.पंकज। हैप्पी स्कूल से स्कूल शिक्षा पूरी कर डॉक्टर एसएन मेडिकल कॉलेज जोधपुर से एमबीबीएस कर 2014 में अलवर आए और उसके बाद हैदराबाद अपोलो से सर्जरी में डीएनबी और एमसीईएम (ट्रॉमा इमरजेंसी) करके 2016 में अलवर आए और किराए के भवन में अपना हॉस्पिटल शुरू किया। 2020 में खुद का अस्पताल बनाकर और लगभग 5000 से अधिक सर्जरी कर अलवर का नाम रोशन किया और कर रहे हैं। तीन दिन के बच्चे का जिसके जन्मजात खून का थक्का सर में जमा हुआ था और डॉक्टर दिलीप सेठी के रिफ्रेंस से उनके अस्पताल में आया और 3 दिन के बच्चे का सर का ऑपरेशन किया आज बच्चा 8 साल का हो गया और डॉक्टर पंकज को अपने हर बर्थडे पर इनवाइट करता है। ब्रेन ट्यूमर में जैसी जटिल सर्जरी में अलवर जैसी जगह पर बड़ा मुश्किल था लेकिन लोगों के आशीर्वाद,स्नेह, प्यार और विश्वास ने डॉक्टर पंकज शर्मा को न सिर्फ ऊंचाइयों तक पहुंचाया बल्कि अब दिल्ली और जयपुर से भी मरीज आने लगे जो की किसी समय में दिल्ली और जयपुर जाया करते थे। एकेडमिक में इटली और सिंगापुर में कांफ्रेंस के दौरान इन्होंने अपना व्याख्यान दिया जो देश-विदेश में प्रसिद्ध हुआ। रॉयल कॉलेज ऑफ मेडिसन में ऑनलाइन जूम मे माध्यम से लेक्चर दिया जिस पर एमरजेंसी मेडिसिन ऑन न्यूरो सर्जरी पर व्याख्यान दिया जिसे बड़ी सफलता के रूप में माना गया। एक अच्छे चिकित्सक के साथ-साथ डॉ. पंकज शर्मा एक बेहतरीन इंसान है और सामाजिक व्यवस्थाओं को समझने वाले एक सामाजिक प्राणी हैं। यारों के यार हैं। सबके साथ एडजेस्ट हो जाने वाले एक अच्छे शख्स हैं। हर इंसान की मदद के लिए सैदव तैयार रहते हैं। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।



डॉ.पंकज शर्मा
( न्यूरोसर्जन )

**रूपक शर्मा**

## आज का इतिहास

### 12 दिसंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- गुलाम वंश के शासक इल्तुतमिश ने 1232 में ग्वालियर पर कब्जा किया।
- पेनसिल्वेनिया अमेरिका के संविधान को अंगीकार करने वाला 1787 में दूसरा प्रांत बना।
- वाशिंगटन डीसी को 1800 में अमेरिका की राजधानी बनाया गया।
- अमेरिका द्वारा मेक्सिको को 1822 में एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में आधिकारिक तौर पर मान्यता दी गई।
- ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच 1884 में पहला क्रिकेट टेस्ट मैच खेला गया।
- भारत की राजधानी 1911 में कलकत्ता से दिल्ली स्थानांतरित की गई।
- जॉर्ज पंचम और 1911 में मेरी भारत के सम्राट के रूप में भारत आए।
- चीन के राष्ट्रपति युवान शी की ने 1915 में राजतंत्र को पुनः बहाल कर स्वयं को चीन का सम्राट घोषित किया।
- फ्रेंच आल्प्स में 1917 में फ्रांसीसी सेना की ट्रेन के पटरी से उतरने से 543 लोगों की मौत हो गयी।
- इटली में 1923 में पो नदी बांध फटने से 600 लोगों मारे गए।
- चीन के नेता च्यांग काई शेक ने 1936 में जापान के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- इरानी शाही सेना ने 1947 में अजरबाइजान में सत्ता पर पुन: अधिकार कियाकर लिया।
- गिनि 1958 में संयुक्त राष्ट्र संघ का सदस्य बना।
- केन्या 1963 में स्वतंत्र हुआ।
- भारतीय संसद द्वारा पूर्व राजाओं को प्रदान की जानी वाली सभी सुविधायें 1971 में रद्द कर दी गई।
- पेरू के पूर्व प्रतिनिधि जेवियर पेरेज द कुइयार 1981 में सं.रा. संघ के महासचिव निर्वाचित।
- टी. एन. शेषन 1990 में मुख्य निर्वाचन आयुक्त हुए।
- भारत एवं बांग्लादेश के मध्य 1996 में गंगाजल के बंटवारे को लेकर 30 वर्षीय संधि पर हस्ताक्षर।
- भारत ने 2001 में नेपाल को दो चीता हैलीकॉप्टर और हथियार दिये।
- पेरु की एक अदालत ने 2007 में पूर्व राष्ट्रपति एल्बर्टो फूजीमारो को छ: साल का कारावास व 13,000 डॉलर के जुर्माने की सज़ा सुनाई।
- प्रशासनिक सुधार आयोग के अध्यक्ष एम वीरप्पा मोइली ने 2008 में सरकारी कर्मचारियों के सेवा निगमों में व्यापक बदलाव की सिफ़ारिश की। रमन सिंह छत्तीसगढ़ के व शिवराज सिंह ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली।

### 12 दिसंबर को जन्मे व्यक्ति

- स्वतंत्रता सेनानी और हिंदू महासभा के अध्यक्ष बालकृष्ण शिवराम मुंजे का जन्म 1872 में हुआ।
- तमिल एवं हिन्दी फिल्म अभिनेता रजनीकांत का जन्म 1950 में हुआ।
- 1982 बैच के आईपीएस अधिकारी और मुम्बई के आतंक विरोधी दस्ते के प्रमुख हेमंत करकरे का जन्म 1954 में हुआ।
- टेनिस खिलाड़ी ट्रेसी ऑस्टिन का जन्म 1962 में हुआ।
- भारत के क्रिकेट खिलाडी युवराज सिंह का जन्म 1981 में हुआ।

## विशेष आलेख

# 1947 से स्वतंत्रता के बाद हम कितने स्वाधीन (स्वतंत्रता के कई पहलुओं का आंकलन आवश्यक)

**संजीव ठाकुर**



1947 को स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से ही भारत की सरकारें वर्ष 2024 तक यह प्रयास करती रही हैं कि एक नवीन, मजबूत भारत का उदय हो, जहां अमीरी, गरीबी, जाति, संप्रदाय और सामान्य और दलित वर्ग भेद पूर्णता समाप्त हो पिछले 10 वर्षों में कुछ हद तक वर्तमान सरकार ने सफलता पाई है किंतु अन्य सरकारों के कार्यों का सिहावलोकन किया जाए तो उनके भरसक प्रयास के बाद भी ऐसा हो नहीं पाया है। वर्तमान में भारत की सामाजिक आर्थिक विभिन्नता एवं विषमता देश के आर्थिक तथा वैश्विक छवि के लिए अवरोध साबित हो सकते हैं। देश में विभिन्न नीतियों के विरुद्ध राष्ट्रीय संपत्ति की तोड़फोड़, आपसी असहमति में हत्याये देश के सर्वांगीण विकास के लिए अच्छे संकेत नहीं है। भारत को एक सशक्त आंतरिक नीति एवं सामाजिक सौहार्द्र की आवश्यकता है तब ही हम विकास के पथ पर आगे प्रशस्त हो सकते हैं। भारत की सफल विदेश नीति एक अच्छी नीति की शुरुआत है और विदेशों में भारत की एक अलग पहचान भी महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, पर केवल विदेश नीति से ही देश की 141 करोड़ जनता का पेट भरना और उसे विकास की राह में ले जाना मुमकिन नहीं है। देश की आवाम को सशक्त योजनाओं और आर्थिक तंत्र के मजबूत होने के साथ-साथ उत्पादन में आत्मनिर्भरता से ही मजबूत बनाया जा सकता है, तब जाकर देश की गरीबी एवं भूखमरी पर निजात पाई जा सकती है। धर्मनिरपेक्षता के मजबूत कंधों के सहारे देश को सांप्रदायिक सद्भाव के मार्ग पर ले जाने के साथ-साथ शांति और सौहार्द्र का वातावरण तैयार किया जा सकता है। देश में शांति सौहार्द और उत्पादन में आत्मनिर्भरता ही विकास के सच्चे पैमाने हैं। पंचवर्षीय योजनाओं में लगातार गरीबी उन्मूलन, कृषि विकास की योजनाएं, विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी, स्कूली एवं कॉलेज की शिक्षा, स्वास्थ्य की तमाम परेशानियों को दूर करने के लिए बड़ी-बड़ी आर्थिक योजनाएं बनती रही हैं,पर न तो पूरी तरह योजनाओं में अमल हो पाया और ना ही भरपूर वित्तीय संसाधनों का सही-सही समुचित दोहन ही हो पायाद्य वैसे तो यह कल्पना की गई थी कि स्वतंत्रता के पश्चात भारत की सरकारें ग्रामीण विकास को प्राथमिकता देकर शहर तथा गांव की सरहदों को मिटाने का प्रयास करेगी, हमारा लोकतांत्रिक ढांचा इतना समावेशी और मजबूत नहीं हो पाया कि हम देश के संपूर्ण विकास के लिए कटिबद्ध हो पाएद्य संसद, विधायिका और कार्यपालिका में तालमेल की कमी के कारण भारत में विकास कल्पना के अनुरूप मूर्त रूप नहीं ले पायाद्य हमें नवीन भारत की संकल्पना के साथ-साथ गरीबी उन्मूलन प्रयास को बहुत सशक्त एवं दमदार बनाना होगाद्य केवल गरीबों को मुफ्त में अनाज देकर उनकी गरीबी दूर नहीं की जा सकती हैद्य गरीबों को अनाज देने के साथ-साथ उनके हाथों को काम और आजीविका के साधन भी देने होंगे, तब जाकर देश की स्थिति सुधर सकती हैद्य हमें गरीबी के अनेक स्वरूपों को जड़ से खत्म करना होगा। इसके लिए हमें पिछड़ी जाति, दलित, दिव्यांग,महिलाएं, गरीब बच्चे के लिए सर्वाधिक योजनाओं को महत्व देकर निशुल्क शिक्षा,रोजगार गारंटी तथा कौशल विकास तथा पारदर्शी स्वास्थ्य योजनाओं को हर पंचवर्षीय योजना में लागू किया जाना होगा, पर अब हर वर्ष नई नई योजनाएं बनाकर उस पर प्रभावी क्रियान्वयन कर गरीबी उन्मूलन को प्राथमिकता के तौर पर सफल बनाना होगाद्य यह सर्वविदित है कि सरकार द्वारा बनाई गई योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से ही नवीन भारत का मार्ग प्रस्तुत हो सकता हैद्य भारतीय समाज में जातिवाद एक बड़े नासूर की तरह हम सबके समक्ष खड़ा हैद्य जात पात को खत्म करने के लिए स्वतंत्रता के प्राप्ति के पश्चात कई महान पुरुषों ने अपना जीवन लगा दिया था, जिनमें प्रमुख ज्योतिबा फुले, महात्मा गांधी, डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के नाम उल्लेखनीय हैद्य इनके समुचित प्रयास के बाद भी जातिवाद को आज भी भारत में खत्म नहीं किया जा सका है,बल्कि यह बड़े रूप में सामने आए हैं एवं राजनीतिक समीकरण के कारण यह और उभर कर सामने आया हैद्य जिसका फायदा राजनीतिज्ञ अपने चुनाव के समय वोटर को अपने पक्ष में करने के लिए उठाते हैंद्य 1947 के बाद स्वतंत्रता प्राप्ति के समय 1955 में सिविल अधिकार एक्ट लागू किया इसके बावजूद हालात जस के तस हैंद्य हमारा देश एक बहू धार्मिक सांस्कृतिक एवं विविधता वाला देश है द्य भारत पूरे विश्व में सबसे बड़ा प्रजातांत्रिक एवं धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के रूप में माना जाता है। सांप्रदायिकता को रोकने के लिए संसद में अनेक संशोधन हुए हैं इसके बावजूद देश में धार्मिक सौहार्द बनाने में बहुत असफलताएं सामने आई है। यहां सांप्रदायिक दंगे भी हुए हैं, जिसे सरकार रोकने का भरसक प्रयास करती रही लेकिन सदैव उन्हें असफलता ही हाथ लगी हैद्य संप्रदाय, जाति प्रथा, मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे तथा चर्च के विवाद के कारण ही सांप्रदायिकता सदैव खतरे में रही हैद्य सांप्रदायिक सौहार्द्र बढ़ाने के कई पहलुओं पर गहन चिंतन मनन भी किया गया पर इसमें बहुत बड़ी सफलता हाथ नहीं लगी है, सांप्रदायिकता के साथ जुड़ी हुई आतंकवाद की घटनाएं हुई इस संदर्भ में जोड़ी जाती रही हैद्य आतंकवाद, नक्सली समस्या केवल भारत देश की नहीं है यह अंतरराष्ट्रीय स्वरूप ले चुकी हैद्य भारत आतंकवाद से स्वतंत्रता के बाद से लगभग 73 वर्ष से इस समस्या से जूझ रहा है कश्मीर में आतंकवाद, झारखंड, बिहार,बस्तर, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश,तेलंगाना में नक्सली समस्या अपना सिर उठा चुकी हैद्य हमारे परंपरागत दुश्मन वैसे तो पाकिस्तान और चीन है पर पाकिस्तान और तालिबान एक साथ मिलकर कश्मीर में आतंकवाद का तांडव मचाकर भारत में अशांति फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। भारत ने पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उजागर भी किया हैद्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासनकाल से भारत को स्वच्छ निर्मल और स्वस्थ रखने की नई योजनाओं को लागू कर उस पर अमल करना शुरू किया है। स्वच्छ भारत भी एक अभियान की तरह भारत में प्रचलित है। महात्मा गांधी की सदैव कल्पना रही है कि भारत स्वच्छ रहे और इसी कार्यक्रम में सरकार ने सभी शहरों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में शौचालय बनाने की योजना को तीव्र स्तर पर लागू भी किया हैद्य पर यह शत-प्रतिशत अनुपालन में नहीं आई हैद्य इसके अलावा भारत कई योजनाओं में एक साथ काम कर रहा है, जैसे चुनाव में संशोधन,श्रम कानूनों में सुधार, पंचायती राज में संशोधन, आर्थिक सशक्तिकरण तथा कार्यपालिका न्यायपालिका तथा विधायिका में सामंजस्य बनाने का प्रयास भी किया गयाद्य भारत में हर वर्ष बाढ़, सूखा तथा भूकंप के झटके भी महसूस किए जाते रहे और इस पर प्रभावी नियंत्रण लाने का प्रयास भी किया गया है। इसके लिए भी अनेक योजनाएं बनाई गई हैं। कुल मिलाकर नवीन भारत की संकल्पना के साथ भारत में तमाम पहलुओं पर विचार करते हुए अपनी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन किया जाना चाहिए, तब जाकर भारत एक नवीन भारत की कल्पना को साकार रूप दे सकता है एवं विश्व स्तर पर अपनी अलग पहचान बना सकता है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आपकी आज की सुबह आनंदप्रद और लाभप्रद रहेगी। सामाजिक क्षेत्र में आपकी प्रशंसा होगी। परिवार में भी आनंद का वातावरण रहेगा, परंतु दोपहर के बाद स्थितियां बदलेंगी। क्रोध करने से हानि होने की आशंका बनी रहेगी।

**वृष**
आर्थिक दृष्टि से लाभ होगा। शारीरिक और मानसिक परिस्थिति में भी सुधार दिखेगा। परिवार के साथ हंसी-खुशी में दिन बीतेगा। आज आपके मन में क्रोध और आवेश की भावना रहेगी। लोगों के साथ संभलकर बातचीत करें।

**मिथुन**
आज आपको धन की आय कम और व्यय अधिक होगा। आंखों में दर्द रह सकता है। वाणी में संयम बनाए रखें। किसी बात को लेकर उलझन में रह सकते हैं। दोपहर के बाद आपकी समस्या सुलझने लगेगी। व्यवसाय में लाभ होगा।

**कर्क**
संतान के लिए चिंता रह सकती है। मैरिड कपल के बीच रोमांस बना रहेगा। सरकारी काम आसानी से पूरे होंगे। पार्टनरशिप के काम में लाभ मिलेगा। आज आपको हर मामलों में सावधान होना पड़ेगा। बिजनेस में कर्मचारियों का व्यवहार नकारात्मक रहेगा।

**सिंह**
किसी बात की चिंता आपको हो सकती है। वाणी में संयम रखना होगा अन्यथा किसी से विवाद हो सकता है। ईश्वर का ध्यान और आध्यात्मिक विचार मन को शांति देंगे। आज आपका शारीरिक और मानसिक सेहत अच्छा रहेगा।

**कन्या**
नए काम की शुरुआत आज ना ही करें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रह सकती है। आर्थिक कामों में आज कोई अड़चन आ सकती है। मित्रों और रिश्तेदारों के मिलने से मन खुश रहेगा। व्यापार में भागीदारी के काम में आपको लाभ मिलेगा।

**तुला**
व्यापार में आप उत्साहपूर्वक काम करेंगे। सरकारी काम आसानी से पूरे होंगे। सामाजिक दृष्टिकोण से आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। धन के निवेश के लिए समय अनुकूल है। परिवार में संतान और पत्नी से आर्थिक लाभ होगा।

**वृश्चिक**
परिजन और मित्रों के साथ आनंदपूर्वक समय गुजारेंगे। आज खर्च अधिक न हो, इस पर नियंत्रण रखें। हालांकि, दोपहर बाद किसी निवेश में ध्यान से पैसा लगाएं। नौकरीपेशा लोगों को साथी कर्मचारियों का साथ मिलेगा।

**धनु**
शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। पूंजी निवेश करने वालों को चाहिए कि वे सावधानीपूर्वक पूंजी निवेश करें। नए कार्यों को प्रारंभ कर सकेंगे। आपके दिन का आरंभ शारीरिक और मानसिक स्वस्थता से होगा। आप खुश रहेंगे।

**मकर**
आज विरोधियों और प्रतिस्पर्धियों के साथ वाद-विवाद में ना पड़ें। संतान के साथ मतभेद हो सकता है। दोपहर के बाद घर, कार्यालय या व्यापार स्थल पर अधिकारियों या सहयोगियों का व्यवहार नकारात्मक होगा।

**कुंभ**
आज आपका मन बेचैन रहेगा। किसी बात को लेकर कुछ ज्यादा ही इमोशनल रहेंगे। आज किसी के साथ वाद-विवाद में न उतरें। स्वजनों, स्नेहीजनों के साथ विवाद हो सकता है। आपका मानभंग होने का प्रसंग न बनें, इसका ध्यान रखें।

**मीन**
स्वास्थ्य की दृष्टि से आज का दिन शुभ नहीं है। मन में चिंता रहेगी। परिजनों के साथ वाद-विवाद हो सकता है, परंतु दोपहर के बाद आपका मन खुश रहेगा। दोस्तों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। खर्च पर अंकुश रखें। शारीरिक अस्वस्थता रह सकती है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# राज्य सरकार के एक साल पूरा होने पर 12 से 17 तक होंगे विभिन्न कार्यक्रम, सुबह 8 बजे से होगी रन फॉर विकसित राजस्थान से शुरुआत

## जिला कलक्टर डॉ. सौम्या झा ने दिए प्रभारी अधिकारियों को निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** वर्तमान राज्य सरकार का एक साल का कार्यकाल पूरा होने पर 12 से 17 दिसंबर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने इस संबंध में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रभारी अधिकारियों की बैठक लेते हुए सभी कार्यक्रमों के सुव्यवस्थित आयोजन व अधिक से अधिक जन भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



जिला कलेक्टर ने बताया कि 12 दिसंबर को सुबह 8 बजे जिला मुख्यालय पर रन फॉर विकसित राजस्थान व 11 बजे युवा सम्मेलन एवं रोजगार उत्सव का आयोजन होगा। रन फॉर विकसित राजस्थान विवेकानंद सर्किल, गांधी खेल मैदान से शुरू होकर रोडवेज डिपो चौराहा, नेहरू पार्क होते हुए राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोठी नातमाम में पहुंचेगी। इसके बाद युवा एवं रोजगार उत्सव का आयोजन कृषि ऑडिटोरियम में 11 बजे किया जाएगा, जहां नव चयनित कार्मिकों को नियुक्ति पत्र सौंपे जाएंगे।

युवा एवं रोजगार उत्सव के नोडल प्रभारी एवं सीएमएचओ डॉ. अशोक कुमार यादव ने बताया कि गुरुवार, 12 दिसंबर को राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा नवनियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र एवं वेलकम किट प्रदान करेंगे। जिसका सीधा प्रसारण किया जाएगा। जिले में कृषि ऑडिटोरियम में नव नियुक्त कार्मिक भी मौजूद रहेंगे। सीएमएचओ ने बताया कि जिले में 392 नवनियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र सौंपे जाएंगे। इनमें 337 चिकित्सा विभाग, 16 कृषि विभाग, 15 शिक्षा विभाग, 16 आयुर्वेद विभाग, 8 यूनानी विभाग के नवनियुक्त कार्मिक होंगे। इसके साथ ही, शिक्षा विभाग के छात्र-छात्राओं को टैबलेट एवं साइकिल का वितरण किया जाएगा तथा उच्च शिक्षा विभाग की ओर से स्कूटी वितरण होगा।

कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत शुक्रवार, 13 दिसंबर को सुबह 11 बजे कृषि ऑडिटोरियम में ही किसान सम्मेलन का आयोजन होगा।

कृषि ऑडिटोरियम परिसर में शनिवार, 14 दिसंबर को राज्य सरकार के विकास कार्यों से संबंधित जिला स्तरीय प्रदर्शनी का शुभारंभ होगा। साथ ही, जिला विकास पुस्तिका का विमोचन तथा प्रेस वार्ता का आयोजन किया जाएगा। रविवार, 15 दिसंबर को अंत्योदय सेवा शिविर आयोजित कर दिव्यांगों को स्कूटी, कृत्रिम उपकरण, मुख्यमंत्री विश्वकर्मा योजना का शुभारंभ, निर्माण श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं के तहत राशि का हस्तांतरण, मुख्यमंत्री स्व निधि योजना के तहत स्ट्रीट वेंडर को ऋण की स्वीकृति, स्वास्थ्य आपके द्वार अभियान सहित विभिन्न योजनाओं का शुभारंभ किया जाएगा। इसी दौरान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में रक्तदान शिविर भी आयोजित किया जाएगा। इसके बाद 17 दिसंबर को ईआरसीपी संशोधित पीकेसी के शिलान्यास प्रथम चरण का सहित प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक-एक आयुष्मान मॉडल सीएचसी, वन मित्रों के द्वारा पौधों की देखरेख सहित विभिन्न कार्यक्रमों का राज्य स्तर से शिलान्यास एवं लोकार्पण किया जाएगा।

# राज्य सरकार की पहली वर्षगांठ पर जिला प्रभारी मंत्री करेंगे विभिन्न कार्यक्रमों का श्रीगणेश

## जिला विकास प्रदर्शनी में दिखेगी विकास की झलक

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 12 से 15 दिसम्बर तक राजीव गांधी क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय के ऑडिटोरियम में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिला प्रभारी एवं सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन विभाग मंत्री गौतम कुमार दक 12 दिसम्बर को आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। जिला कलक्टर शुभम चौधरी ने बताया कि राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 12 दिसम्बर को प्रातः 7:30 बजे इन्दिरा मैदान से पुलिस लाइन तक रन फॉर विकसित राजस्थान का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 12 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे राजीव गांधी क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय के ऑडिटोरियम में युवा सम्मेलन व रोजगार उत्सव का जोधपुर से लाइव प्रसारण किया जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा लाभार्थियों से संवाद करेंगे एवं नवनियुक्तों को नियुक्ति पत्र एवं वेलकम किट प्रदान किए जाएंगे। इस दौरान छात्र-छात्राओं को टेबलेट, साईकिल, स्कूटी एवं व्यवसायिक टूल किट का वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर एक वर्ष परिणाम उत्कर्ष की थीम पर जिला विकास पुस्तिका का विमोचन भी प्रभारी मंत्री द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 12 दिसंबर को अपरान्ह 3 बजे इन्दिरा मैदान में राज्य सरकार द्वारा एक वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों की जिला स्तरीय विकास प्रदर्शनी का जिला प्रभारी एवं सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन विभाग मंत्री फीता काटकर उद्घाटन करेंगे। प्रदर्शनी स्थल पर पंच गौरव का शुभारम्भ कर संबंधित विभागों द्वारा पंच गौरव का प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान उद्यान विभाग सवाई माधोपुर द्वारा फल-फूल प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तरीय प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों द्वारा सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित विभिन्न स्टॉल्स जन प्रतिनिधि व आमजन के अवलोकनार्थ लगाई जाएगी। जिला कलक्टर शुभम चौधरी ने वर्तमान सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर 12 दिसम्बर से 17 दिसम्बर तक आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रम को लेकर पर्यवेक्षण अधिकारी, नोडल व सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त कर कार्यक्रम के अनुसार आयोजन की व्यवस्थाएं करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि इन कार्यक्रमों के दौरान कोई भी अधिकारी-कर्मचारी बिना सूचना के मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे तथा अवकाश पर भी नहीं जाएंगे। उन्होंने आमजन से अपील करते हुये कहा कि उक्त कार्यक्रम में बढ चढ कर शामिल होवें एवं राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त करें साथ ही योजनाओं के बारे में जागरूक होकर लाभ प्राप्त करें।

# अभिषाषक संघ अध्यक्ष पद के लिए पांच प्रत्याशी मैदान में, 13 को होगा मतदान

## कोषाध्यक्ष व पुस्तकालयाक्ष निर्विरोध निर्वाचित

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** अभिभाषक संघ मालपुरा के अध्यक्ष पद के लिए पांच प्रत्याशीयो के मध्य मुकाबला होगा। संघ चुनावो के मनोनीत निर्वाचन अधिकारी कमल कुमार ने बताया कि मंगलवार को नाम वापसी के बाद प्रत्याशियो की अन्तिम सूची जारी की गई। जिसके अनुसार अध्यक्ष पद के एडवोकेट राजेन्द्र राजपुरोहित, रघुवीसिंह आखतड़ी, महेन्द्र शर्मा, रामावतार शर्मा खेड़ा, व कृष्णगोपाल चौधरी सहित कुल पांच प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। इसके अलावा उपाध्यक्ष पद के लिए भगवान सिंह व सद्दाम हुसेन व सचिव पद के लिए विरेन्द्र शर्मा व बेजनाथ चौधरी के मध्य मुकाबला होगा। इन तीनो पदो के लिए 13 दिसम्बर को 3 बजे तक मतदान के तुरन्त बाद गणना की जाकर परिणाम जारी किए जाएगें। वहीं कोषाध्यक्ष व पुस्तकालयाध्यक्ष पद के लिए एक एक प्रत्याशी रहने के चलते इनको निर्विरोध निर्वाचित धोषित किया गया है।

# अपहरण, मारपीट व फायरिंग के मामले में वांछित 10 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**गंगापुरसिटी (अब्दुल माहिर)।** जिला पुलिस की विशेष टीम (डीएसटी) ने फायरिंग कर जान लेवा हमला करने तथा बंधक बनाकर मारपीट के एक मामले में 10 हजार रुपए के इनामी वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी महेन्द्र कुमार जोगी (29) पुत्र कलुआराम जोगी निवासी छोटी उदेई थाना पीलोदा है। उक्त आरोपी की पर पुलिस अधीक्षक ने दस हजार रुपए का इनाम घोषित किया था।

**यह था मामला:** पुलिस के अनुसार उक्त आरोपी ने 20 अक्टूबर को सुबह 11 बजे अपने साथी महेन्द्र जोगी संतोष जोगी, रविन्द्र जोगी, राजेन्द्र जोगी, राहुल गाजीपुर, विशाल, धीरज के साथ मिलकर मुनीराज पुत्र कैलाश मीना का का अपहरण कर उस पर बंदूक से फायर कर जान से मारने का प्रयास किया था। इस संबंध में पुलिस ने उक्त आरोपियों के खिलाफ पीलोदा थाने पर मुकदमा दर्ज कर जांच आरपीएस अधिकारी सन्तराम मीणा को सौंपी।

### डीएसटी को लगी भनक

आरोपियों की तलाश के दौरान डीएसटी टीम को मुख्य आरोपी महेन्द्र कुमार जोगी पुत्र कलुआराम जोगी निवासी छोटी उदेई के गंगापुरसिटी सदर थाना इलाके के रामसिहं मोड़ पर होने की जानकारी मिली। जहां से आरोपी को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपी से जांच अधिकारी संतराम मीना ने पूछताछ की। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने घटना के दौरान फायरिंग के उपयोग में लिया हथियार भी बरामद किया है। अन्य आरोपियों के बारे में पूछताछ की जा रही है।

# एसडीओ अमित चौधरी ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी की दी परीक्षा उत्तीर्ण की

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा (नि.स.)।** मालपुरा उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी के भाारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी बनने की प्रथम सीढ़ी प्राप्त की। लोक सेवा आयोग की ओर से भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी के चयन हेतु आयोजित परीक्षा को एसडीएम चौधरी ने उत्तीर्ण कर ली। पारीक्षा कर लेने के बाद चौधरी के आईएएस बनने के काफी आसार हो गए। आईएएस की परीक्षा उत्तीर्ण करने की जानकारी मिलते ही कार्यालय में एसडीएम चौधरी को बधाई देने वालो का तांता लगा रहा। इस दौरान उपखण्ड के कई अधिकारियो, प्रबुद्धजनो सहित अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी जयनारायण जाट व अन्य कई कर्मचारियो ने बधाई दी।

# सरकार लोक कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देने के प्रयासरत:राधा चौधरी



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** प्रदेश के केबिनेट जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी के प्रतिनिधि के रूप में उनकी धर्मपत्नि राधा चौधरी ने कहा है कि प्रदेश सरकार प्रदेश की लोक कला, संस्कृति के सरंक्षण, संवर्धन व प्रोत्साहन के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। चौधरी राउमावि के खेल प्रागंण में शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित ब्लाक स्तरीय युवा महोत्सव के शुभारम्भ पर आयोजित समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रही थी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रदेश की लोककला एवं संस्कृति कमजोर होती जा रही है। पूर्व की सरकारो ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। लेकिन प्रदेश की वर्तमान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली सरकार ने प्रदेश की लोककला एवं संस्कृति को बढ़ावा, सरंक्षण देने के लिए समूचे प्रदेश में युवा महोत्सव आयोजित करने के निर्देश प्रदान किए। इन्हीं निर्देशो की अनुपालना में युवा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव के जरिए युवाओं को प्रदेश की लोककला एवं संस्कृति की जानकारी देने एवं इससे जोड़ने के लिए अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

उन्होंने युवाओं से आव्हान करते हुए कहा कि युवा वर्ग को महोत्सव को गंभीरता से लेकर इसमें रूचि से भाग लेकर प्रदेश की लोककला एवं संस्कृति से जुड़ने का प्रयास करना चाहिए। समारोह की अध्यक्षता करते हुए जिला प्रमुख सरोज बंसल ने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा के अनुसार जिला परिषद समूचे जिले में युवाओं को युवा महोत्सव के महत्व की जानकारी देकर इससे जुड़ने के लिए प्रेरित करने का काम किया जा रहा है। अंत में सीबीईओ मंजू मीणा ने समारोह के मुख्य अतिथि राधा चौधरी, समारोह की अध्यक्षता कर रही जिला प्रुमुख सरोज बंसल, आयोजन समिति अध्यक्ष एवं उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी, सम्मानित अतिथि भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष त्रिलोकचन्द जैन का स्वागत सम्मान किया। सीबीईओ ने सभी अतिथियो, आयोजन समिति अध्यक्ष व महोत्सव में भाग लेने वाले सभी युवाओं का आभार प्रकट कर धन्यवाद ज्ञापित किया।

# आचार्य सुन्दर सागर जी महाराज के पावन सानिंध्य में हुआ क्लॉक टॉवर का शुभारम्भ

## समय के साथ चलने वाला इंसान हर क्षैत्र में सफलता प्राप्त करता है:जैनाचार्य सुन्दरसागर जी महाराज

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** रोटरी क्लब मालपुरा ग्रीन के तत्वावधान में शहर के भामाशाह परिवार सुमेर बड़जाज्या के सहयोग से मण्डी रोड पर लगे क्लॉक टॉवर का शुभारम्भ आचार्य सुन्दर सागर जी महाराज के संसघ पावन सानिंध्य में सम्पन्न हुआ।



बुधवार को क्लाक टावर के शुभारम्भ मोके पर अपने सक्षिप्त प्रवचनो में आचार्य सुन्दर सागर जी महाराज ने कहा कि जीवन में समय का बहुत महत्व है। समय के साथ चलने वाला मनुष्य अपना जीवन सफल बना लेता है। समय कभी रूकता नहीं है बल्कि समय के साथ चलने में ही इंसान का मोक्ष संभव है। जैनाचार्य सुन्दर सागर जी महाराज ने कहा कि जैस समय की घड़ी के कांटे हमेशा चलते रहते हैं और इंसान को समय के साथ चलते रहने का संदेश देते रहते हैं वैसे ही इंसान को अपने जीवन में समय की महत्वपूर्णता को समझते जीवन के रूप में मिले का सदुपयोग करना चाहिए। आचार्य श्री ने कहा कि समय का सम्मान ही सफलता की कुंजी है। जो इंसान का अपने जीवन में समय का महत्व नहीं समझता वे इंसान अपने जीवन को कभी सफल नहीं बना सकता है। समय रूकता नहीं है लेकिन समय इंसान को अपनी जिम्मेदारियो व कर्तव्यो का बोध करवाता रहता है।

वहीं इस दौरान सुरम्यमती माताजी सहित प्रतिष्ठाचार्य डॉक्टर शैल दीदी व कनक दीदी भी मौजुद रही। इससे पहले आचार्य श्री संसघ कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर क्लब के सदस्यो व मौजुद समाजबंधुओ ने आचार्य श्री व संघ के जयकारो से गूंजायमान किया। इसके पश्चात आचार्य श्री का पादपक्षालन कर श्रीफल भेंट किया। वहीं आचार्य की आज्ञा से कार्यक्रम में मौजुद रोटरी क्लब के जिला प्रान्तपाल (2026-27) अरूण बगड़िया व लाभार्थी परिवार सुमेर बड़जात्या व इनकी धर्मपत्नी डिम्पल जैन ने क्लाक टावर का फीता काटकर शुभारम्भ किया। इस दौरान क्लब के पवन जैन संगम, राकेश जैन, महेश गुप्ता, विमल कठमाणा, गणेश शर्मा, विजेन्द्र शर्मा सीताराम स्वामी सहित क्लब के अन्य सभी सदस्य मौजुद रहे। कार्यक्रम का संचालन क्लब सदस्य अरूण काबरा ने किया।

# संवेदनशील व अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में किया फ्लैग माच

## रेपिड एक्शन फोर्स व पुलिस के जवानों ने फ्लैग मार्च कर दिया शांति व भाईचारे का संदेश

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** केन्द्रीय गृह-मंत्रालय के आदेशानुसार लालवास जयपुर (राजस्थान) में तैनात रेपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) की 83 बटालियन के कमाण्डेंट कुलदीप कुमार जैन के मार्गदर्शन एवं सहायक कमाण्डेंट श्रवण लाल मीणा के नेतृत्व में बटालियन की एक प्लाटून ने कोतवाली थाना क्षेत्र में लैग मार्च किया। इस दौरान शांति व भाईचारे का संदेश दिया। बटानियन ने कोतवाली थानाधिकारी राजवीर सिंह एवं अन्य पुलिस कार्मिकों के साथ मिलकर संवेदनशील एवं अति संवेदनशील क्षेत्रों में परिचित अभ्यास किया। स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर मुय बाजारों एवं साप्रदायिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में लेग मार्च किया। पुलिस थाना कोतवाली के शान्ति समिति तथा प्रमुख जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर शान्ति एवं भाईचारे से मिलकर रहने तथा अप्रिय घटना होने पर तुरन्त बातचीत से सुलझाने के बारे में समझाया।



### क्षेत्रों का बनाएंगे सांकेतिक मानचित्र

परिचित अभ्यास की जानकारी देते हुए सहायक कमाण्डेंट श्रवण लाल मीणा ने बताया कि परिचय अभ्यास के दौरान इलाके की जनसंया, सामुदायिक दृष्टि से संवेदनशील जगहों तथा विशिष्ट व्यक्तियों की सुरक्षा तथा बलवाइयों की सूची तैयार की जाएगी, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की कोई साप्रदायिक तनाव एवं दंगा की स्थिति घटित होने या प्राकृतिक आपदा होने पर अधिक कारगर ढंग से उस पर नियंत्रण एवं कार्यवाही की जा सके।

# 'स्टेयरिंग की कमान' फिर जाएगी दूसरे हाथों में

## रोडवेज चली निजीकरण की राह पर




बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** रोडवेज प्रबंधन अब धीरे-धीरे निजीकरण की ओर बढ़ता जा रहा है। चालक-परिचालकों की कमी से जूझ रहा रोडवेज प्रबंधन अब पराए कंधों के सहारे चक्के घुमा रहा है। जी हां! सवाई माधोपुर डिपो को भले ही राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम मुख्यालय से आठ नई बसें मिल गई हो, मगर अब भी स्थानीय रोडवेज डिपो परिचालकों की कमी की समस्या से जूझ रहा है। राजस्थान सहित सवाई माधोपुर में भी फिर से राजस्थान रोडवेज की बसों के लिए ठेके पर नए बस सारथी लेने की तैयारी चल रही है। गौरतलब है कि सवाई माधोपुर रोडवेज ने भी 30 नए बस सारथी लेने की डिमांड मुख्यालय को भेजी है। इनमें से 17 की मिल गई है, जबकि 13 और मिलनी है।

**यूं बढ़ सकता है मानदेय:** योजना के तहत चुने गए चालकों को किमी के हिसाब से वेतन मिलेगा। हर माह 10 हजार किमी के लिए 13 हजार रुपए का मानेदय मिलेगा। किसी महीने बस 10 हजार किमी से अधिक चलती है, तो अतिरिक्त किलोमीटर के लिए उन्हें 15 रुपए किमी की प्रोत्साहन राशि अतिरिक्त मिलेगी।

**यह है सारथी योजना:** कार्मिकों की कमी से बस सारथी योजना लागू की गई है। अनुबंध के आधार पर बसों में ड्राइवर और परिचालकों की भर्ती की जाती है। उन्हें निर्धारित रूट पर टारगेट के अनुसार राजस्व एकत्र कर रोडवेज मुख्यालय में जमा कराना होता है। इसके बदले उन्हें मानदेय मिलता है।

**बसों के संचालन में होगी आसानी:** वर्तमान में डिपो से 30 शेड्यूल चल रहे हैं, जबकि सवाईमाधोपुर डिपो से से 34 शेड्यूल बसों का संचालन किया जाएगा। इन शेड्यूल को चलाने के लिए 53 परिचालकों की आवश्यकता है। परिचालक लगाने से रोडवेज में परिचालकों की कमी दूर होगी। इससे लोगों को रोजगार मिलेगा।

# जेंडर आधारित हिंसा को समाप्त करने के लिए ब्लॉक स्तरीय मीटिंग का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**निवाई, (का.स.)।** सिकोईडिकोन संस्था निवाई द्वारा जेंडर आधारित हिंसा को समाप्त करने व जेंडर समानता को बढ़ाने हेतु सेवा प्रदाताओं के साथ ब्लॉक स्तरीय मीटिंग का आयोजन किया गया। शाखा प्रभारी अनीता शर्मा ने बताया कि 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक समाज में जेंडर आधारित हिंसा को समाप्त करने एवं जेंडर समानता को बढ़ाने हेतु 15 दिवसीय अभियान चलाया गया है, जिसमें ग्राम पंचायत स्तर पर विद्यालय में बच्चों एवं समुदाय तथा जनप्रतिनिधियों के साथ बैठके आयोजित कर महिलाओं व बालिकाओं से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई व महिलाओं एवं बालिकाओं पर होने वाली हिंसा को रोकने के लिए समुदाय को जागरूक करने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में महिला सलाह एवं सुरक्षा केंद्र से सुनीता शर्मा शिप्रा शर्मा द्वारा महिला सलाह एवं सुरक्षा केंद्र के द्वारा महिलाओं के लिए दी जाने वाली सेवाओं की जानकारी दी गई। पुलिस थाना निवाई से ए एस आई वर्दी चंद, हेड कांस्टेबल सुरेश, गिरिराज, राजेश, पराग, महिला कांस्टेबल अनीता, शिमला, मीठालाल एवं सुरक्षा सखियों ने भी अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए। संस्था से ममता शर्मा द्वारा महिलाओं पर होने वाली हिंसा पर चर्चा करते हुए बताया कि शारीरिक हिंसा के साथ-साथ मानसिक और आर्थिक हिंसा का भी सामना महिलाओं को करना पड़ता है और इसकी रोकथाम में महिला सलाह सुरक्षा केंद्र और पुलिस प्रशासन की बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है अर्जुन देव बेरवा एवं सोनू चौधरी द्वारा जेंडर आधारित हिंसा को समाप्त करने एवं जेंडर समानता को बढ़ाने हेतु शपथ दिलवाई गई।



# मित्तल हॉस्पिटल में नगर निगम अधिकारियो द्वारा हुई फायर मोक ड्रिल एवं सफाई निरीक्षण ट्रेनिंग

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** बुधवार को अग्नि शमन अधिकारी अमित कुमार मीना के नेतृत्व में 4 सदस्यी टीम मित्तल हॉस्पिटल में फायर ट्रेनिंग एवं मोक ड्रिल डेमोस्ट्रेशन देने पहुँची। हॉस्पिटल के एडमिनिस्ट्रेटर गिरीश गुप्ता ने बताया कि अग्नि शमन अधिकारी अमित कुमार मीना, सहायक अग्नि शमन अधिकारी जगदीप तक्षक, फायर मेन मुकेश कुमार मीना तथा मुख्य सफाई निरीक्षक लक्ष्मण मीना मित्तल हॉस्पिटल में फायर ट्रेनिंग एवं मोक ड्रिल डेमोस्ट्रेशन तथा सफाई रखने की ट्रेनिंग देने पधारे। कार्यक्रम के प्रारंभ में अग्नि शमन अधिकारी अमित कुमार मीना ने अपने उद्बोधन में सभी उपस्थित चिकित्सको, नर्सिंग स्टाफ, सहायक कर्मचारी, गार्ड्स, सफाई कर्मचारीयो को सभी बातो को ध्यान से सुनने तथा कोई बात समझ नहीं आने पर पुन: पूछने की बात कहते हुए अग्नि लगने पर मुख्य मुख्य बातो पर प्रकाश डाला तथा हॉस्पिटल में उपस्थित उपकरणों के सही उपयोग, उनकी एक्सपायरी डेट देखते रहने सम्बन्धी मुख्य दिशा निर्देश दिए इसने तद्पश्चात सहायक अग्नि शमन अधिकारी जगदीप तक्षक ने अग्नि से सम्बंधित सभी महत्वपूर्ण जानकारियों से सभी को अवगत करवाया कितने प्रकार की आग होती है कितने तरह के अग्नि शमन यंत्र होते है आग लग जाने पर क्या क्या सावधानियाँ बरतनी चाहिए बाहर निकने के रास्तोए उपकरणोंए फायर ब्रिगेड को सूचना देने सम्बन्धी सभी बातो पर प्रकाश डाला इसके पश्चात मुख्य सफाई निरीक्षक लक्ष्मण मीना ने सफाई रखने सम्बन्धी महत्वपूर्ण जानकारिय दी जिसमे सुखा कचराए गीला कचराए बायो मेडिकल कचरा सभी को अलग-अलग पात्रो में डालने, सेनिटाईजेशन के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत करवाया कचरा उठाते हुए क्या क्या सावधानियाँ रखनी चाहिए सभी जानकारी प्रदान करी। इस मौके पर डॉ. एससी मित्तल ने सभी का आभार व्यक्त किया। अगले सेशन में फायर मोक ड्रिल का प्रदर्शन खुले स्थान पर किया गया जहाँ आग लगाकर अग्नि शमन यंत्रो से आग को बुझाने के तरीको को स्टाफ द्वारा ही प्रेक्टिकल करवाकर दिखाया गया उस वक्त बड़ी संख्या में मरीज के परिजनों ने भी आग को बुझाने के तरीको को जाना। अग्नि शमन अधिकारी अमित कुमार मीना ने हॉस्पिटल का निरिक्षण करके अग्नि शमन सम्बन्धी उपकरणों को देखकर तारीफ करते हुए बधाई दी वही मुख्य सफाई निरीक्षक लक्ष्मण मीना ने भी हॉस्पिटल की सफाई की तारीफ करते हुए वाड्र्स में लगे कचरों के डब्बो का निरिक्षण करते हुए सफाई कर्मचारियों की तारीफ की।

# श्रद्धालुओं को लेकर जा रहा टेंपो पलटा दो महिलाएं घायल

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/वैर (नि.स.)।** हलैना रोड पर जटबलाई के पास अचानक टैंपो पलटने से खाटूश्याम दर्शन करने जा रही 2 महिला श्रद्धालु घायल हो गई।मिली जानकारी के अनुसार वैर हलैना रोड पर हलेना स्थित खाटू श्याम जी के दर्शन करने जा रहे श्रद्धालुओं को लेकर जा रहा एक टैंपो पलट गया जिससे टैंपो में बैठी 2 महिला श्रद्धालु घायल हो गई। सूचना पर एंबुलेंस मौके पर पहुंची। जिसकी मदद से घायल महिलाओं को उपजिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनका उपचार किया गया। घायल महिलाएं कस्बा वैर निवासी सुमंत्रा व सलोनी थी। जो हलैना स्थित खाटूश्याम मंदिर पर दर्शन करने जा रही थी।

# ट्रैक्टर बाइक में जोरदार भिड़ंत: बाइक सवार युवक की मोके पर मोत,बाइक पर बैठें तीन जने घायल

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर /बयाना (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** ब्रह्मबाद इलाके में तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक पर ही बैठे उसके तीन अन्य साथी गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना पर बयाना कोतवाली थाना पुलिस सीएचसी पहुंची और घायलों से घटना की जानकारी ली। मृतक युवक का शव मॉर्च्यूरी में रखवा दिया गया है। जिसका थोड़ी देर बाद पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा। वहीं घायलों में से दो लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। सूचना पर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। जिनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

हादसे का शिकार हुए सभी लोग बयाना कस्बे के भीमनगर महावर कॉलोनी के रहने वाले हैं और मजदूरी का काम करते हैं। मृतक नरेंद्र (23) पुत्र नेतराम है।

जबकि घायल विजय (35) पुत्र दौलत राम कोली, रवि (25) पुत्र बाबूलाल कोली और नितिन (20) पुत्र सोहनलाल हैं। अस्पताल में भर्ती नितिन कोली ने बताया-वह और उसके साथी नरेंद्र, विजय और रवि चारों एक ही बाइक से बयाना के पास ब्रह्मबाद गांव में ईंट खाली करने की मजदूरी करने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान दोपहर करीब 12 बजे ब्रह्मबाद के शीतला माता मंदिर रोड पर सामने से तेज रफ्तार में आए ट्रैक्टर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चला रहे नरेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि नितिन, रवि और विजय गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

# नगरपालिका कर्मचारी फेडरेशन की कार्यकारिणी घोषित: अमर सिंह अध्यक्ष और जितेंद्र बने महामंत्री

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर /बयाना (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** नगर पालिका कर्मचारी संघ राजस्थान से सम्बद्ध नगर पालिका कर्मचारी फेडरेशन शाखा बयाना की बैठक बुधवार को नगर पालिका के मीटिंग सभागार में सहायक नगर नियोजक नितिन मीणा, वरिष्ठ प्रारूपकार चौथमल मीणा, वरिष्ठ सहायक दीपक गुप्ता की संरक्षकता और राजस्थान नगरपालिका कर्मचारी फेडरेशन के प्रांतीय संरक्षक रिछपाल सिंह चौधरी के मुख्यातिथ्य में आयोजित की गई।

बैठक में सर्वसम्मति से बयाना नपा कर्मचारी फेडरेशन की नवीन कार्यकारिणी गठित की गई। नवीन कार्यकारिणी में वरिष्ठ लिपिक अमर सिंह धाकड़ को अध्यक्ष, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी जितेन्द्र कुमार गर्ग को महामंत्री पद पर निर्वाचित किया गया। इसके अलावा फायरमैन पवन कुमार को उपाध्यक्ष, वरिष्ठ लिपिक दीपक गुप्ता को कोषाध्यक्ष, सहायक नगर नियोजक नितिन मीना व वरिष्ठ प्रारूपकार चौथमल मीना को सलाहकार, फायरमैन नाहर सिंह को संयुक्त सचिव, फायरमैन अनूप जाटव को संगठन मंत्री, सहायक कर्मचारी शराफत खान को संरक्षक, फायरमैन सुखपाह सिंह को संयुक्त मंत्री, सहायक कर्मचारी सुमरन सिंह को कैशियर, मुख्य फायरमैन गीता चौधरी को मीडिया प्रभारी बनाया गया है।

वहीं फायरमैन अंजू कुमारी, फायरमैन अजीत गुर्जर, फायरमैन बेगराज पावड़िया, सहायक कर्मचारी बीना कुमारी, पार्क चौधरी केहरी सिंह, सफाई जमादार कैलाश, सफाई जमादार लक्ष्मण, बलवीर, सफाई जमादार मुकेश को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। नवीन कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का कर्मचारियों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। नवनियुक्त अध्यक्ष अमर सिंह धाकड़ ने कहा कि सभी पदाधिकारियों के सहयोग से कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

# रक्तदान शिविर 15 दिसंबर रविवार कोउपखंड अधिकारी ने विभिन्न अधिकारी कर्मचारियों को सौप दायित्व

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** वर्तमान राज्य सरकार का 1 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के उपलक्ष में 15 दिसंबर 2024 रविवार को प्रात: 10ः00 बजे से रक्तदान साबिर का आयोजन किया जा रहा है उपखंड मुख्यालय के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर के लिए उपखंड अधिकारी राधेश्याम मीणा द्वारा समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारी एवं अधीनस्थ कार्मिकों को रक्तदान करने हेतु अपने स्तर से जनमानस में व्यापक प्रचार प्रसार कर अधिकतम व्यक्तियों को रक्तदान करने हेतु आग्रह किया है।

# मैट्रिक्स एकेडमी सीकर की ओर से किया गया प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** मैट्रिक्स एकेडमी सीकर की ओर से गुरुवार को आमंत्रण रिसॉर्ट अलवर में मैट्रिक्स ओलंपियाड के प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह में 600 छात्र-छात्राओं को नगद पुरस्कार, अवार्ड किट, स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। संस्था निदेशक राजेंद्र बुरडक ने प्रतिभावान पुरस्कार प्राप्त करने वाले बच्चों व उनके साथ पधारे अभिभावकों को एक लक्ष्य निर्धारित कर अपने जीवन को सुधारण में सुव्यवस्थित उच्च कोटि के शिखर ले जाने की प्रेरणा दी ।मैट्रिक्स के मोटिवेशनल स्पीकर व कोर मेंबर विष्णु पारीक सर ने जीवन के लक्ष्य के साथ कैसे जिया जाए और एक विद्यार्थी जीवन में लक्ष्य की प्राप्ति कैसे की जाए आदि सूत्र साझा किए ।

कार्यक्रम मंच संचालन पुष्पेंद्र डूडी, व्यवस्थापक साजीद गौरी, ताराचंद चाहर, अमित, सुभाष, सुशील, मनोज, प्रकाश, जितेंद्र, भागीरथ, प्रभु सभी स्टाफ साथी उपस्थित रहे।

# बिजली कटौती को लेकर ग्रामीण ने किया धरना प्रदर्शन: किसानों की मांग, कृषि सिंचाई के लिए रात को नहीं हमें दिन में बिजली चाहिए

**विवेक शर्मा के आश्वासन पर धरना प्रदर्शन समाप्त**

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर /बयाना (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** नगला निर्माण बिजलीघर से जुड़े ग्रामीणों को 3 फेज बिजली आपूर्ति नहीं मिलने पर आसपास के किसानो ने बिजली घर पर प्रदर्शन किया। ग्रामीण बताया कि कृषि के लिए 3 फेज बिजली नहीं मिल रहीं हैं वही बिजली कटौती की जानकारी भी किसान को नहीं दी जाती है। रात के समय भी बिजली मे ट्रिपिंग आती है जिसकी सूचना नहीं मिलने पर किसान को परेसानी उठानी पड़ रहीं है। बिजली घर पर मशीन की क्षमता कम होने की वजह से बिजली बार बात कट जाती है वही ग्रामीणों ने वीरमपुरा जेईन ओमनिवास द्वारा उपभोक्ताओं के फोन नहीं उठानी की शिकायत की जिसपर जयपुर डिस्कॉम एक्सएन विवेक शर्मा ने किसानों को बिजली व्यवधान की जानकारी मोबाइल ग्रुप पर देने के साथ फोन उठाने के निर्देश कर्मचारियों को दिए वही बिजलीघर पर ओवर लोड की समस्या को लेकर डिस्कॉम विवेक शर्मा ने कहा कि जल्द ही अतिरिक्त पावर ट्रांसफॉर्मर स्थापित कराया जाएगा। शर्मा ने बताया कि दिन के समय ट्रांसमिशन लाइन से 132 केवी के स्थान पर 100-105 कि.वा.वोल्टेज ही मिल पा रहे हैं जिस कारण दिन के समय बिजली आपूर्ति मे समस्या आ रहीं हैं। रात के समय 11चक्क वोल्टेज के साथ ट्रिपिंग रहित बिजली सुनिश्चित की जा रही है। विवेक शर्मा ने बताया कि लगातार विद्युत तंत्र को मजबूत किया जा रहा है। कई जगह 11 द्व1 फीडर खींचने व बिजलीघर निर्माण के कार्य चल रहे हैं जिनके पूर्ण होने पर उपभोक्ताओं को बिजली मे सुधार होगा।

# पुत्र ने किये अपनी माता के नेत्रदान

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** शहर मे 7/38, एनईबी हाउसिंग बोर्ड, कृषि उपज मंडी के पीछे,अलवर निवासी लक्ष्मी देवी पत्नी स्वर्गीय किशोर कुमार के आकस्मिक निधन के उपरान्त उनके नेत्रदान कर दिए गए। नारायण सेवा संस्थान के शाखा अध्यक्ष आर.एस.वर्मा ने बताया कि लक्ष्मी देवी के निधन के पश्चात उनके पुत्र सतीश कुमार ने अपनी माता के नेत्रदान के लिए सुरेश थदानी को फोन किया। तदउपरांत उनकी सूचना पर डॉ0 श्रॉफ हॉस्पिटल आई डोनेशन सेंटर की डॉक्टरों की टीम ने उनके निवास पर पहुँच कर परिवार की सहमति के बाद आई डोनेशन की प्रक्रिया को पूरा किया। पुत्र सतीश कुमार, बाबूलाल परमानंद, दौलत राम, गोपाल ने अपनी माता जी की अंतिम इच्छा अनुसार उनके नेत्रदान कर बहुत पुण्य का काम किया है। इस नेत्र दान से किन्ही दो नेत्रहिनो की आँखों को रोशनी मिलने से उनकी जिन्दगी संवर जायेगी। उनकी इस पहल से अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलेगी। और मानवता के लिए परोपकार हेतु इस पुण्य कार्य को और अधिक बल मिलेगा।

# जिला कलेक्टर की रात्रि चौपाल

**जलदाय, बिजली एवं राजस्व विभाग के परिवादो का हुआ निस्तारण**



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** भुसावर उपखंड मुख्यालय की ग्राम पंचायत बाछरैन पर जिला कलेक्टर भरतपुर की रात्रि चौपाल का आयोजन हुआ। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में 16 परिवार प्राप्त हुए जिम अधिकतर जलदाय बिजली एवं राजस्व विभाग से संबंधित थे जिनको मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए निस्तारण करते हुए उपखंड अधिफकारी भुसावर को समस्त प्रकरणों की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भूषण का निरीक्षण कर समस्त जानकारियां प्राप्त करते हुए व्यवस्थाओं पर संतुष्टि व्यक्त की।

# भक्ति में कार्यक्रम से कस्बा भुसावर वासी हुए मंत्र मुग्ध

बढ़ता राजस्थान



**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** अंतर्राष्ट्रीय कृष्ण भावना अमृत संघ इस्कॉन मंदिर बड़ोदरा गुजरात भक्त मंडल द्वारा एक बार फिर से कस्बा भुसावर में पधार कर बस स्टैंड पोस्ट ऑफिस रोड कटरा मोहल्ला मुख्य बाजार व सब्जी मंडी के साथ-साथ गली-गली घूम कर हरे कृष्णा हरे कृष्णा कृष्णा कृष्णा हरे हरे हरे राम हरे राम राम हरे हरे के मंत्र की धूम मचा कर वातावरण को कृष्ण राममय कर दिया भक्ति में कार्यक्रम से कस्बा भुसावर वासी मंत्र मुग्ध हो गए कस्बा वासियों ने भक्त मंडल के सदस्यों का घर के आंगनों में पधारने पर फल दूध अल्पाहार करवा कर माल्यार्पण कर शाल उड़ा कर भव्य स्वागत सत्कार भी किया गया । जिसकी संतों ने मुक्त कंठ से भूरी भूरी प्रशंसा की इस अवसर पर श्रीमान विष्णु दत्त प्रभु( विष्णु गुप्ता भुसावर )के अनुसार 500 भागवत गीता में रामायण जैसे दिव्य ग्रंथ का वितरण किया गया इस अवसर पर के सब श्याम सुंदर दास इस्कॉन मंदिर वडोदरा प्रचार केंद्र बिहार के अनुसार जगन्नाथ पहाड़िया सीनियर सेकेंडरी स्कूल भुसावल के खेल मैदान में योग प्रशिक्षण कर रहे युवकों को गीता दी गई।

कार्यक्रम के अंत में राधे-राधे लाइब्रेरी के संचालक योगेश पांडे की ओर से सभी भक्तों को भोजन प्रसादी व पूर्व संपर्क सतीश पांडे ने माल्यार्पण कर सोल उठाकर वह दक्षिणा देकर वृंदावन धाम के लिए विदा किया । श्रीमान विष्णु प्रभु विष्णु गुप्ता भुसावल के साथ आए केशव श्यामसुंदर दास सहदेव दास ब्रह्मचारी के अलावा उनके साथ आए 15 विद्यार्थियों ने कहा कि हम भुसावर वीडियो के प्यार स्नेह और सत्कार को जीवन पर्यंत नहीं भूलेंगे। इस अवसर पर मावशी राम सैनी राम सिंह सैनी प्रियम पांडे योगेश पांडे सुरेश चंद पांडे शारदा सतीश शर्मा गोविंद सिंह पांडे ऋषभ पांडे शिक्षाविद सुरेश चंद सूर्यकांत भारद्वाज शेखर पांडे पवन पांडे दीपक पांडे सहित अनेक गणमान्य भक्तगणौ ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

# धौलपुर गैस आधारित पावर प्लांट को चालू करने की माँग को लेकर विधायक डॉ.बनावत ने लिखा ऊर्जा मंत्री को पत्र

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर /बयाना (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** बयाना- विधानसभा क्षेत्र में कृषि कार्य के लिए किसानों को मिल रही लो-वोल्टेज बिजली की विकट समस्या का शीघ्र समाधान करने के लिए स्थानीय विधायक डा. ऋतु बनावत ने ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर को पत्र लिखा है।

विधायक की ओर से लिखे पत्र में बताया गया है कि समीपवर्ती जिला धौलपुर में राज्य सरकार का 330 मेगावाट् गैस आधारित पावर प्लांट स्थापित है, जिसे वर्तमान में अधिक उत्पादन यूनिट रेट की वजह से बंद किया हुआ है। इस पावर प्लांट को चालू करके किसानों की पर्याप्त वोल्टेज की बिजली उपलब्ध कराई जा सकती है। रबी का सीजन अपने पीक पर है और किसानों को खेतों में सिचाई हेतु पानी की ज़रूरत है। किसानों को 440 वोल्ट के स्थान पर 200-250 ही वोल्टेज मिल पा रहे है। लो वोल्टेज के चलते किसानों के बिजली पम्प सेट ठीक से संचालित भी नहीं हो पा रहे है वहीं कई किसानों की बिजली मोटर जल जाने से आर्थिक नुकसान भी हो रहा है। पत्र में लिखा है पूर्व में भी राज्य सरकार द्वारा पूर्वी राजस्थान के धौलपुर में स्थापित गैस आधारित इस पावर को शुरू करके किसानों की लो-वोल्टेज बिजली समस्या समाधान किया गया था।

ठीक इसी प्रकार वर्तमान स्थितियों को देखते हुए भी धौलपुर पावर प्लांट को शीघ्र शुरू किया जाना भी बहुत ज़रूरी है। ऐसा करके किसानों की समस्या का शीघ्र ही किया जा सकेगा।

# सृजक की ओर से जरुरतमंद मेधावी विधार्थियों को जर्सी वितरण 12 दिसंबर को

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** सृजक संस्थान की ओर से हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी जरुरतमंद मेधावी विधार्थियों को जर्सी वितरण का कार्यक्रम गुरुवार को रा0 सी0सै0 स्कूल खखावली ए नगर भरतपुर में एवं रा0 सी0 सै0 स्कूल ईंटेडा, लक्ष्मणगढ़ अलवर में दोपहर 1 बजे किया जाएगा । जिसमें दोनों विद्यालयों में कक्षा 1 से कक्षा 11 तक के सभी विद्यार्थी क्रमशरू 141 व 175 कुल 316 विद्यार्थियों को स्कूल यूनिफॉर्म की जर्सियाँ वितरित की जाएंगी। सृजक संस्थान के सचिव रामचरण राग ने बताया कि जर्सी वितरण कार्यक्रम में सृजक की संरक्षक भागीरथ मीणा, राधेश्याम शर्मा,वरिष्ठ कवि रघुवर दयाल जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोकुल राम शर्मा दिवाकर, कोषाध्यक्ष हेमराज सैनी, प्रवक्ता मुकेश मीणा, वरिष्ठ शिक्षाविद मंजू शर्मा एवं राज नारायण सैन आदि अनेक गणमान्य जन उपस्थित होंगे ।

# गीता ज्ञान से ही परिवारों की नीव मजबूत: वैशाली जसोरिया



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** गीता प्रचार मिशन अलवर द्वारा नि:शुल्क गीता का वितरण किया जाता है । इस माह 11 गीता की पुस्तके भेट स्वरूप विवाह होने वाली लड़कियों को प्रदान की गई। एक लड़की संस्कार के पौधे को पीढ़ियों तक सींचती है। वर्तमान समय में जिस प्रकार परिवारों में विघटन हो रहा है । इस विघटन को एक लड़की ही अपने संस्कारों के द्वारा रोक सकती है और यह संस्कार उसे गीता एवं परिजनों से प्राप्त होते है। इसी उद्देश्य के साथ यह कार्यक्रम किया गया इस अवसर पर मंत्री संगीता हलदिया, उपाध्यक्ष दीपा खंडेलवाल, अंजू, शीला, आशा सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रही । ये जानकारी वैशाली जसोरिया जिला संयोजिका गीता प्रचार मिशन, अलवर ने दी।

# नगर निगम ने टीम बनाकर की लोगों से समझाईशए, घर-घर जाकर किया आमजन को जागरूक

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग कर टीपर में डालने के लिए बुधवार को नगर निगम की टीम ने शहर के कई वार्डों में दौरा किया और स्थानीय निवासियों व दुकानदारों को गीला और सूखा कचरा अलग-अलग कर ऑटो टिपर में डालने के लिए समझाईश की। गौरतलब है कि नगर निगम आयुक्त जितेन्द्र सिंह नरूका के निर्देश पर शहर के समस्त वार्डों में अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम रवाना की गई। जिन्होंने ऑटोटिपर के साथ.साथ जाकर लोगों से समझाइश की। इसका असर यह रहा कि कई लोगों ने अपने घरों में गीले और सूखे कचरे के लिए अलग.अलग डस्टबिन रखना शुरू कर दिया। साथ ही सभी ऑटो टिपर में गीले और सूखे कचरे के लिए अलग.अलग पात्र बने हुए हैं ताकि कचरा संग्रहण केंद्र पर गीला और सूखा कचरा अलग.अलग ले जाया जा सके। इस तरह करे घर और दुकान पर कचरे का पृथक्करणदृ नगर निगम आयुक्त जितेंद्र सिंह नरूका ने बताया कि गीले कचरे की श्रेणी में बचा हुआ भोजनए फ्ल और सब्जियों के छिलके, मांसाहारी भोजन के अवशेष, कटी हुई घास पौधों की टहनियों और सूखे फूल में पत्तियां आती हैं। जबकि सूखे कचरे की श्रेणी में कागज, गत्ते का सामान, कांच की बोतले, प्लास्टिक और रबड़ से बना सामान, साथ ही पुराने कपड़े, जूते, बैग, खिलौने और कंप्यूटर, मोबाइल चार्जर, इलेक्ट्रॉनिक व इलेक्ट्रिकल उपकरण आते हैं। इसलिए आमजन को इस संबंध में जागरूक रहते हुए अलग-अलग श्रेणी के कचरा पात्र का उपयोग करना चाहिए ताकि कचरा संग्रहण केंद्र पर उनके पृथक्करण में आसानी रहे।

# सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे युवक ने दी जान, पूर्व सभापति के इशारे पर पुलिस करती थी परेशान, कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने किया प्रदर्शन

## प्रकरण दर्ज करने, आरोपियों की गिरफ्तारी, 25 लाख मुआवजें की मांग

**मांगे नही माने जाने तक मृतक के परिजनों ने किया शव लेने से इंकार**

**भाया ने लगाया पुलिस अधीक्षक पर अपराधियों को संरक्षण देने का आरोप**

बढ़ता राजस्थान

**अंता/बारां (शफीक मंसूरी)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व लोक अभियोजक भारत भूषण सक्सेना के रिश्तेदार,युवा कांग्रेस कार्यकर्ता शुभम सक्सेना उर्फ़ सूरज गोड़ द्वारा पूर्व सभापति कमल राठौर,उसके मित्र तेजेस सुमन जिनके खिलाफ लगभग दो दर्जन से अधिक आपराधिक प्रकरण विभिन्न धाराओं में दर्ज है, के द्वारा झूंठे मुकदमें में फंसाने तथा पुलिस द्वारा निष्पक्ष कार्यवाही नही किए जाने एवं उक्त आपराधिक व्यक्तियों के दबाव में कार्यवाही किए जाने से प्रताडित होकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली गई। मृतक के परिजनों द्वारा बुधवार को शहीद राजमल मीणा जिला चिकित्सालय के मोर्चरी घर के सामने हजारों आमजन के साथ विरोध प्रदर्शन किया गया तथा दोषियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किए जाने सही अपनी मांगों को मनवाए जाने की मांग की गई। धरने को सम्बोधित करते हुए पूर्व मंत्री प्रमोद जैन भाया ने कहा कि

### जिले में गुण्डाराज

गत एक वर्ष में कई ऐसे प्रकरण सामने आए है जिसमें कमल राठौर जैसे आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति के प्रभाव में आकर जिला पुलिस अधीक्षक राजकुमार चैधरी ने निर्दोष लोगों को झूंठे प्रकरणों में मुल्जिम बना रखा है। यातना से पीडित होकर शुभम सक्सेना ने आत्महत्या की लेकिन ऐसा नही हो कि बारां जिले में अन्य व्यक्तियों को भी प्रताडित होकर आत्महत्या करने के लिए विवष होना पडे।

**कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामचरण मीणा ने इस घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया :** पूर्व विधायक पानाचन्द मेघवाल ने कहा कि इस मामले में प्रथम दृष्टया उक्त आपराधिक व्यक्तियों के साथ-साथ स्थानीय पुलिसकर्मी व अधिकारी भी दोषी है। इस प्रकरण में अन्य प्रकरणों की भांति जिला पुलिस अधीक्षक बारां राजकुमार चैधरी की भूमिका संदिग्ध है। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा दिनांक 13 दिसम्बर 2024






को दोपहर 12.00 बजे प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्दसिंह डोटासरा एवं विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के नेतृत्व में पीडित परिवार को न्याय दिलाने के लिए धरना प्रदर्शन किया जाएगा। यदि परिवारजनों को न्याय नही मिला तो आने वाले समय में बारां जिला मुख्यालय समेत जिले के सभी तहसील मुख्यालयों पर कस्बा बन्द किया जाएगा। शहीद राजमल मीणा राजकीय जिला चिकित्सालय में धरना प्रदर्शन के दौरान विधानसभा प्रत्याशी रामलाल चैहान, नेमीचन्द मीणा विधानसभा प्रत्याषी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष विरेन्द्र सिंह गुर्जर, पीसीसी सदस्य सिद्दिक भाई, पूर्व डेयरी अध्यक्ष प्रदीप काबरा, नगर अध्यक्ष प्रषान्त भारद्वाज, डीसीसी पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष, मण्डल अध्यक्ष, कार्यकारणी सदस्य, वार्ड पार्षद, जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, सरपंच समेत वरिष्ठ नेता घनष्याम नागर मिसाई, उप सभापति नरेष गोयल पैंतरा, पूर्व मण्डी अध्यक्ष चितरंजन पाठक (भोलू), चेयरमेन मांगरोल पूर्व कौषल सुमन, पूर्व चेयरमेन मुस्तफा खान, चेयरमेन सीसवाली मो. इदरीष खान, प्रधान पंचायत समिति अटरू वंदना यादव, सहित बारां जिले सहित झालावाड जिले से हजारों की संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**यह था मामला :** मृतक के परिजनों ने बताया कि शुभम ने दो पेज के सुसाइड नोट में पूर्व सभापति कमल राठोर तथा कोतवाली पुलिस पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। मृतक सब्जीमंडी गढ़ क्षेत्र निवासी शुभम सक्सेना उर्फ सूरज गौड़ है, जो मंगलवार सुबह ही श्योपुर से बारां पहुंचा था।

**इनका कहना :** इस मामले में मेरा कोई लेना-देना नही है। सीबीआई से जांच हो जाए। सत्य सामने आ जाएगा। व्यक्तिगत द्वेषता के चलते मुझे लगातार परेशान व बदनाम किया जा रहा है।

**कमल राठोर,**
**पूर्व सभापति, बारां**

# बिजली कर्मियों ने काली पट्टी बांधकर किया प्रदर्शन



बढ़ता राजस्थान

**केशोरायपाटन( सुनील मेघवाल )।** केशोरायपाटन विद्युत संयुक्त संघर्ष समिति द्वारा विद्युत विभाग में निजीकरण कंपनियो के ठेका प्रथा बंद करने की मांग निजीकरण को रोकने के लिए , विभाग में नई भर्ती की घोषणा करने को लेकर बिजली कर्मियों ने दिनभर काली पट्टी बांधकर विद्युत विभाग में कार्य किया। सरकार को जल्द से जल्द ठेका प्रथा खत्म करने और निजीकरण पर रोक लगाने की मांग की । इस मौके पर उपखंड क्षेत्र के सभी विद्युत डिपार्टमेंट के विद्युत कर्मचारी , अधिकारी मौजूद रहे ।

**राजस्थान के बिजलीघर संयुक्त उपक्रमों को सौंपने के निर्णय पर गहरा आक्रोश**

# प्रदेश के सभी थर्मल बिजलीघरों में 51 दिनों से विरोध प्रदर्शन जारी

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में चार बड़े थर्मल, गैस एवं हाईडल बिजलीघरों को वर्षों से सफलतापूर्वक संचालित कर रहे राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड को एनटीपीसी एवं कोल इंडिया जैसे केंद्रीय उपक्रमों को सौंपने के निर्णय से बिजलीघरों में कार्यरत अभियंताओं, कर्मचारियों एवं ठेका श्रमिकों में गहरा आक्रोश है। संयुक्त मोर्चा के संयोजक राकेश गुप्ता ने बताया कि बिजलीघरों में राजस्थान इंजीनियर्स एसोसिएशन, भारतीय मजदूर संघ, इंटक, राजस्थान विद्युत उत्पादन कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने एक बैठक में संयुक्त मोर्चा गठित कर राज्य सरकार के इस निर्णय के खिलाफ जनआंदोलन करने का निर्णय लिया है। जिसके पहले चरण में कोटा थर्मल, कालीसिंध थर्मल, छबडा थर्मल व सूरतगढ थर्मल में गत 51 दिनों से अभियंताओं एवं कर्मचारियों ने रोज शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करते हुये मुख्यमंत्री एवं उर्जा मंत्री को ज्ञापन भेजा। मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, उर्जा मंत्री हीरालाल नागर व पूर्व मंत्री विधायक शांति धारीवाल से भेंट कर जेवी के निर्णय पर जनहित में पुनर्विचार करने का आग्रह किया है।

### नये उद्योग नहीं, छंटनी के बादल मंडराये

विरोध प्रदेशन के दूसरे चरण में बुधवार को कोटा थर्मल के बाहर महिला अभियंता एक दिवसीय धरने पर बैठी। संयुक्त मोर्चा के सह संयोजक ललित कुमावत, रामसिंह शेखावत, रवि गौतम, मोहम्मद रफीक, सनत शेपका, वीरेंद्र कश्यप ने बताया कि सरकार के इस दुर्भाग्यपूर्ण निर्णय से थर्मल बिजलीघरों से सस्ती दरों पर मिल रही बिजली की दरें बढेंगी, जिसका सीधा भार



आम जनता पर पडेगा। साथ ही, केंद्रीय उपक्रम अभियंताओं व कार्मिकों की विद्युत निगम में हुई नियुक्ति की सेवा शर्तों में बदलाव कर छंटनी जैसे कदम उठा सकती है। इससे प्रदेश में युवाओं के रोजगार के अवसर और घट जायेंगे।

मोर्चा के प्रवक्ता महेश चंद डागुर ने कहा कि सभी बिजलीघरों में कार्यरत अभियंता, तकनीकी कार्मिक एवं ठेका श्रमिक यूनिटों से नियमित विद्युत उत्पादन करते हुये निर्णय के विरूद्ध चरणबद्ध आंदोलन कर रहे हैं। सोमवार से संयुक्त मोर्चा द्वारा ज्वाइंट वेंचर (जेवी) के खिलाफ कोटा थर्मल के बाहर धरना प्रारंभ कर दिया गया, जिसके दूसरे दिन बुधवार को महिला अभियंता भी शामिल हो गई। बडी संख्या में थर्मल के अभियंताओं, कर्मचारियों व ठेका श्रमिकों ने राज्य सरकार के हठघर्मितपूर्ण निर्णय का नारेबाजी कर विरोध किया।

# श्री श्याम महोत्सव : गीता भवन में सम्पन्न होगा सामूहिक निशुल्क कन्या विवाह,

**दिल्ली से देवांशी सौलंकी बहायेगी भजनो की सरिता**



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** श्री श्याम महोत्सव के अंतर्गत 14 दिसंबर को गीता भवन में सामूहिक कन्या विवाह का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में पांच जरूरतमंद बेटियों का विवाह निःशुल्क संपन्न होगा। 15 दिसम्बर को खाटू श्याम जी कि विशाल निशान यात्रा निकाली जाएगी। 15 दिसम्बर को भव्य श्याम निशान यात्रा का आयोजन रामपुरा बाजार से रामधाम आश्रम तक निकाली जाएगी। कार्यक्रम के संयोजक अभिषेक शर्मा ने बताया कि श्री श्याम महोत्सव के अंतर्गत 14 दिसंबर को दोपहर 12:15 बजे कन्या विवाह सभी रीति-रिवाजों और परंपराओं का पालन करते हुए सम्पन्न होगा।इसके बाद, रात्रि 8:15 बजे श्याम भजन संध्या का आयोजन होगा,कार्यक्रम में दिल्ली से प्रसिद्ध भजन गायिका देवांशी सौलंकी अपनी प्रस्तुति से भक्तों को भक्ति रस से सराबोर करेंगी प्रिंस शर्मा ने बताया कि महोत्सव के अंतर्गत, 15 दिसंबर को भव्य श्याम निशान यात्रा निकाली जाएगी।15 दिसंबर 2024 को प्रातः 8 बजे से बजे श्री श्याम प्रभु खाटू वाले की विशाल निशान यात्रा रामपुरा महारानी स्कूल से आरंभ होकर अग्रसेन बाजार,सब्जी मंडी,गांधी जी की पुल,कैथूनी पोल,सूरज पोल,गुमानपुरा मावा मंडी,वल्लभनगर चौराहा,टिलेश्वर चौराहा,सीएडी सर्कल दादाबाड़ी चौराहा,दादाबाड़ी छोटा चौराहा होती हुई रामधाम आश्रम पहुंचेगी।

# श्रमिक नेता स्वर्गीय रमेश चंद्र व्यास की 50वीं पुण्यतिथि 28 दिसंबर 2024 को पूरे उत्साह से मनाई जाएगी

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (नि.स.)।** गांधी मजदूर सेवालय पर आज जिला इंटक की बैठक प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व राज्य मंत्री जगदीश राज श्रीमाली के मुख्य आतिथ्य में और जिला अध्यक्ष दीपक व्यास की अध्यक्षता में हुई, जिसमें आगामी 28 दिसंबर को राजस्थान इंटक के संस्थापक स्वर्गीय रमेश चंद्र जी व्यास (स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व सांसद) की 50वीं पुण्यतिथि पर प्रदेश इंटक की विशेष कार्य समिति बैठक एवं मजदूर महासंगम का आयोजन स्वर्गीय व्यास की कर्मभूमि, श्रमिक संस्था गांधी मजदूर सेवालय भीलवाड़ा में करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मोहम्मद इलियास, कन्हैया लाल शर्मा, पुरुषोत्तम शर्मा, कान सिंह चुंडावत, छोटू सिंह पुरावत, भैरू सिंह टांक, काशीराम गाडरी, पप्पू सिंह दरोगा, पवन शर्मा, राजकुमार शर्मा, कालू लाल बलाई, वीरेंद्र जैन, नंदलाल गाडरी, डुंगर सिंह, शंकर लाल खोईवाल, गोपाल तेली, गोपाल गुर्जर जाकिर खान, सुरेश हरिजन, सीताराम वैष्णव, श्याम लाल लखारा, पृथ्वी सिंह, मदन खोईवाल और महिला इंटक की प्रीति शर्मा सहित जिला पदाधिकारी उपस्थित थे।

# कोटा के सांइटिस्ट आर्यन सिंह एवं भाजपा नेता अरविन्द सिसौदिया का भाजपा कार्यालय में किया सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** भाजपा शहर जिला अध्यक्ष राकेश जैन के नेतृत्व में भाजपा कार्यालय में साफा एवं दुप्पटा पहना कर सांइटिस्ट आर्यन सिंह तथा भाजपा के वरिष्ठनेता अरविन्द सिसौदिया का सम्मान किया गया।

शहर जिला अध्यक्ष राकेश जैन ने इस अवसर पर बताया कि कोटा के निवासी सांइटिस्ट आर्यन सिंह एवं उनकी टीम के सदस्य साइंटिस्ट ऋषिराज सिंह एवं स्टार्टअप मार्गदर्शक जीतेन्द्र वर्मा नें कृषिक्षेत्र में ऑल इन वन की थीम पर आधुनिक मशीन एग्ररोबाट बनाई है जो एआई और आईडीटी के आधार पर काम करेगी। जो खेत में हकाई ,जुताई ,बुवाई ,सिंचाई और कटाई आदि के कार्यों को सम्पादित करेगी एवं सौर ऊर्जा के माध्यम से कार्य करेगी। इस




नवाचार तकनीक के लिये कोटा के आर्यन सिंह को महामहिम राष्ट्रपति महोदया द्वारा जनवरी 2024 में सम्मानित किया जा चुका है।

सिंह के अविष्कार की सराहना माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने करते हुए राईजिंग राजस्थान अर्न्तराष्ट्रीय सम्मिट जयपुर में उपरोक्त आधुनिक मशीन का अवलोकन किया एवं उज्जवल भविष्य की कामना प्रधानमंत्री जी द्वारा की है। इस दौरान महामहिम राज्यपाल महोदय, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी भी मौजूद थे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से राजस्थान गुजर गौड ब्राहम्ण महासभा के अध्यक्ष विशाल शर्मा , भाजपा के जिला उपाध्यक्ष एवं सक्रिय सदस्यता अभियान के जिला संयोजक रितेश चित्तौडा, जिला सहसंयोजक पवन सिंह हाडा, जय हरसिद्ध दिवाकर जस्सू,अरविन्द जौहरी,प्रदीप राठौर आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ढाबला फीडर पर ट्रांसफार्मर खराब होने से किसानों और ग्रामीणों को हो रही परेशानी

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले के उन्हेल क्षेत्र के ढाबला फीडर की विद्युत सप्लाई मंगलवार देर शाम से ही बंद है जिससे किसानों व ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है किसान अपनी फसलों को समय पर पानी नहीं दे पा रहे हैं तो वही ग्रामीणों को अंधेरे में अपनी रात काटनी पड़ रही है। ढाबला निवासी तूफान सिंह, रामपुरा निवासी पूर सिंह ,चोरबर्डी निवासी कालू सिंह सहित कई किसानों ने बताया कि मंगलवार देर शाम से ही फीडर पर लगा बड़ा ट्रांसफार्मर खराब हो गया है जिससे लाइट बंद है बुधवार को भी पूरे दिन लाइट नहीं जली तथा गुरुवार को बिजली आने की संभावना है लेकिन पता नहीं कब बिजली आएगी। बिजली नहीं होने के कारण किसान फसलों को समय पर पानी नहीं पिला पा रहे हैं तो वही मवेशियों के लिए भी पेजयल संकट बना हुआ है रात्रि समय में महिलाएं ,बच्चे, बड़े, बुजुर्ग सब परेशान हो रहे हैं। करीब डेढ़ माह पहले भी इसी प्रकार का संकट आया था जिसमें यहां ढाबला फीडर पर लगा हुआ बड़ा ट्रांसफार्मर जल गया था, ग्रामीणों के अनुसार बिजली की खपत ज्यादा एवं लोड की वजह से आए दिन यह समस्या होती है यहाँ एक और अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने की आवश्यकता है।

**इनका कहना :** ढाबला फीडर पर मंगलवार देर शाम को ट्रांसफार्मर इंटरनल फाल्ट के कारण खराब हो गया सूचना मिलते ही मौके पर जाकर देखा एवं आला अधिकारियों को सूचना दी,फिलहाल झालावाड़ से नया ट्रांसफार्मर निकल चुका है गुरुवार सुबह



तक विद्युत सप्लाई चालू कर दी जाएगी ।यहां बिजली खपत ज्यादा होने के कारण यह समस्या हो सकती है अतिरिक्त ट्रांसफार्मर के लिए विभाग को प्रपोजल दे रखा है जल्द ही एक और ट्रांसफार्मर की व्यवस्था करवाई जाएगी ताकि आगे इस प्रकार की समस्या उत्पन्न ना हो।

**रामकुमार, जेईएन,**
**जेवीवीएनएल, चौमहला**

# साध्वी मंडल ने संघवी परिवार के घर जाकर पगलिए कर मांगलिक सुनाई



बढ़ता राजस्थान

**चौमहला( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले के उन्हैल कस्बे के नागेश्वर जैन तीर्थ में बुधवार को नागेश्वर तीर्थ में चातुर्मास की आराधना कर रहे साध्वी मंडल मोक्षज्योतिश्रीजी मसा, वर्धमान तप आराधिका आदर्शज्योतिश्रीजी मसा, सौम्य स्वभावी आशयज्योतिश्रीजी मसा, आर्यज्योतिश्रीजी मसा आदि ठाणा ने चातुर्मास समापन पर उन्हैल श्री संघ की विनती पर कस्बे की सभी जैन समाज के घर-घर जाकर पगलिए कर मांगलिक सुनाने का निर्णय किया। इसी कड़ी में बुधवार को सर्वप्रथम कस्बे के संघवी ममता अजय कुमार जैन के घर जाकर सभी साध्वी मंडल ने पगलिए किया व मांगलिक सुनाई। इस अवसर पर सभी जैन समाज के महिला पुरुष उपस्थित रहे बुधवार को परम पूज्य मोक्षज्योतिश्री जी महाराज साहब का जन्म दिवस भी सेवा भाव के रूप में मनाया गया। साध्वी मंडल अभी 15 दिन और नागेश्वर तीर्थ में रुककर आगामी पौष दशमी पर भगवान पार्श्वनाथ के जन्म कल्याणक महोत्सव में निशा प्रदान करने के बाद नागेश्वर से विहार करेंगे।

# नगर निगम की कार्यवाही 300 किलो प्लास्टिक कैरीबैग जब्त, सप्लाई के लिए बाहर ले जाने की थी तैयारी

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (नि.स.)।** नगर निगम की टीम ने बुधवार को हरीसेवा धर्मशाला के पीछे एक वाहन में भरे जा रहे 300 किलो प्लास्टिक कैरीबैग जब्त किये हैं। हालांकि सप्लायर का खुलासा अभी नहीं हो पाया है। नगर निगम के होमगार्ड प्रभारी जोरावर सिंह ने बताया कि नगर निगम को लगातार ऐसी शिकायतें मिल रही थी कि शहर से प्लास्टिक कैरीबैग की सप्लाई की जा रही है। इसके चलते निगम की टीम सप्लायर तक पहुंचने का प्रयास कर रही थी कि इस बीच बुधवार को निगम की टीम जब हरीसेवा धर्मशाला के पीछे पहुंची तो वहां एक टेंपो से लाये गये प्लास्टिक कैरीबैग के आठ कट्टे बिजय नगर जाने वाले एक वाहन में लोड किये जा रहे थे। टीम ने इन आठ कट्टों को जब्त कर लिया। वाहन चालक से जब केरीबैग मालिक के बारे में पूछताछ की तो वह आनाकानी करने लगा और यह कहकर टालने लगा कि वह फोन कर उसे बुला रहा है। होमगार्ड प्रभारी जोरावर सिंह ने बताया कि उच्चाधिकारियों से विचार विमर्श कर आगे कार्रवाई की जायेगी।

# मतदाता सूचियां के संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य को लेकर एडीएम ने ली बीएलओ की बैठक

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** मतदाता सूचियां के संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य को लेकर वर्तमान में बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा अपने बूथ से जुड़े मोहल्ले और कॉलोनी में जाकर 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने वाले नव मतदाता को जोड़ने के साथ मतदाता सूची से जुड़े विभिन्न संशोधन कार्य किया जा रहे हैं। जिसकी प्रगति रिपोर्ट को लेकर धौलपुर एडीएम धीरेंद्र सोनी और बाड़ी एसडीएम हेमंत कुमार घनघोर ने लक्ष्य की प्राप्ति नहीं करने वाले बीएलओ की एक बैठक का आयोजन शहर के नगर पालिका परिसर में किया। जहां समस्त बीएलओ से उनके कार्य में आ रही परेशानी को जाना और लक्ष्य प्राप्ति को लेकर निर्देश दिए।

एडीएम धीरेंद्र सोनी ने बताया कि निर्वाचन विभाग द्वारा समस्त मतदाता सूचियां के एक बार पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है। जिसको लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जिले के समस्त ब्लॉकों के एसडीएम को निर्देश दिए हैं। इसी के तहत यह कार्य लगातार चल रहा है। 14 दिसंबर तक समस्त बीएलओ को अपनी मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण कारण का कार्य पूरा करना है। जिसके लिए उन्हें लक्ष्य भी दिया गया है लेकिन समस्या यह है कि कुछ बीएलओ द्वारा अभी तक कार्य में लक्ष्य प्राप्ति नहीं की गई। इसी को लेकर यह समीक्षा बैठक आयोजित की है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एसडीएम हेमंत कुमार ने बताया कि जिन बीएलओ ने यह लक्ष्य प्राप्त नहीं किया है। जिनकी प्रगति नून है,उनको निर्देश जारी किए हैं। उनकी समस्या को भी जाना है। जिसके समाधान के लिए बीएलओ से जुड़े सुपरवाइजर को निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि बीएलओ द्वारा आज तक भरे गए प्रारूप 6,प्रारूप 7 और प्रारूप 8 की जांच की गई है। सभी से उनके द्वारा लगाए गए सर्पोटिंग डॉक्युमेंट्स की भी जानकारी एवं प्राप्त दावे और आपत्तियों के निस्तारण के विषय में भी बैठक में जानकारी ली है। बीएलओ की इस बैठक के दौरान बाड़ी तहसीलदार उत्तम चंद्र बंसल,निर्वाचन कार्यालय के प्रभारी राकेश कुमार शर्मा,विक्रांत मिश्रा के साथ अन्य कार्मिक मौजूद रहे।



# राज्य स्तरीय समान अर्द्धवार्षिक परीक्षा आयोजन को लेकर अधिकारियो की बैठक

## सभी प्रश्नपत्रों को रखा जायेगा बोर्ड पैटर्न पर नजदीकी थानों में

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** प्रदेश के सरकारी एवं निजी विद्यालयों में पहली बार राज्य स्तर पर अर्धवार्षिक परीक्षा का आयोजन 14 दिसंबर से 24 दिसंबर के मध्य होने जा रहा है। इसको लेकर बृहद स्तर पर शिक्षा विभाग द्वारा राज्य,जिला एवं ब्लॉक स्तर पर तैयारी की गई है। बाड़ी ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले राजकीय एवं निजी उच्च माध्यमिक विद्यालय में राज्य स्तरीय समान परीक्षा का आयोजन 99 विद्यालयों में किया जाएगा। इसको लेकर बुधवार को एक तैयारी बैठक शहर के किला परिसर स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में उपखंड के मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कल्याण सिंह मीणा की अध्यक्षता मे की गई। ब्लॉक शिक्षा विभाग के आर पी सुरेश भारद्वाज ने बताया कि निदेशक माध्यमिक शिक्षा एवं प्रारंभिक शिक्षा द्वारा इस समान परीक्षा को लेकर दिशा निर्देश एवं 6 दिसंबर को एक वीसी के माध्यम से दिए गए थे। ऐसे में उक्त निर्देशो की पालना में दिशा ब्लॉक के समस्त पीईईओ एवं यूसीईईओ को सीबीईओ कल्याण सिंह मीणा ने निर्देशित किया है। भारद्वाज ने बताया कि समस्त पीईईओ एवं यूसीईईओ को प्रश्न पत्रों का वितरण जिला संग्रहण केंद्र धौलपुर से गुरुवार 12 दिसंबर को प्रात: 10 बजे से किया जाएगा।

जिला संग्रहण केंद्र से पीईईओ प्रश्न पत्र प्राप्त कर सुरक्षित रूप से अपने नजदीकी थानों में रखेंगे। जिनका वितरण प्रतिदिन परीक्षा टाइम टेबिल के हिसाब से किया जाएगा।

बैठक में अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अजय कुमार कौशिक,शहरी प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी हरिओम सिंह सिकरवार,प्रधानाचार्य विनोद कुमार शर्मा,रामनिवास मीणा,विष्णु कुमार शर्मा,विष्णु कुमार मीणा,द्वारका प्रसाद मीणा,ओमवती मीणा,रजनीश रावत वीरेंद्र दीक्षित,लक्ष्मी नारायण बंसल सहित समस्त प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

# एक बार फिर 2.67 करोड़ रुपए की ठगी के मामले में पूर्व बसपा विधायक बीएल कुशवाह को सात साल की जेल

## जांजगीर चांपा (छत्तीसगढ़) के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने दिया ठगी के मामले में फैसला

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( नि.स. )।** 2 करोड़ 67 लाख रुपए की ठगी के मामले में धौलपुर के पूर्व बसपा विधायक बीएल कुशवाह को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने 7 साल जेल की सजा सुनाई है। ट्रायल के दौरान वह पांच साल पहले ही जेल में रह चुका है। जिला अभियोजन अधिकारी नंद कुमार पटेल ने बताया कि राजस्थान की चिटफंड कंपनी गरिमा होम रियल स्टेट एवं एलाइड कंपनी ने जांजगीर-चांपा जिले के चांपा के लायंस चौक पर अपना दफ्तर खोला था। कंपनी के झांसे में आकर क्षेत्र के कुछ लोग उससे जुड़ गए। कंपनी ने एजेंट के माध्यम रकम जमा कराकर पांच साल में रकम दोगुना करने का झांसा दिया और करीब 2 करोड़ 67 लाख 48 हजार 374 रुपए वसूलने के बाद अपना बोरिया बिस्तर समेटकर रफू चक्कर हो गई। निवेशकों को जब दफ्तर में ताला देखा तो उन्हें ठगी का अहसास हुआ। निवेशक दिलचंद देवांगन पिता किशन देवांगन ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसकी रिपोर्ट पर पुलिस ने कंपनी के डायरेक्टर व धौलपुर के पूर्व विधायक बनवारी लाल कुशवाहा को गिरफ्तार किया था। पांच साल मामला कोर्ट में चला। गवाहों को सुनने और साक्ष्यों को परखने के बाद शनिवार को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सर्व विजय अग्रवाल ने उसे मामले में दोषी पाया और उसे सात साल जेल की सजा सुनाई।

साल 2012 में नरेश कुशवाहा हत्याकांड मामले में साल 2016 से कुशवाहा भरतपुर सेवर जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे थे। वे हाल ही में जमानत पर रिहा हुए हैं। इस संबंध में जिला अभियोजन अधिकारी नंद कुमार पटेल ने जानकारी दी कि इस प्रकरण के आरोपी को किसी अन्य प्रकरण में तीन वर्ष से अधिक कारावास के दंडनीय मामले में सजा सुनाया गया है तो उन्हें आजीवन कारावास तक का दंड बढ़ाए जाने का प्रावधान है।

### 4 आरोपी अब भी पुलिस की पकड़ से बाहर...

ठगी के मामले में बीएल कुशवाह के अलावा शिवराम कुशवाह, बाल किशन कुशवाह, जितेंद्र कुमार व विजेंद्र पाल सिंह के खिलाफ भी मामला दर्ज हुआ था। पर पुलिस अब तक सिर्फ बीएल कुशवाह को ही गिरफ्तार कर पाई है। अन्य चार आरोपी अब भी फरार है। कोर्ट ने पुलिस को उनको गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने के आदेश दिए हैं।

### विधायक बनने के तीन साल बाद ही हुई जेल, पत्नी भी एमएलए..

कुशवाह ने 2013 में बसपा की ओर से विधानसभा चुनाव लड़ा और धौलपुर से जीते, 2016 में नरेश हत्याकांड में कोर्ट ने उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके बाद बीएल कुशवाहा की पत्नी शोभारानी कुशवाहा राजनीति में आई और 2017 में हुए उपचुनाव में जीतीं। 2019 व 2023 में हुए चुनावों में भी विधायक चुनी गई।

# सरकार की योजनाओ से जोड़ने गुरु की बगिया में लगा घुमंतू परिवारों के लिए शिविर

## आवास किश्त, घुमन्तु प्रमाण पत्र और पालन हार के लिए किया आवेदन, शिविर में आये गड़रिया लुहार परिवारों का आरोप, नहीं होता कोई काम, बरसो से परेशान



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर की गुरु की बगिया में बुधवार को नगर पालिका क्षेत्र के लिए घुमंतु परिवारों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बाड़ी तहसीलदार उत्तमचंद बंसल के साथ नगर पालिका की अध्यक्ष कमलेश देवी,पंचायत समिति के विकास अधिकारी रामबोल सिंह और समाज कल्याण के साथ विभिन्न विभागों के अधिकारी,कर्मचारी मौजूद रहे। शिविर के दौरान घुमंतु परिवारों ने विभिन्न प्रमाण पत्र बनाये जाने को लेकर आवेदन किया और सरकार से जनकल्याणकारी योजनाओं में जल्द जोड़े जाने की मांग की। तहसीलदार उत्तमचंद बंसल ने बताया कि बड़ी शहर की 45 वार्डों में रहने वाले घुमंतु,अर्ध घुमंतु विमुक्त एवं अन्य परिवारों के लिए यह शिविर समाज कल्याण विभाग और नगर पालिका के सहयोग से आयोजित किया गया। जिसमें जनाधार कार्ड के लिए चार परिवारों ने आवेदन किया। वहीं घुमंतू पहचान प्रमाण पत्र बनाने के लिए कुल 43 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। जिनमें नौ आवेदन पत्र ऑनलाइन जमा कराए गए हैं।

इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवंटित भूमि पर आवास के लिए दो लाभार्थियों को द्वितीय और तृतीय किस्त जारी की गई। वहीं पालनहार योजना में आठ और वृद्धा पेंशन योजना में तीन आवेदन पत्र जमा हुए हैं। शिविर के दौरान नगर पालिका के सफाई निरीक्षक सीताराम शर्मा,सुधीर त्यागी,यादवेंद्र सिंह,लोकेश कुमार,सुनील यादव,योगेंद्र मीना,तपेश बिधूड़ी,होतम सिंह,पार्षद रुक्मपाल सिंह,अमर सिंह पोसवाल,कृष्णा शर्मा,अरविंद एवं अन्य मौजूद रहे।

**गडरिया लोहार परिवारों का आरोप, आज तक नहीं मिली कोई सहायता, बरसो से परेशान :** बाड़ी शहर की गुरु की बगिया में रहने वाले घुमंतू गडरिया लोहार परिवारों के शिविर में आए लोगों ने बताया कि पहले भी गुरु की बगिया में रहते थे। जहां से भगाने पर खेल मैदान के पीछे खाली जगह में अपना बसेरा बना रखा है। करीब 20,25 साल से वे बाड़ी में रह रहे हैं लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं है। आज तक उन्हें सरकार की किसी भी योजना का लाभ नहीं मिला है।

# राज्य सरकार की पहली सालगिरह पर होंगे विभिन्न कार्यक्रम

## ‘रविराज’ से होगा आगाज, जिला सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय में लगेगी भव्य विकास प्रदर्शनी

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर,( नि.स. )।** राज्य सरकार की पहली सालगिरह पर 12 से 17 दिसंबर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जायेगी। आमजन को बीते वर्ष में राज्य सरकार की विभिन्न विभागवार उपलब्धियों से परिचित कराने एवं युवाओं, किसानों, महिलाओं, वंचितों सहित अन्य हितधारकों को जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत लाभान्वित करने हेतु कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।

**रविराज से होगा आगाज :** सरकार की पहली वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रमों का आगाज रन फोर विकसित राजस्थान, दौड़ रविराज से होगा। 12 दिसंबर को सुबह 8 बजे जिला मुख्यालय पर रन फॉर विकसित राजस्थान रविराज नगर परिषद से शुरू होकर मचकुण्ड तक पहुंचेगी। रविराज के तहत युवा, छात्र-छात्राएं, खिलाडी एवं आमजन भाग लेंगे।

**लगेगी भव्य जिला विकास प्रदर्शनी :** कार्यक्रम का विशेष आकर्षण जिला सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय में आयोजित विकास प्रदर्शनी होगी। विकास प्रदर्शनी की शुरुआत जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी गुरुवार सुबह 10 बजे फीता काटकर करेंगे। जिला विकास प्रदर्शनी हेतु सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के सहायक निदेशक राजकुमार मीना को नोडल अधिकारी बनाया गया है। सहायक जनसम्पर्क अधिकारी रोहित मित्तल ने बताया कि जिला विकास प्रदर्शनी में नवाचार करते हुए विभिन्न विभागों की डॉक्यूमेंट्री फिल्मों का प्रदर्शन किया जायेगा। साथ ही प्रदर्शनी में विभिन्न विकास अवसंरचनाओं के 3डी मिनिएचर का समावेश किया गया है। प्रदर्शनी स्थल पर राजीविका स्वयं सहायता समूह के उत्पाद का स्टॉल भी लगाया जायेगा। प्रदर्शनी स्थल पर विभागवार विभिन्न उपलब्धियों का प्रदर्शन भी किया जायेगा।

# स्टूडेंट के लिए करियर गाइडेंस सत्र का आयोजन: आगरा की यूनिवर्सिटी ने किया 150 से अधिक छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** 12वीं क्लास पास करने के बाद स्टूडेंट को उनका करियर चुनने के लिए करियर गाइडेंस सत्र का आयोजन किया गया। शारदा यूनिवर्सिटी आगरा द्वारा धौलपुर के एक निजी होटल में आयोजित किए गए करियर गाइडेंस सत्र में विभिन्न स्कूलों के डेढ़ सौ से अधिक छात्र-छात्राओं ने अपने प्रिंसिपल और टीचर के साथ भाग लिया। सत्र का वर्चुअल उद्घाटन डॉ. राजीव गुप्ता, निदेशक और डॉ. जयंती रंजन, वाइस चांसलर, शारदा यूनिवर्सिटी द्वारा किया गया। डॉ. गुप्ता ने अपने संबोधन में छात्रों को उनका उचित करियर निर्णय लेने के महत्व पर जोर दिया और छात्रों को उनके सपनों और आकांक्षाओं को साकार करने के लिए अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

# एसपी सहित पुलिस का चंबल नदी के घाट पर छापा

## अवैध बजरी से भरे 31 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त, अंधेरे का फायदा उठाकर भागे आरोपी



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** सुप्रीम कोर्ट से प्रतिबंधित चंबल बजरी को लेकर अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए एसपी के साथ धौलपुर पुलिस ने एक साथ चंबल बजरी से भरी 31 ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ा है। पुलिस की कार्रवाई के दौरान बजरी कारोबारी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में कामयाब हो गए। घड़ियाल अभ्यारण क्षेत्र होने की वजह से चंबल नदी से बजरी निकासी पर पूरी तरह से प्रतिबंध हैं। जिसके बावजूद कुछ बजरी कारोबारी चोरी छुपे नदी से बजरी का दोहन करने में लगे हुए थे। देर रात को पुलिस को सूचना मिली थी कि देवपुरा स्थित चंबल नदी के घाट पर बड़ी संख्या में ट्रैक्टर-ट्रॉली में चंबल बजरी भरी जा रही है। जिसकी सूचना पर एसपी सुमित मेहरड़ा के साथ धौलपुर जिले के अलग-अलग थानों की पुलिस घेराबंदी करते हुए मौके पर पहुंची। जहां पुलिस की टीम को आता देख ट्रैक्टर-ट्रॉली में बजरी भर रहे आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर चंबल नदी में होकर मध्य प्रदेश की ओर भाग निकले। इस दौरान कुछ आरोपियों ने ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को चंबल नदी के बीच में फंसा दिया। जिन्हें जेसीबी की मदद से बाहर निकाला गया।

मौके पर पहुंची पुलिस ने घेराबंदी करते हुए चंबल नदी के किनारे से एक बजरी से भरी हुई 31 ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर लिया है। घटना को लेकर कोतवाली थाने में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ वन्य जीव अधिनियम के तहत मामला दर्ज कराया गया हैं।

चंबल बजरी के खिलाफ धौलपुर पुलिस की अब तक की यह सबसे बड़ी कार्रवाई मानी जा रही हैं। पुलिस की कार्रवाई के बाद जिले में बजरी दोहन पूरी तरह से बंद हो गया है।

# होद मोहल्ले की बजरंग कॉलोनी में जर्जर प्लेटफार्म टूटने से ट्रांसफार्मर गिरा, 24 घंटे रही बिजली व्यवस्था चौपट

## नागरिको का आरोप पूर्व में किया था सचेत, नहीं दिया ध्यान

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर की बजरंग कॉलोनी में ट्रॉंफार्मर का प्लेटफार्म धराशाही होने के चलते करीब 24 घंटे तक विधुत आपूर्ति बाधित रही। ऐसे में कॉलोनी के साथ आसपास की गलियों के नागरिक काफी परेशान हुए। मंदिर के पास ट्रॉंफार्मर के लिए लगाया गया यह प्लेटफार्म कई दिनों से जर्जर अवस्था में था। जिसको लेकर कॉलोनी के लोगों ने करीब दो सप्ताह पहले विरोध प्रदर्शन भी किया था और विद्युत विभाग से प्लेटफार्म को सही करने की मांग की थी लेकिन विभाग द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया गया। ऐसे में प्लेटफार्म के गिरने के चलते ट्रांसफार्मर सड़क पर आ गिरा है और होद सहित आसपास की कई कॉलोनी की घरों की बिजली सप्लाई बंद हो गई। कॉलोनी निवासी पूर्व अध्यापक महावीर प्रसाद गोयल,दिनेश गर्ग,मनोज कुमार,संजय बंसल,सुनील गौड़ आदि ने बताया कि यह प्लेटफॉर्म कई महीनो से जर्जर अवस्था में था। जिसको लेकर डिस्काम के अधिकारियों के साथ सीएम पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई थी लेकिन डिस्कॉम द्वारा इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। ऐसे में करीब 2 सप्ताह पहले नागरिकों ने विरोध प्रदर्शन भी किया था लेकिन उंस पर भी विभागीय अधिकारियों की नींद नही खुली। ऐसे में मंगलवार की शाम 6 बजे यह ट्रांसफार्मर प्लेटफार्म से दरकने से नीचे आ गिरा और पूरे मोहल्ले सहित आसपास की कई कॉलोनीयों की बिजली सप्लाई बंद हो गई। जिसको लेकर डिस्काम के सिटी जेईएन के साथ कई अधिकारी भी मौके पर पहुंचे।

# रास्ता बनवाने के लिए कलेक्ट्रेट पहुंचे कॉलोनीवासी : कलेक्टर को लेटर सौंपकर रेलवे क्रॉसिंग पर 300 मीटर सड़क निर्माण की मांग की

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( नि.स. )।** धौलपुर शहर की खौसला बिहार कॉलोनी और आसपास के लोगों ने जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी से मुलाकात कर रास्ता बनवाने की मांग करते हुए लेटर सौंपा है। कलेक्टर को दिए गए लेटर में लोगों ने शारदे स्कूल से खोसला बिहार तक की सड़क बनवाने की मांग की है। जिला कलेक्टर को दिए गए लेटर में बताया गया कि शारदे स्कूल के पास रेलवे क्रॉसिंग से खौसला बिहार तक लगभग 300 मीटर की दूरी है, जिसके आसपास लगभग 2000 परिवार रहते हैं। अपने नियमित कार्य के लिए रोजाना इस मार्ग से होते हुए रोजमर्रा के कार्यों के लिए शहर जाते हैं। लोगों ने बताया कि हाल ही में नैरोगेज लाइन के सहारे वाला रास्ता बंद कर दिया गया है, जिसके चलते अब लोगों को शहर की ओर घूम कर जाना पड़ रहा है। इसके अलावा रास्ते में पानी भरा हुआ है। जिला कलेक्टर को सौंपे गए लेटर में लोगों ने बताया कि यहां 8 से अधिक कॉलोनी के लगभग 2000 परिवार रहते हैं। जिनके लिए शहर जाने का कोई भी मार्ग नहीं है। कॉलोनी वासियों ने मांग की है कि रेलवे लाइन के सहारे सहारे करीब 300 मीटर सड़क का निर्माण कर दिया जाए तो कॉलोनी वासियों के लिए रास्ता सुगम हो जाएगा।

# 5 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार, 8 लोगों के अपहरण के मामले 18 साल से चल रहा था फरार, राजाखेड़ा थाना पुलिस की कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (नि.स.)।** धौलपुर जिले की राजाखेड़ा थाना पुलिस को आज बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने 5 हजार रुपए के इनामी बदमाश नरेश को गिरफ्तार किया है। आरोपी बदमाश आठ लोगों के अपहरण के मामले में 18 साल से फरार चल रहा था। मामले को लेकर राजाखेड़ा थाना पुलिस ने बताया कि पुलिस द्वारा चलाए जा रहे वांछित अपराधियों के धरपकड़ अभियान के तहत इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया गया है।

# राज्य सरकार के एक साल पूरा होने पर अंबेडकर भवन में 12 से 17 तक होंगे विभिन्न कार्यक्रम

## जिला स्तरीय प्रदर्शनी, युवा सम्मेलन व रोजगार उत्सव का आगाज

बढ़ता राजस्थान

- सुबह 8 बजे से होगी रन फॉर विकसित 5 राजस्थान, रविराज
- जिला कलेक्टर ने अंबेडकर भवन पहुंचकर तैयारियों का लिया जायजा
- शुक्रवार को प्रभारी मंत्री करेगें जिला विकास पुस्तिका का विमोचन

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** वर्तमान राज्य सरकार का एक साल का कार्यकाल पूरा होने पर 12 से 17 दिसंबर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिला कलेक्टर डॉ श्री महेंद्र खड़गावत ने इस संबंध में प्रभारी अधिकारियों को सभी कार्यक्रमों के सुव्यवस्थित आयोजन व अधिक से अधिक जन भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने बुधवार को अंबेडकर भवन पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को संपूर्ण तैयारियां समय पर पूरी करने के निर्देश दिए । इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर मोहनलाल खटनावलिया, नगर परिषद आयुक्त दलीप पूनिया सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी गण मौजूद रहे ।

### यह होंगे कार्यक्रम

जिला कलक्टर ने बताया कि 12 दिसंबर को सुबह 8 बजे जिला मुख्यालय पर रन फॉर विकसित राजस्थान (रविराज), प्रात: 10 बजे अंबेडकर भवन में जिला स्तरीय प्रदर्शनी का शुभारंभ कार्यक्रम व 11 बजे युवा सम्मेलन एवं रोजगार उत्सव का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि रविराज कलेक्ट्रेट परिसर से शुरू होकर राजकीय महाविद्यालय के मैदान तक पहुंचेगी। प्रात: 10 बजे अंबेडकर भवन में जिला स्तरीय विकास प्रदर्शनी का शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके बाद युवा एवं रोजगार उत्सव का आयोजन अंबेडकर भवन सभागार में किया जाएगा, जहां नवचयनित कार्मिकों को नियुक्ति पत्र दिया जाएगा। युवा एवं रोजगार उत्सव के प्रभारी अधिकारी एवं सीएमएचओ डॉ संजय गहलोत ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी विभिन्न जिलों के नव चयनित कार्मिकों से संवाद कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में नवचयनित कार्मिकों को नियुक्ति प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे। इसके बाद 13 दिसंबर, शुक्रवार को जिला प्रभारी मंत्री झाबर सिंह खर्रा के द्वारा जिला विकास पुस्तिका का विमोचन किया जाएगा। प्रभारी अधिकारी एवं पीआरओ रविन्द्र वैष्णव ने बताया कि इस दौरान जिले में हुए विकास कार्यों के संबंध में प्रभारी मंत्री खर्रा प्रेस कांफ्रेंस भी करेंगे ।सुबह 11 बजे अंबेडकर भवन सभागार में ही किसान सम्मेलन का भी आयोजन होगा। वहीं 14 दिसंबर को महिला सम्मेलन का आयोजन होगा। जबकि 15 दिसंबर को अंत्योदय सेवा शिविर आयोजित कर दिव्यांगों को स्कूटी वितरण, मुख्यमंत्री विश्वकर्मा योजना का शुभारंभ, निर्माण श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं के तहत राशि का हस्तांतरण, मुख्यमंत्री स्व निधि योजना के तहत स्ट्रीट वेंडर को ऋण की स्वीकृति, स्वास्थ्य आपके द्वार अभियान सहित विभिन्न योजनाओं का शुभारंभ किया जाएगा। इसी दौरान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में रक्तदान शिविर भी आयोजित किया जाएगा। इसके बाद 17 दिसंबर को ईआरसीपी संशोधित पीकेसी के शिलान्यास प्रथम चरण का सहित प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक-एक आयुष्मान मॉडल सीएचसी, वन मित्रों के द्वारा पौधों की देखरेख सहित विभिन्न कार्यक्रमों का राज्य स्तर से शिलान्यास एवं लोकार्पण किया जाएगा।



## मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गारंटी योजना में कार्यरत श्रमिकों ने कार्य का समय बदलने के साथ मजदूरी को बढ़ाने के लिए दिया ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( नि.स. )।** मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गारंटी योजना, बूंदी के अंतर्गत मस्टरोल में कार्यरत श्रमिकों का कार्य समय सुबह 8 से 5 बजे तक निर्धारित है। सर्दी के मौसम में ठंड अधिक हो जाती है, इसलिए महिला श्रमिकों ने आज जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि श्रमिकों का कार्य समय सुबह 8 से 5 के स्थान पर 9 से 4 बजे तक किया जाए। श्रमिकों का कहना है कि वर्तमान में महंगाई के इस दौर में 250/- रुपये की दिहाड़ी काफी कम है, इसलिए उनका वेतन बढ़ाए जाने की भी मांग की गई। इसके साथ ही, इस योजना के तहत हर मस्टरोल मेट के नाम से जारी होता है, जबकि अब मस्टरोल में से मेट को हटा दिया गया है और मेट का नाम भी श्रमिकों में जोड़ दिया गया है। श्रमिकों की मांग है कि मेट का कार्य उन्हें न सौंपा जाए और मस्टरोल मेट के नाम से ही इसे जारी किया जाए। इन्हीं सभी मांगों को लेकर महिला श्रमिकों ने इकट्ठा होकर जिला कलेक्टर के पास पहुंचकर ज्ञापन सौंपा।

## मांधाता बालाजी के मेले को लेकर पोस्टर का विमोचन किया



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** 1 जनवरी से 4 जनवरी तक आयोजित होने वाले मांधाता बालाजी के मेले को लेकर बुधवार को मनसा पूर्ण गणेश मंदिर पर विधिवत रूप से गणेश जी महाराज को निमंत्रण देकर पोस्टर का विमोचन किया गया । संयोजक हर्षवर्धन भटनागर ने बताया कि 1 जनवरी को प्रात: 10.00 बजे अखंड रामायण पाठ और हनुमान चालीसा का पाठ होगा । 2 जनवरी को टाइगर हिल पर रामायण जी की पूर्णाहुति और कन्या भोज दोपहर 2.00 बजे होगा । 3 जनवरी को जेत सागर तलहटी पर श्रमदान और 4 जनवरी को प्रात: 8.00 बजे भाव चोला दर्शन दोपहर 2.00 बजे भजन संध्या सम्मान समारोह और शाय 6 बजे महा आरती और भव्य आतिशबाजी के साथ में मेले का समापन होगा । मेला मीडिया प्रभारी अभिषेक जैन ने बताया कि पोस्टर विमोचन के दौरान संरक्षक पूर्व सभापति महावीर मोदी, विजयंत सिंह आमेरा ,राजकुमार श्रंगी ,सुनील हाडोती ,अशोक शर्मा, मोजी नुवाल ,महावीर जैन ,जसविंदर सिंह, राजेश शेरगड़िया, संदीप श्रंगी, सर्वदमन शर्मा, नितेश शर्मा, महेश शर्मा, मुकुट शर्मा, गौरव वर्मा, लोकेश सुमन ,स्वप्नेश शर्मा, मनीष सिसोदिया, करण शंकर सैनी, गौरव भटनागर ,अशोक शेरगड़िया ,सूरज राठौर ,रोहित बैरागी, अनिल चतुर्वेदी ,मनमोहन अजमेरा सहित मेला समिति के सदस्य मौजूद रहे ।

## साध्वीरत्ना वरिष्ठ महासती पुष्पावती महाराज का कल होगा विहार

### भगवान मल्लीनाथ का जन्म कल्याणक मनाया

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** श्री हुकमगच्छ संघनायक जैनाचार्य प्रवर विजयराज म सा की आज्ञानुवर्ती साध्वी रत्ना वरिष्ठ महासती पुष्पावती म.सा.नगर में अल्पकालीन प्रवास पूर्ण कर गुरुवार को सवेरे विहार करेंगे। श्री साधुमार्गी शांत क्रांति जैन श्रावक संघ अध्यक्ष संपतराज ढेडिया व उपाध्यक्ष गणपतराज लोढ़ा के अनुसार वरिष्ठ महासती पुष्पावती म.सा.अपनी सहयोगी महासती निर्मलाश्री, साध्वी साधनाश्री व साध्वी सुलभाश्री के साथ आज सवेरे 09 बजे मेवाड़ी गेट बाहर आचार्य विजयराज मार्ग स्थित नवकार भवन से पैदल विहार कर मेवाड़ी गेट,महावीर बाजार, एकता सर्कल, महादेव जी छत्री अजमेरी गेट होते हुए अजमेर रोड के रिको हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित मंगल मिश्री फेक्ट्री जायेंगे।

#### धर्म ध्यान तप त्याग का लगा अनुपम ठाठ

संघ महामंत्री कमल छल्लाणी ने बताया कि वरिष्ठ महासती एवम महासती मंडल के नगर में अल्पकलीन प्रवास के दौरान श्रद्धालु श्रावक श्राविकाओं में धर्म ध्यान, तप त्याग, जप जाप, साधना आराधना का अनुपम ठाठ लगा। प्रात: कालीन प्रार्थना एवम ध्यान शिविर व दोपहर में धर्म चर्चा एवम रात्रि कालीन तत्व चर्चा में श्रावक श्राविकाओं में जबर्दस्त उत्साह उमंग झलक रहा है।

#### जन्मोत्सव त्याग तप से मनाया

नवकर भवन के मेघराज कोठारी हाल में साध्वी प्रमुखा पुष्पावती महाराज के पावन सानिध्य में जैन धर्म के 19 वे तीर्थंकर भगवान मल्लीनाथ स्वामी का जन्म कल्याणक तप त्याग के साथ मनाया गया। इस मौके पर श्रद्धालु श्रावक श्राविकाओं ने आयंबिल, एकासन, बियासन,उपवास, दया व्रत कर मल्लीनाथ स्वामी के प्रति अपनी श्रद्धा भक्ति आस्था एवं समर्पण भाव प्रकट किए। वरिष्ठ साध्वी रत्ना ने श्रद्धालुओं को दिव्य मांगलिक प्रदान की। श्रद्धालु श्रावक श्राविकाओं ने भगवान मल्ली नाथ,भगवान महावीर,नाना गुरु व विजय गुरु की जय जयकारों से समूचे क्षेत्र को गुंजायमान कर दिया धर्म सभा का संचालन संघ अध्यक्ष संपतराज ढेडिया ने किया।

## आखिर भू-माफियाओं के मंसूबों पर फिरा पानी, अब ना गेट लगेगा और ना ही रास्ता अवरुद्ध होगा : खटनावलिया

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** ब्यावर के अतिरिक्त जिला कलेक्टर व नगर परिषद के प्रशासन मोहनलाल खटनावलिया ने आमजन को राहत पहुँचाने के लिए रास्ता खोलो अभियान के तहत खोले गये रास्ते पर कुछ तथाकथित लोगों द्वारा दरवाजा लगाकर अपने निजी कार्य में लिये जाने के मंसूबों पर पानी फेर दिया । सरकार नवाचार के तहत काफी समय से बन्द पड़े रास्ते व एक कालोनी से दूसरी कालोनी को जोडने वाले रास्तों को खोलकर आमजन को राहत पहुँचाने व रास्तों की सुलभता दिलवाने का प्रयास कर रही है। गत शनिवार को छुट्टी का दिन देखकर कुछ तथाकथित लोगों ने बगैर नगर परिषद की जानकारी में लाये रास्ता खोल दिया था। जब रास्ता खोल दिया गया तो अब उस पर दरवाजे लगाने का क्या औचित्य। इसी मामले को लेकर कुछ कालोनी वासियों ने नगर परिषद के अधिकारियों को दूरभाष पर बताया तो नगर परिषद के सचिव विकास कुमावत ने मौके पर पहुंचकर दरवाजा लगाने वालों को दरवाजा नहीं लगाने की हिदायत दी।

## मातृभाषा गौरव जागरण सप्ताह का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय ब्यावर में मातृभाषा गौरव जागरण सप्ताह का भव्य उद्घाटन समारोह दिनांक 11 दिसम्बर 2024 को आयोजित किया गया। मातृभाषा गौरव जागरण सप्ताह का शुभारंभ कार्यक्रम में प्रधानाचार्य नवीन कुमार सैनी ने संबोधन में बताया कि विद्या भारती राजस्थान की योजना से दिनाँक 11 दिसम्बर से 18 दिसम्बर 2024 तक मातृ भाषा का गौरव सप्ताह बनाया जायेगा तथा हमारी शिक्षा में मातृ भाषा का महत्वपूर्ण योगदान हैं। शिक्षा को सरल एवं रुचिकर बनाने में भी शिक्षा का मातृ भाषा में होना जरुरी हैं। इससे बालको की रचनात्मक एवं विचार क्षमता बढ़ती हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में प्रारम्भिक शिक्षा मातृ भाषा में होना बताया गया हैं। भैया /बहनों के सर्वांगीण विकास में मातृभाषा का महत्वपूर्ण योगदान है। कविता शर्मा (बालिका विभाग प्रधानाचार्य) ने कहा कि हिंदी राष्ट्रीय अस्मिता और गौरव का प्रतीक है।

कार्यक्रम में मातृभाषा गौरव की डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन किया गया। सीमा सोलंकी( परीक्षा प्रभारी) ने अपने संबोधन कहा कि हिंदी भाषा हमारी संस्कृति का बहुमूल्य अंग है उद्घाटन समारोह के अंत में विद्यालय के सभी आचार्य/ दीदी और भैया/ बहनों ने हिंदी के गौरव और तथा सम्मान की रक्षा का संकल्प लिया।

## ब्लॉक स्तरीय युवा महोत्सव को लेकर कपासन में बैठक का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** ब्लॉक स्तरीय राजस्थान युवा महोत्सव 2024 की तैयारियों को लेकर बुधवार को बैठक का आयोजन किया गया। जानकारी अनुसार ब्लॉक स्तरीय युवा महोत्सव आयोजन समिति अध्यक्ष एवं उपखंड अधिकारी कपासन राजेश सुवालका के निर्देशन में ब्लॉक स्तरीय युवा महोत्सव के पूर्व तैयारी बैठक का स्वामी विवे कानंद राजकीय मॉडल स्कूल में आयोजन किया गया ।इस दौरान मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कपासन एवं आयोजन सचिव गोपाललाल शर्मा द्वारा समस्त प्रभारियों को ब्लॉक स्तरीय युवा महोत्सव के सफल संचालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।कार्यक्रम संयोजक एवं प्रधानाचार्य राजकीय मॉडल स्कूल भैरूलाल वीरवाल द्वारा पंजीयन एवं परिणाम तक पूर्ण पारदर्शिता से कार्य करने का संकल्प दोहराया गया।

पंजीयन 12 दिसंबर प्रात: 9 बजे से प्रारंभ होगा। प्रतिभागियों को पहचान दस्तावेज साथ लाना अनिवार्य है।

## नगर पालिका कपासन द्वारा आज आधुनिक सब्जी मंडी का शिलान्यास होगा

बढ़ता राजस्थान



**कपासन ( नि.स. )।** विकास कार्यों के तहत नगर पालिका द्वारा आधुनिक सब्जी मण्डी विकास कार्य का आज गुरुवार को शिलान्यास किया जायेगा। नगर पालिका कपासन अध्यक्ष मंजु देवी सोनी ने बताया कि नगर पालिका कपासन द्वारा विकास कार्य के तहत नगर में आधुनिक सब्जी मण्डी का शिलान्यास कार्यक्रम गुरुवार प्रात: 10.30 बजे पांचबत्ती चौराहा के समीप सब्जी मण्डी के यहां आयोजित होगा ।जिसमें शिलान्यासकर्ता नगरीय विकास आवासन एवं स्वायत्त शासन विभाग मंत्री झाबर सिंह खर्रा व मुख्य अतिथि सांसद सीपी जोशी,अतिविशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष मिट्ठुलाल जाट होंगे ।कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक अर्जुनलाल जीनगर करेंगे। नगर पालिका उपाध्यक्ष सैयद एजाज अली ने बताया कि आधुनिक सब्जी मण्डी उदयपुर संभाग की पहली मॉडल व आधुनिक सब्जी मण्डी होगी। इस सब्जी मण्डी में आधुनिक सुविधायुक्त 114 दुकानें सब्जी विक्रेताओं के लिये बनाया जाना प्रस्तावित है ।जिसमें सब्जी मण्डी के बाहर पार्किंग की समुचित व्यवस्था की गई है। इस कार्यक्रम हेतु पालिका कनिष्ठ अभियन्ता खेमराज सिंह गुर्जर के साथ भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष पंकज सिरोया,जीएसएस कपासन अध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ पार्षद नन्दकिशोर टेलर,नपा पार्षद अशोक विजयवर्गीय,नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि आशीष सोनी,दिनेश सोनी सहित नगर पालिका स्वास्थ्य निरीक्षक रेखा देवी कोदली पालिका स्टोर प्रभारी नन्दलाल मेनारिया तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे रहे।

### त्यौहारों के दो दिन पहले ही प्रशासनिक अमला आता है हरकत में, ऐसा क्यों

## अभिभाषक परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मंडल द्वारा चाइनीस मांझे की रोक के लिए दिया जिला कलेक्टर को ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान





**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** चाइनीज मांझा किस तरह जानलेवा साबित हो रहा है, इसका उदाहरण बूंदी शहर में देखा गया। प्रशासन, पुलिस और नगर परिषद की लापरवाही भी यहां पर साफ तौर पर नजर आई। भारत में मकर संक्रांति का त्योहार बड़े उल्लास के साथ मनाया जाता है, जिसमें बड़े और बच्चे दोनों ही पतंग उड़ाते हैं। लेकिन चाइनीज मांझे की बिक्री त्योहार के एक महीने पहले से ही खुले आम होने से न केवल लोगों की जान को खतरा है, बल्कि प्रशासन और नगर परिषद की लापरवाही भी उजागर हो रही है। प्रशासन आमतौर पर त्योहार के आसपास ही कार्रवाई करता है, जबकि उसे त्योहार से पहले ही इस पर कड़ी नजर रखनी चाहिए और उपयुक्त कार्रवाई करनी चाहिए। बूंदी शहर के बाईपास रोड पर एक अध्यापक और एक युवक चाइनीज मांझे का शिकार हो गए। युवक राम हेत गुर्जर की गर्दन पर मांझा लगने से गंभीर चोट आई, जिसके बाद उसे जिला अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सकों ने कहा कि यदि मांझा थोड़ा और खिंचता, तो श्वास नली कटने से उसकी जान भी जा सकती थी। वहीं, उसी वक्त अध्यापक रमेश भी बाईपास रोड से गुजर रहे थे और उन्होंने हेलमेट पहन रखा था, लेकिन हेलमेट का कांच ऊंचा होने के कारण उनकी नाक चाइनीज मांझे की चपेट में आ गई। नाक कटने के बाद उन्हें अस्पताल में प्राथमिक उपचार दिया गया, जहां दो टांके लगाए गए। चिंता की बात यह है कि बूंदी शहर में चाइनीज मांझा खुलेआम बिक रहा है, और प्रशासन, पुलिस और नगर परिषद इसका कोई ठोस समाधान नहीं निकाल पा रहे हैं। इस मुद्दे पर बुधवार को अभिभाषक परिषद उपाध्यक्ष नारायण सिंह गॉड के नेतृत्व में चाइनीज मांझे की बिक्री पर रोक लगाने के लिए जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया, जिसमें पूर्व लोक अभियोजक राजेंद्र जैन, पदम एडवोकेट, शुभम जैन, राजेंद्र दाधीच, महेश दाधीच और शिवराज सहित एक प्रतिनिधिमंडल उपस्थित था।

## ब्यावर जिला बार के चुनाव का प्रचार-प्रसार अंतिम चरणों में

### चुनाव मैदान में खड़े प्रत्याशी अधिवक्ताओं मनाने में जुटे



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** ब्यावर जिला बार ऐसोसियेशन संस्था ब्यावर के वार्षिक चुनाव 2024-25 पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शुक्रवार को न्यायालय परिसर में प्रात: 9 बजे से सांय 3 बजे तक होगें। न्यायालय परिसर में बुधवार को अधिवक्ताओं में छुट्टी सा माहौल रहा। साथ ही चुनाव में खड़े हुए प्रत्याशी अपने अन्य साथियों से मत एवं समर्थन मांगते देखे गये।

सहायक चुनाव अधिकारी एडवोकेट बालकिशन गोठवाल ने बताया कि जिला बार एसोसियेशन संस्था के चुनाव में कुल 419 अधिवक्ता मतदाता के रुप में हिस्सा लेगें। न्यायालय परिसर में ही होने वाले मतदान बेलेट पेपर से कराये जाएगें। बेलेट पेपर में नोटा का विकल्प भी रखा गया है।जिसकी तैयारी पूर्ण हो चुकी है। चुनाव अधिकारी चन्द्रविजय सिंह के नेतृत्व में सहायक चुनाव अधिकारी मोहम्मद अशफाक, हनुमानसिंह राठौड़, नितेश वर्मा, के सानिध्य में मतदान के पश्चात, करीब एक घंटे बाद ही मतगणना प्रारम्भ कर दी जाएगी। देर रात तक नतीजे आने की संभावना रहेगी। होने वाले चुनावों में अध्यक्ष पद हेतु त्रिकोणीय मुकाबला होगा। जिसमें दिलीपसिंह गोरा, लक्ष्मणसिंह पंवार व संजय नाहर तथा उपाध्यक्ष पद पर मगन कुमार सोलंकी,ऋृषिराज चौहान, श्यामप्रताप सिंह, तुषार दबे, इसी तरह सचिव पद पर भरत सांखला व नरेन्द्र कुमार शर्मा तथा सह सचिव पद पर पवन बाघमार व विजय कुमार फुलवारी के मध्य मुकाबला होगा। सचिव व सहसचिव पद पर सीधा मुकाबला होगा। ज्ञातव्य रहे कि कार्यकारिणी के सात पदों पर एवं कोषाध्यक्ष व पुस्तकालय अध्यक्ष पद पर निर्वाचन निर्विरोध हो चुका है।

## श्री दत्तात्रेय स्वामी की जयंती सुप्रसिद्ध तीर्थ स्थल मातृकुंडिया में मनाई जायेगी

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** मेवाड़ के सुप्रसिद्ध तीर्थ स्थल मातृकुंडिया में प्रतिवर्ष की भांति श्री दत्तात्रेय स्वामी की जयंती को दो दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत हर्षोल्लास एवं धार्मिक अनुष्ठानों के साथ मनाया जायेगा। समाज के युवा सदस्य मुकेश पूरी (कुंडिया) ने बताया कि श्री दत्तात्रेय स्वामी जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मेवाड़ के तीर्थ स्थल मातृकुंडिया में श्री दत्तात्रेय स्वामी अखाड़ा दशनाम गोस्वामी समाज मेवाड़ मंडल कमेटी मातृकुंडिया द्वारा 13 दिसंबर रात्रि विशाल भजन संध्या एवं संत-महंतो हेतु स्वागत अभिनंदन समारोह आयोजित होगा ।जिसमें अवधेश चैतन्य ब्रह्मचारी महाराज सूरज कुंड धाम कुंभलगढ़ उपस्थित रहेंगे ।साथ ही 14 दिसंबर प्रात: समाज की विभिन्न प्रतिभाओं का सम्मान एवं इसके उपरांत विशाल शोभायात्रा तथा महाप्रसादी का आयोजन किया जायेगा ।इधर श्री दत्तात्रेय स्वामी जन्मोत्सव को लेकर समाजजनों द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया।



# गीताजयन्ती के अवसर पर पूज्य राजन महाराज को मोहित टेलर ने हाथ की कढ़ाई से बनी श्री राम की प्रतिमा भेट की

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** बुधवार को गीताजयन्ती के शुभ अवसर पर कथा वाचक पूज्य राजन महाराज को मोहित टेलर ने हाथ की कढ़ाई से बनी श्री राम की प्रतिमा भेट की। और विश्व की सबसे छोटी हस्त लिखित श्रीमद भगवत गीता को अभिषेक गुप्ता ,सौरभ पाटोदिया, राम सिंह राजोरिया,श्याम महाराज ने कथा वाचक पूज्य राजन महाराज को भेट किया ।



# राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन : जिला कलक्टर के नेतृत्व में टीम उदयपुर जुटी तैयारियों में

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर, ( नि.स. )।** प्रदेश सरकार के कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आगामी 14 दिसंबर को उदयपुर के गांधी ग्राउंड में प्रस्तावित राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। जिला कलक्टर अरविंद पोसवाल के नेतृत्व में टीम उदयपुर आयोजन को सफल बनाने के लिए जुटी हुई है। जिला कलक्टर श्री पोसवाल ने बुधवार सुबह कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए प्रमुख अधिकारियों की बैठक ली। इसमें आयोजन स्थल की तैयारियों, महिला लाभार्थियों को लाने-जाने, बैठक व्यवस्था, भोजन-पानी प्रबंध, लाभ वितरण स्टॉल्स, विभागीय प्रदर्शनी आदि व्यवस्थाओं पर चर्चा करते हुए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने कार्यक्रम को लेकर तैयार किए गए आमंत्रण पत्र के बारे में जानकारी ली व जिले के सभी जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करने के निर्देश दिए.इस दौरान उन्होंने एडीएम दीपेन्द्र सिंह, सीईओ हेमेन्द्र नागर, जिला रसद अधिकारी मनीष भटनागर, संयुक्त निदेशक जनसंपर्क डॉ. कमलेश शर्मा और यूडीए के अधिकारियों के साथ चर्चा की।

**गांधी ग्राउंड में देखी व्यवस्थाएं :** शाम को जिला कलक्टर पोसवाल ने अधिकारियों के साथ गांधी ग्राउंड पहुंच कर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने आयोजन स्थल पर तैयार किए गए जा रहे डोम पाण्डाल, मंच, प्रदर्शनी और लाभ वितरण के लिए स्थापित हो रहे स्टाल्स आदि का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री महोदय सहित अन्य अतिथिगण के आगमन मार्ग, लाभ वितरण, प्रदर्शनी अवलोकन, मंचीय कार्यक्रम आदि के बारे में विस्तृत चर्चा करते हुए अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान युडीए आयुक्त राहुल जैन, एडीएम प्रशासन दीपेंद्रसिंह राठौड़, कार्यक्रम के नोडल अधिकारी व सीईओ जिला परिषद हेमेंद्र नागर, युडीए विशेषाधिकारी जितेंद्र ओझा,डीओआईटी संयुक्त निदेशक शीतल अग्रवाल सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय सेमीनार का समापन, सार्थक रही चर्चा

बढ़ता राजस्थान

**सरदारशहर ( सुरेश लाटा )।** उच्च अध्ययन शिक्षा संस्थान (आई.ए.एस.ई मानित विश्वविद्यालय), के शिक्षा संकाय में 2 दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय सेमीनार का समापन हुआ। सेमीनार के समापन सत्र की अध्यक्षता हिमांशु दूगड़, अध्यक्ष, गांधी विद्या मंदिर, मुख्य अतिथि प्रो. आर.एन. शर्मा, जोधपुर, सम्मानित अतिथि, प्रो. चन्दन बाला, जोधपुर, सेमीनार समन्वयक, प्रो. ओ.पी. जांगीड़ उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के शुरूआत में अध्यक्ष एवं मुख्य अतिथियों को शॉल एवं श्रीफल लेकर सम्मानित किया गया। सेमीनार के समन्वयक प्रो. ओ.पी. जांगिड़ ने सेमीनार का समग्र प्रतिवेदन सदन के समक्ष प्रस्तुत किया। समापन सत्र के मुख्य अतिथि प्रो. आर. एन. शर्मा ने मानवाधिकार की अवधारणा पर व्यापक रूप से बताया उन्होंने समाज में व्याप्त वैचारिक मतभेद पर चर्चा की तथा विधिक पहलुओं को उल्लेखित किया। आपने सेमीनार की सफलता के लिए सभी को शुभकामनाएं दी और आशा व्यक्त की यह सेमीनार हमारे ज्ञान वृद्धि में सहायक सिद्ध होगा तथा प्रतिभागीयों को मार्ग दर्शन प्रदान करेगा। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष हिमांशु दूगड़, अध्यक्ष गांधी विद्या मंदिर, ने बताया की मानवाधिकार के लिए भयमुक्त समाज का निर्माण आवश्यक है। भय ही अपराध को प्रेरित करता है तथा व्यक्ति के व्यवहार में परिवर्तन लाने का काम करता है। जब हम भौतिक पदों को प्राप्त करते है, उस स्थिति में हमें उसी से वंचित दिखाई पड़ता है। उन्होने शिक्षा में मानवाधिकार को बढावा देने पर बल दिया तथा उन्होंने स्वामी श्री रामशरण जी महाराज का उदाहरण देते हुए बताया कि उन्होनें आज से लगभग 70 वर्ष पूर्व शिक्षा हेतु इस संस्थान की नींव रखी उनका ध्येय वाक्य था ''मानव को मानवता का बोध कराने वाली संस्था''। इस अवसर पर विभिन्न प्रतिभागियों के द्वारा सेमीनार के सम्बन्ध में अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर सेमीनार समन्वयक प्रो. ओ.पी. जांगीड़, सह-समन्वयक प्रो. वी. के. स्वामी तथा सेमीनार सचिव डॉ. कैलाश पारीक, स्टाफ के सभी सदस्य एवं प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे। समापन सत्र के अंत में अधिष्ठाता, शिक्षा संकाय डॉ. पूराराम मेघवाल ने सेमीनार में उपस्थित एवं भागीदार अतिथि एवं सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया। सेमीनार का समापन संविधान की उद्देशिका एवं राष्ट्रगान के साथ सम्पन हुआ।

पुलिस आपकी सहायता के लिये है डराने के लिए नहीं

# आमजन की पुलिस के प्रति अच्छी अवधारणा के लिए पुलिस थाना संजय सर्किल जयपुर उत्तर की एक उत्कृष्ट पहल

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** आमजन की पुलिस के प्रति अच्छी अवधारणा के लिए पुलिस थाना संजय सर्किल जयपुर उत्तर की ओर से एक उत्कृष्ट पहल की गई। इस पहल के तहत इंडिपेंडेंट लिगल एक्टिविस्ट सोसायटी के पदाधिकारियों व सदस्यों को थाना परिसर का विजिट करवाया गया और थाना कार्यप्रणाली की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी गई। इसके अलावा आमजन में विश्वास-अपराधियों में भय की सोच का महत्व समझाया।

पुलिस उपायुक्त (उत्तर) राशी डोगरा डूडी ने बताया कि पुलिस आयुक्त बीजू जार्ज जोसेफ एवं अतिरिक्त पुलिस आयुक्त शहर कुंवर राष्ट्रदीप की ओर से आमजन में पुलिस के प्रति गलत अवधारणा दूर करने एवं पुलिस से न डरकर पुलिस का सहयोग करने की सोच का आमजन, युवाओं व समाज में प्रसार करने के लिए अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त बजरंग सिंह शेखावत,सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली अनूप सिंह चौधरी ( के निर्देशन मे संजय सर्किल थानाधिकारी हरिओम सिंह एवं पुलिस थाना संजय सर्किल के समस्त स्टाफ द्वारा इंडिपेडेन्टप लीगल एक्टिविस्ट सोसायटी के पदाधिकारियों ने पुलिस थाना के विजिट के दौरान थाना कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई।

पुलिस उपायुक्त (उत्तर) राशी डोगरा ने बताया कि इंडिपेडेन्टं लिगल एक्टिविस्टु सोसाईटी के पदाधिकारियों में फाउंडर युवराज सिंह नरूका, मनुज शर्मा, गौरव सिंह शेखावत, विशाखा चौहान व अन्य सदस्यों द्वारा पुलिस थाना संजय सर्किल थानाधिकारी हरिओम सिंह से उक्त कार्यक्रम का पोस्टर विमोचन कराकर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस सोसायटी के पदाधिकारियों और सदस्यों द्वारा पुलिस थाना संजय सर्किल परिसर का भ्रमण कर थाने की कार्यप्रणाली के बारे में बताया गया। संजय सर्किल थानाधिकारी द्वारा आमजन में विश्वास, अपराधियों में भय की सोच का महत्व समझाया गया एवं आमजन को पुलिस का सहयोग करने, संदिग्ध गतिविधियों की तत्काल सूचना देने बाबत अपील की गई। इस कार्यक्रम की उक्त सोसायटी के पदाधिकारियों और सदस्यों द्वारा सराहना की गई है।

# शिक्षक ईमानदारी से जिम्मेदारी का निर्वहन करे तो निश्चित रूप से एजुकेशन मे क्वालिटी आएगी

बढ़ता राजस्थान



**बूंदी ( अनंत दाधीच ) ।** ग्राम राज्य विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान बूंदी के तत्वाधान में दो दिवसीय क्वालिटी एजुकेशन प्रोग्राम का आयोजन एक मेरीज गार्डन बूंदी में संपन्न हुई द्य इस अवसर पर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी डॉक्टर युवराज सिंह ने कहा कि शिक्षकों को पूर्ण ईमानदारी से अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए शिक्षण को गतिशील एवं आनंद दायी बनाते हुए सशक्त राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की आवश्यकता है द्य दो दिवसीय कार्यशाला में मुख्य सन्दर्भ व्यक्ति सत्यनारायण वर्मा द्वारा नई शिक्षा नीति 2020 पर विस्तृत जानकारी प्रदान करने के साथ ही भाषा शिक्षण, खेल खेल में शिक्षा, अंग्रेजी भाषा का सरलीकरण एवं विभिन्न नवाचारों पर चर्चा परिचर्चा की गई संस्था कॉर्डिनेटर सुमन शर्मा द्वारा बताया कि दक्ष प्रशिक्षक चतुर्भुज आचार्य द्वारा भी बालक बालिकाओं को भय रहित वातावरण मुहैया करा कर आनंद दायक शिक्षा प्रदान करने पर बल दिया गया द्य इस अवसर पर संस्था के निदेशक छैल बिहारी शर्मा द्वारा संस्था की जानकारी देने के साथ ही सभी शिक्षक शिक्षिकाओ का आभार प्रकट किया गया द्य कार्यशाला के दौरान संस्था के प्रशिक्षक बदन सिंह एवं महेश यादव द्वारा भी गणित शिक्षण के अंतर्गत भिन्न की समझ, परिमाण एवं परिसमाप आदि की जानकारी दी गई द्य प्रशिक्षण के दौरान कुलदीप सिंह चौहान, संजय बहती, सोनू चौहान, पूजा कंवर, कविता पाठक, मिश्री लाल, मनोज कुमार मेघवाल, राजू लाल, शक्तिमान, खुशबु वर्मा, आराधना नागर, मधु सोनी, नन्द बिहारी मालव, सुमन एवं अभिलाषा सहित कई शिक्षक उपस्थित थे।

## फार्म हाउस में चल रहा था जुआ, पुलिस ने छापेमारी कर 29 जुआरियों को दबोचा, 10.87 लाख रुपये व 9 लग्जरी वाहन जब्त



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( नि.स. )।** जिलें के कारोई थाना क्षेत्र में एक फार्म हाउस पर जुआ खेल रहे 29 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर दांव पर लगे 10 लाख 87 हजार 50 रुपये की नकदी व जुआ सामग्री के साथ ही नौ लग्जरी वाहन जब्त किये हैं। जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्रसिंह ने बताया कि पुलिस मुख्यालय द्वारा निरन्तर राज्य में जुआ, शराब, हथियार व मादक पदार्थ की धरपकड़ के लिए निर्देश जारी किये गये। इसी के तहत एएसपी सहाड़ा रोशन पटेल व डीएसपी गंगापुर रविन्द्रप्रताप सिंह के सुपरविजन में कारोई व गंगापुर थाना पुलिस की टीम गठित की गई। इस बीच, कारोई पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सुंदरपुरा में स्थित फार्महाउस में जुआ खेला जा रहा है। इस सूचना पर पुलिस टीम ने फार्महाउस पर दबिश देकर घेराबंदी की। मौके पर 29 लोग घोड़ा दाणा पर रुपयों का दांव लगाकर जुआ खेलते मिले। पुलिस ने सभी 29 जुआरियों को गिरफ्तार कर मौके से 10 लाख 87 हजार 50 रुपये की नकदी व जुआ सामग्री के साथ ही नौ लग्जरी वाहन जब्त किये। इन सभी आरोपितों के हाथ में मिले रुपये जुआ राशि, जबकि बीच में रखे 4 लाख 14 हजार रुपये, घोड़ा दाना, दो ताश की गड्डी, सिगरेट, माचिस के पैकेट मिले। जो राशि जब्त की गई वह 10, 20, 50, 100, 200, 500 के नोट थे। कारोई थाने पर जुआरियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया। उधर, इस कार्रवाई के बाद जुआरियों व सटोरियों में खलबली मच गई।

# राष्ट्रीय निगम योजना के ऑनलाईन आवेदन करने की तारीख 31 दिसम्बर तक बढी

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर,( नि.स. )।** वर्ष 2024-25 के लिये अनुजा निगम द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत ऑनलाईन पॉर्टल पर आवेदन करने की दिनांक 31 दिसम्बर 2024 तक बढ़ा दी गई है। जिससे राजस्थान अनुसूचित जाति जनजाति वित्त एवं विकास निगम द्वारा राष्ट्रीय अनुसूचित जाति, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति, राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग एवं राष्ट्रीय दिव्यांग वित्त एवं विकास निगम की योजनाओं के तहत् आवेदन किये जा सकेंगें।

अनुजा निगम के परियोजना प्रबंधक मान्धाता सिंह राणावत ने बताया कि आवेदक राजस्थान का मूल निवासी होना आवश्यक है। अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अनुसूचित जनजाति के आवेदक के लिये वार्षिक आय 3 लाख से अधिक नही होनी चाहिये। सफाई कर्मचारी एवं दिव्यांगजन के लिये आय सीमा की बाध्यता नहीं है। योजनान्तर्गत लघु व्यवसाय शहरी एवं ग्रामीण, महिला समृद्धि योजना,शिक्षा ऋण योजना, डेयरी, जीप, ऑटो रिक्शा, ई- रिक्शा इत्यादि के लिये आवेदन किये जा सकेगें।

राणावत ने बताया कि प्रार्थी स्वयं अपनी एसएसओ आईडी द्वारा या ई-मित्र पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। आवेदन के साथ जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र एवं किसी ऋणदात्री संस्था का ऋणी नही होने की स्वघोषणा स्केन करके साथ में अपलोड करनी होगी।

# शाहजी मौहल्ला संजय कोलोनी एवं महुआ खुर्द स्कूल में बच्चों को 111 स्वेटर वितरित



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( नि.स. )।** कड़ाके की ठण्ड को देखते हुये श्री महावीर हनुमान सेवा संस्थान द्वारा महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय शाहजी मौहल्ला संजय कोलोनी एवं राजकीय प्राथमिक विद्यालय महुआ खुर्द स्कूल में बच्चों को 111 स्वेटर वितरित का कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रचार प्रसार मंत्री कृष्णगोपाल शर्मा ने बताया कि संस्थान द्वारा सर्वप्रथम शाहजी मौहल्ला संजय कोलोनी एवं महुआ खुर्द स्कूल के सरकारी विद्यालय में मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया। उसके पश्चात् गरीब बच्चों को स्वेटर वितरित किए एवं बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित कर आगे बढ़ने के लिये प्रोत्साहित किया। महेश जाजू द्वारा संस्थान का परिचय दिया गया। अंत में स्कूल के संस्था प्रधान ने संस्थान का आभार व्यक्त किया। इस दौरान अध्यक्ष राजेन्द्र मूंधड़ा, उपाध्यक्ष संजय झँवर, कार्यक्रम प्रभारी राकेश खण्डेलवाल, राम प्रहलाद शर्मा, संजय निर्मल, पंकज अग्रवाल शाहजी मौहल्ला संजय कोलोनी स्कूल की प्रधानाचार्या माया गर्ग व सुशील खाब्या, राजेश शर्मा, सांवर मल शर्मा, स्कूल स्टॉफ एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## बॉलीवुड के मशहूर रैपर, सिंगर और कंपोजर तरुण भूटानी उर्फ मिस्टर बॉस अपनी अपकमिंग एल्बम के लिए शूटिंग लोकेशन फाइनल करने भीलवाड़ा पहुंचे

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा ( नि.स. )।** बॉलीवुड के मशहूर रैपर, सिंगर और कंपोजर तरुण भूटानी उर्फ मिस्टर बॉस अपनी अपकमिंग एल्बम के लिए शूटिंग लोकेशन फाइनल करने भीलवाड़ा पहुंचे इस दौरान मीडिया से बातचीत में उन्होंने कई मुद्दों पर बेबाकी से अपनी बात रखी।

तरुण भूटानी का जन्म 19 जुलाई 1988 को बहादुरगढ़, भारत में हुआ था। तरुण भूटानी जिन्हें मिस्टर बॉस के नाम से भी जाना जाता है, एक भारतीय रैपर और संगीत कलाकार हैं, जो कई म्यूजिक वीडियो और गानों के साथ लाइमलाइट में आए थे। एक रैपर के तौर पर उन्होंने मुंबई की गलियाँ, दुनिया से दूर, विक्टिम कार्ड, गैंगस्टर और कई अन्य हिट गाने किए हैं। भीलवाड़ा में अपने दौरे के दौरान उन्होंने जी मीडिया से खास बातचीत के दौरान कहा कि भारतीय रेप इंडस्ट्रीज़ को इंटरनेशनल लेवल पर प्रजेंट करने का काम हनी सिंह ने किया हैं। बादशाह जैसे रैपर ने अपनी पब्लिसिटी के लिए उनके नाम को कॉन्ट्रोवर्सी के साथ जोड़ के वाह वाह लूटने की कोशिश की है, लेकिन वो कामयाब नहीं हो पाए हैं। बातचीत के दौरान उन्होंने हाल ही में चल रहे दिलजीत दुसांज विवाद पर कहा कि एक सिंगर को कलाकर की नजर से देखना चाहिए और वो अपने गानों से क्रांति लाने का प्रयास करता है। जिस तरह से शराब, ड्रग्स को लेकर उन्हें निशाने पर लिया जा रहा है वो गलत है। इस दौरान उन्होंने की आज का यूथ रेप म्यूजिक को सुनता भी है, समझता भी और फॉलो करने की कोशिश भी करता हैं इसलिए रेप सिंगर भी अपने गानों से क्रांति लाने की कोशिश करे ताकि यह इंडस्ट्री और अच्छी प्रतिभाओं को आगे ला सके।

# आईसीसी रैंकिंग में इंग्लिश बल्लेबाज हैरी ब्रूक नंबर-1 पर



## ट्रेविस हेड, कामिंडु मेंडिस और टेम्बा बावुमा को भी फायदा; बॉलर्स में बुमराह टॉप पर

आईसीसी रैंकिंग में इंग्लिश बल्लेबाज हैरी ब्रूक नंबर-1 पर पहुंच गए हैं। उन्होंने अपने ही देश के जो रुट को पीछे छोड़ दिया है। बुधवार को जारी रैंकिंग में ट्रेविस हेड, कामिंडु मेंडिस और टेम्बा बावुमा को भी फायदा हुआ है। बैटर्स की टॉप-10 लिस्ट में इंडियन विकेटकीपर ऋषभ पंत को 3 पायदान का नुकसान हुआ है।

बॉलर्स रैंकिंग में पेसर जसप्रीत बुमराह 890 रेटिंग पॉइंट के साथ पहले स्थान पर है। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस को एक स्थान का फायदा हुआ है, अब वह चौथे स्थान पर पहुंच गए है। भारतीय स्पिनर्स रविचंद्रन अश्विन पांचवें और रवींद्र जडेजा छठे स्थान पर है।

हैरी ब्रूक नंबर वन टेस्ट बल्लेबाज आईसीसी की ओर से जारी नई टेस्ट रैंकिंग में अब इंग्लैंड के हैरी ब्रूक नंबर एक बल्लेबाज बन गए हैं। उन्हें एक स्थान का फायदा हुआ है। इससे पहले वे दूसरे स्थान पर थे। अब उनकी रेटिंग बढ़कर 898 की हो गई है। दूसरे पायदान पर जो रूट है। उनकी रेटिंग 897 की है। न्यूजीलैंड के केन विलियम्सन 812 की रेटिंग के साथ तीसरे और भारत के यशस्वी जायसवाल 811 की रेटिंग के साथ नंबर चार पर बने हुए हैं।

ट्रेविस हेड को 6 स्थान का फायदा भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट में शानदार सेंचुरी लगाने का फायदा ट्रेविस हेड का मिला है। उन्होंने एक साथ 6 स्थानों की छलांग मारी है। वह अब 781 की रेटिंग के साथ नंबर पांच पर पहुंच गए हैं। श्रीलंका के कामिंडु मेंडिस को भी एक स्थान का फायदा हुआ है। वह अब 759 की रेटिंग के साथ नंबर 6 पर पहुंच गए हैं। साउथ अफ्रीका के टेस्ट कप्तान टेम्बा बावुमा भी तीन पायदान ऊपर आ गए हैं। वह अब 753 की रेटिंग के साथ नंबर 7 पर पहुंच गए हैं। स्टार्क को 3 स्थान का फायदा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे मैच में शानदार गेंदबाजी करने वाले मिचेल स्टार्क को 3 स्थान का फायदा हुआ है। अब ऑस्ट्रेलियाई पेसर 14वें स्थान से 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं, उनकी 746 की रेटिंग है। जसप्रीत बुमराह 890 रेटिंग के साथ नंबर-1 पर बने हुए हैं।

ऋषभ पंत को भी झेलना पड़ा नुकसान न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल को तीन स्थानों का नुकसान हुआ है। वह अब 729 की रेटिंग के साथ नंबर 8 पर चले गए हैं। भारत के ऋषभ पंत को भी 3 स्थान का नुकसान हुआ है। वे अब 724 की रेटिंग के साथ नंबर 9 पर खिसक गए हैं। पाकिस्तान के साउद शकील की रेटिंग भी 724 की है, इसलिए वे भी पंत के साथ संयुक्त रूप से नौवें स्थान पर हैं।

# साउथ अफ्रीका ने पहले टी-20 में पाकिस्तान को हराया

## जॉर्ज लिंडे ने 48 रन बनाए, 4 विकेट भी लिए; मिलर का अर्धशतक

डरबन

साउथ अफ्रीका ने पहले टी-20 में पाकिस्तान को 11 रन से हरा दिया। टीम 3 मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। पाकिस्तान की टीम साउथ अफ्रीका दौरे पर है, जहां दोनों टीमों के बीच 3 टी-20, 3 वनडे और 2 टेस्ट मैच खेले जाने हैं।

साउथ अफ्रीका ने मंगलवार को डरबन में पहले खेलते हुए 9 विकेट पर 183 रन बनाए थे, लेकिन जवाब में पाकिस्तान की टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 172 रन ही बना सकी और 11 रन से मैच हार गई। इस मुकाबले में जॉर्ज लिंडे ने 4 विकेट लिए और 48 रन बनाए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

मिलर की फिफ्टी, लिंडे ने 48 रन बनाए साउथ अफ्रीका टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने आया तो रीजा हेंड्रिक्स समेत तीनों टॉप ऑर्डर बल्लेबाज 28 के स्कोर तक पवेलियन लौट गए। यहां से डेविड मिलर ने पारी को संभाला और 40 गेंद में 82 रनों की पारी खेली। उन्होंने इस पारी में 4 चौके और 8 छक्के भी लगाए। उनके अलावा




बैटिंग में जॉर्ज लिंडे ने तीन चौके और चार छक्कों की मदद से 24 गेंद की पारी में 48 रन बनाए।

पाकिस्तान के लिए शाहीन शाह अफरीदी और अबरार अहमद ने 3-3 विकेट झटके। अब्बास अफरीदी ने 2 विकेट लिए। सुफियान मुकिम को 1 विकेट मिला। रिजवान का अर्धशतक, लिडें ने 4 वेकट लिए 184 रनों के टारगेट का पीछा करने उतरी पाकिस्तान टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। कप्तान मोहम्मद रिजवान ने एक छोर से टीम को लीड किया, लेकिन बाबर आजम अपने शून्य के स्कोर पर आउट हो गए। सैम अय्यूब ने 31 रन बनाए,लेकिन पावरप्ले के तुरंत बाद वो भी पवेलियन लौट गए। रिजवान ने इस मैच में 74 रन बनाए। जॉर्ज लिंडे ने 4 विकेट झटके। क्वेना मफाका ने 2 विकेट लिए।

शाहीन के 100 विकेट पूरे पहले टी-20 मैच में शाहीन अफरीदी ने अपने स्पेल में 5.50 की इकॉनमी से 3 विकेट लिए थे। शाहीन पाकिस्तान के लिए टी-20 क्रिकेट में 100 विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज बन गए हैं। इससे पहले यह उपलब्धि हारिस रऊफ और शादाब खान ने हासिल की थी। शाहीन ने 74 मैचों में यह उपलब्धि हासिल की, जिससे वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले पाकिस्तान के दूसरे सबसे तेज गेंदबाज बन गए। हारिस रऊफ ने 71 मैचों में यह उपलब्धि हासिल की थी।

# वेस्टइंडीज ने 10 साल बाद बांग्लादेश से वनडे सीरीज जीती

## दूसरे मुकाबले में 7 विकेट से हराया; जायडेन सील्स ने 4 विकेट लिए

सेंट किट्स

वेस्टइंडीज ने सेंट किट्स में खेले गए दूसरे वनडे मैच में बांग्लादेश को 7 विकेट से हराकर 3 मैचों की वनडे सीरीज अपने नाम कर ली है।

यह वेस्टइंडीज की बांग्लादेश के खिलाफ 10 साल में पहली वनडे सीरीज जीत है। वेस्टइंडीज ने रविवार को पहले वनडे में बांग्लादेश की लगातार 11 मैचों की जीत का सिलसिला तोड़ा था।

जायडेन सील्स ने करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 22 रन देकर 4 विकेट लिए। बांग्लादेश की टीम 45.5 ओवर में 227 रन ही बना सकी। इसके बाद कैरेबियाई बल्लेबाज ब्रैंडन किंग ने 82 रन की तेज पारी खेली और वेस्टइंडीज ने 36.5 ओवर में जीत हासिल कर ली। कप्तान शाई होप और शेरफेन रदरफोर्ड ने नाबाद पारी खेल कर टीम को जीत दिलाई।

सील्स ने तीन विकेट झटके, वेस्टइंडीज को बढ़त दिलाई टॉस जीत कर पहले फील्डिंग करने वाली वेस्टइंडीज टीम के लिए सील्स ने शुरुआत में ही बांग्लादेश के तीन विकेट लेकर जीत की नींव रख दी। वहीं गुडाकेश मोती ने 36 रन देकर 2 विकेट लिए।

महमूदुल्लाह और तंजीम हसन के बीच 8वें विकेट लिए ने 92 रन की साझेदारी बांग्लादेश के लिए महमूदुल्लाह और तंजीम हसन ने 92 रन की साझेदारी कर टीम का स्कोर 200 के पार पहुंचाया। यह बांग्लादेश के लिए 8वें विकेट के लिए एक नया रिकॉर्ड है। रोस्टन चेज ने 44वें ओवर में तंजीम को अपनी ही गेंद पर कैच करके साझेदारी का अंत किया। उन्होंने 62 गेंदों पर 45 रन बनाए। अगले ओवर में महमूदुल्लाह भी तंजीम का पीछा करते हुए पवेलियन लौट गए।

उन्होंने सील्स की वाइड डिलीवरी को डीप पॉइंट पर खेला, जहां गुकेश मोती ने उनका कैच पकड़ा। महमूदुल्लाह ने वनडे में लगातार तीसरा अर्धशतक लगाया। उन्होंने 62 रन की पारी खेली।

वेस्टइंडीज की तेज शुरुआत 227 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज ने तेज शुरुआत की। पहले सात ओवरों में 5 चौके लगे। वेस्टइंडीज का पहला विकेट 21वें ओवर की पहली गेंद पर गिरा। उस समय स्कोर 109 रन था।

इवेन लुईस राशिद हुसैन की गेंद पर कैच आउट हुए। उनका कैच हुसैन ने ही पकड़ा। लुईस ने 62 गेंदों का सामना कर 49 रन बनाए। लुईस और ब्रैंडन किंग के बीच इस साल की दूसरी शतकीय ओपनिंग साझेदारी पूरी की । किंग वेस्टइंडीज की पिछली पांच शतकीय ओपनिंग साझेदारी में शामिल रहे हैं। वेस्टइंडीज का दूसरा विकेट




175 रन के स्कोर पर गिरा। ब्रैंडन ने 76 गेंदों का सामना कर 82 रन बनाए। उनके आउट होने के बाद कप्तान शाई होप और शेफन रदरफोर्ड ने नाबाद पारी खेल कर टीम को जीत दिलाई।

शाई होप ने 21 गेंदों का सामना कर 17 रन और रदरफोर्ड ने 15 गेंदों का सामना कर 24 रन बनाए। ब्रैंडन और लुईस के अलावा केसी कर्टी ने 47 गेंदों का सामना कर 45 रन बनाए।

# मुश्ताक अली-एमपी सेमीफाइनल पहुंची, सौराष्ट्र को हराया

## वेंकटेश मैन ऑफ द मैच; बड़ौदा ने बंगाल को 173 रन का टारगेट दिया

बेंगलुरु।

मध्यप्रदेश ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। टीम मौजूदा सीजन के टॉप-4 राउंड में प्रवेश करने वाली पहली टीम बनी है। बुधवार को मध्यप्रदेश की टीम ने सौराष्ट्र को 6 विकेट से हराया। मप्र की ओर से वेंकटेश अय्यर ने दोहरा प्रदर्शन किया। उन्होंने 33 बॉल पर नाबाद 38 रन की पारी खेली। साथ ही 2 विकेट भी चटकाए।

इधर, बेंगलुरु में बड़ौदा ने बंगाल को 173 रन का टारगेट दिया है। बंगाल ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी है। मुंबई-विदर्भ मैच 1:30 बजे से और दिल्ली-उत्तर प्रदेश क्वार्टर फाइनल मैच शाम 4:30 बजे से खेला जाएगा।



### 1. मप्र बनाम सौराष्ट्र:

वेंकटेश अय्यर ने नाबाद 38 रन बनाए, 2 विकेट भी झटके अलूर में मध्यप्रदेश ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। पहले बैटिंग कर रही सौराष्ट्र ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 173 रन का स्कोर खड़ा किया। मध्यप्रदेश ने 174 रन का टारगेट 20वें ओवर की दूसरी बॉल पर 4 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। एमपी की ओर से अर्पित गौड़ ने 29 बॉल पर 42 रन बनाए, जबकि कप्तान रजत पाटीदार ने 18 बॉल पर 28 रन जोड़े। वेंकटेश अय्यर 38 रन पर नाबाद लौटे।

सौराष्ट्र की ओर से चिराग जानी ने 45 बॉल पर नाबाद 80 रन की पारी खेली। शेष बल्लेबाज 20 रन से ज्यादा स्कोर नहीं कर सके। मप्र की ओर से वेंकटेश अय्यर और आवेश खान ने 2-2 विकेट झटके। त्रिपुरेश सिंह, शिवम शुक्ला और राहुल बाथम को एक-एक विकेट मिला।

### 2. बंगाल बनाम बड़ौदा:

शाश्वत रावत की पारी से बड़ौदा ने 173 रन का टारगेट दिया चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले जा रहे पहले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में बंगाल ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया है। बड़ौदा की टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 172 रन बनाए। ओपनर शाश्वत रावत ने 26 बॉल पर 40 रन की पारी खेली। अभिमन्यु सिंह राजपूत ने 34 बॉल पर 37 रन का योगदान दिया। शिवालिक सिंह ने भी 24 रन बनाए।

# सिराज ने आईसीसी के जुर्माने पर प्रतिक्रिया दी

## कहा- सब ठीक है, जिम जा रहा हूं; एक दिन पहले प्रैक्टिस नहीं की थी

ब्रिस्बेन।

भारतीय पेसर मोहम्मद सिराज आईसीसी के जुर्माने से ज्यादा परेशान नहीं हैं। मंगलवार को जब उनसे पूछा गया कि क्या वह इससे परेशान हैं। इस पर सिराज ने कहा- सब ठीक है। मैं अभी जिम जा रहा हूं। इससे पहले सिराज और जसप्रीत बुमराह ने टीम इंडिया के प्रैक्टिस सेशन में हिस्सा नहीं लिया था। उन दोनों को वर्कलोड के चलते आराम दिया गया था। 2 दिन पहले 9 नवंबर को आईसीसी ने मोहम्मद सिराज और ट्रैविस हेड की मैच फीस पर जुर्माना लगाया है। दोनों के बीच एडिलेड टेस्ट के दौरान बहस हो गई थी।

मैच के दूसरे दिन सिराज और हेड के बीच बहस हुई भारत-ऑस्ट्रेलिया एडिलेड टेस्ट के दूसरे दिन 7 नवंबर को सिराज और हेड के बीच बहस हो गई थी। 82वें ओवर में ऑस्ट्रेलिया ने 7वां विकेट गंवाया। यहां ट्रैविस हेड 140 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने सिराज के ओवर की तीसरी बॉल पर छक्का मारा, फिर सिराज ने अगली ही बॉल पर उन्हें बोल्ड कर दिया।

इसके बाद हेड ने कुछ कहा जिसके बाद सिराज ने भी कुछ शब्द कहे और उन्हें सेंड ऑफ (बाहर जाने का इशारा किया) दिया। फिर हेड ने जाते हुए सिराज से कुछ कहा। ओवर के बाद सिराज को ऑस्ट्रेलियाई दर्शकों की हूटिंग का सामना भी करना पड़ा था।



मैनें सिराज को वेल बोल्ड कहा था-हेड, सिराज बोले- झूठ बोल रहे हैं दूसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद हेड ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मैनें सिराज को वेल बोल्ड कहा था, लेकिन उन्होंने फालतू में गुस्सा दिखाया। फिर सिराज ने तीसरे दिन का खेल शुरू होने से पहले स्टार स्पोर्ट्स हिंदी से कहा, जब मैंने उसे (ट्रैविस हेड) बोल्ड किया, तो मैंने केवल सेलिब्रेट किया। उसने मुझे गाली दी और आपने इसे टीवी पर भी देखा। मैंने सिर्फ शुरुआत में जश्न मनाया, मैंने उससे कुछ नहीं कहा।

सिराज ने आगे कहा, प्रेस कॉन्फ्रेंस में उसने जो कहा वह सही नहीं था, यह झूठ है कि उसने सिर्फ मुझसे वेल बोल्ड कहा था। यह सभी ने देखा कि उन्होंने मुझसे ऐसा नहीं कहा था।

# साई सुदर्शन की लंदन में हर्निया की सर्जरी हुई : इंस्टा पर लिखा- जल्द ही और मजबूत होकर लौटूंगा; विजय हजारे ट्रॉफी नहीं खेलेंगे

नई दिल्ली

भारतीय बल्लेबाज साईं सुदर्शन की लंदन में हर्निया की सर्जरी हुई है। मंगलवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करते हुए उन्होंने लिखा, कुछ ही समय में और मजबूत होकर लौटूंगा। मेडिकल टीम और बीसीसीआई को उनके प्रयासों और समर्थन के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

23 वर्षीय सुदर्शन भारत के लिए वनडे और टी-20 क्रिकेट में डेब्यू कर चुके हैं। पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ सीरीज में वह भारतीय टीम का हिस्सा थे। जिसके बाद साईं सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में भाग लेने स्वदेश लौट आए थे।

जल्द ही और मजबूत होकर लौटूंगा साईं सुदर्शन ने अपनी इंस्टा पोस्ट के कैप्शन में लिखा, 'कुछ ही समय में और मजबूत होकर लौटूंगा। उन्होंने अपनी आईपीएल टीम गुजरात टाइटंस को भी पोस्ट में टैग किया। सुदर्शन ने अपना आखिरी मैच 23 नवंबर 2024 को सैयद मुश्ताक अली में इंदौर में त्रिपुरा के खिलाफ खेला था। इसके बाद वह टूर्नामेंट से बाहर हो गये थे। उस मैच में वह सिर्फ 9 रन ही बना पाए थे।

गुजरात टाइटंस ने रिटेन किया था सुदर्शन को



आईपीएल-2025 के लिए गुजरात टाइटंस ने 8.50 करोड़ रुपए देकर रिटेन किया था। वह टीम के लिए आईपीएल 2024 सीजन के टॉप स्कोरर थे। साईं ने 12 इनिंग में 47.90 की औसत और 141.28 के स्ट्राइक रेट से 527 रन बनाए थे।

# 23.75 करोड़ रुपये वाले खिलाड़ी ने एसएमएटी में मचाई तबाही, अपने ऑलराउंड प्रदर्शन से टीम को सेमीफाइनल में धांसू एंट्री दिलाई

नई दिल्ली।

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल मैच में मध्य प्रदेश का सामना सौराष्ट्र से हुआ, जिसमें एमपी की टीम ने 6 विकेट से जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में अपनी जगत बना ली है। इस मैच में एमपी की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था।

पहले बैटिंग करते हुए सौराष्ट्र की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 173 रन बनाए। इसके जवाब में एमपी की टीम ने 4 गेंद बाकी रहते हुए लक्ष्य हासिल किया। इस तरह मैच में मिली जीत के साथ ही एमपी की टीम ने सेमीफाइनल में एंट्री कर ली है। इस मैच में एमपी टीम की जीत में वेंकटेश अय्यर का ऑलराउंड प्रदर्शन काफी सुर्खियों में रहा।

दरअसल, सौराष्ट्र के खिलाफ मध्य प्रदेश की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया।



पहले बैटिंग करते हुए सौराष्ट्र की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट पर 173 रन बनाए। टीम की शुरुआत खराब रही। हरविक देसाई 14 गेंद पर 17 रन बनाकर आउट हुए।

तारंग गोल्डन डक पर आउट हुए। टीम की तरफ से चमके तो सिर्फ चिराग जानी, जिन्होंने 45 गेंदों का सामना करते हुए नाबाद 80 रन की पारी खेली। उनकीपारी में 8 चौके और 4 छक्के शामिल रहे। वहीं, मध्य प्रदेश की तरफ से वेंकटेश अय्यर और आवेश खान ने कमाल की गेंदबाजी की। दोनों ने 2-2 विकेट लिए, जबकि शिवम और त्रिपुरेश ने 1-1 विकेट हासिल किया।

# न्यूजीलैंड क्रिकेटर बोले- भारत में मुझे फिक्सिंग में घसीटा गया

## मुझे लगा गैंग का हिस्सा, वो मेरा ध्यान रखेंगे; 2014 में बैन हुए थे विंसेंट

वेलिंग्टन।

न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर लू विंसेंट ने कहा है कि वे भारत में फिक्सिंग की दुनिया में दाखिल हुए और उन्हें फंसाया गया। पूर्व बल्लेबाज ने बताया कि इंडियन क्रिकेट लीग में खेलने के दौरान वे कैसे मैच फिक्सिंग की दुनिया में आ गए थे। उन्होंने बताया कि उस समय एक गिरोह का हिस्सा होने से उन्हें अपनेपन का एहसास हुआ, क्योंकि वे अवसाद से जूझ रहे थे।

46 साल के विंसेंट को 2014 में ईसीबी ने मैच फिक्सिंग के लिए 11 बार आजीवन प्रतिबंध लगाया था, हालांकि पिछले साल प्रतिबंध को संशोधित कर उन्हें घरेलू क्रिकेट में शामिल होने की अनुमति दे दी गई।

विंसेंट ने 2000 के दशक में ऑस्ट्रेलिया की मजबूत टीम के खिलाफ डेब्यू टेस्ट में शतक लगाकर अपने करियर की शुरुआत की थी। डिप्रेशन और मैच फिक्सिंग में शामिल होने के कारण उनका इंटरनेशनल करियर 29 साल की उम्र में समय से पहले ही समाप्त हो गया था।

जीवन में अपना रास्ता खुद चुनिए, क्योंकि आपको अपने आप से बेहतर कोई नहीं जानता।।
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# ढाका से त्रिपुरा बॉर्डर तक लॉन्ग मार्च भारत अलर्ट, सीमा पर सुरक्षा बढ़ाई

## यूएस बोला- दोनों देश बातचीत से विवाद सुलझाएं





बढ़ता राजस्थान

**ढाका ( एजेंसी )।** बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ने बुधवार को भारत के त्रिपुरा बॉर्डर तक लॉन्ग मार्च निकाला। इस लॉन्ग मार्च को त्रिपुरा चली अभियान नया दिया गया है। बुधवार को सुबह 9 बजे ढाका के नयापल्टन से इसकी शुरुआत की गई।

बीएनपी की तीन सहयोगी पार्टी जातीयतावादी जुबो दल, स्वेच्छाचारी दल और छात्र दल ने मिलकर इस मार्च की शुरुआत की। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वो अगरतला में बांग्लादेशी डिप्टी हाई कमीशन पर हमले, बांग्लादेश के राष्ट्रीय ध्वज का अपमान और सांप्रदायिक दंगे भड़काने की साजिश के विरोध में यह रैली कर रहे हैं। भारत ने हालात देखते हुए सुबह से ही क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। पश्चिमी त्रिपुरा जिले के एसपी किरण कुमार ने आज सुबह बॉर्डर क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी प्रदर्शनकारियों को जीरो पॉइंट से पहले ही रोक दिया जाएगा। यूएस बोला- दोनों देश शांति से विवाद सुलझाएं अमेरिका ने भारत और बांग्लादेश से अपने मतभेदों को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाने की मांग की है। यूएस फॉरेन डिपार्टमेंट के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा- हम चाहते हैं कि भारत और बांग्लादेश आपसी विवाद को बातचीत के जरिए शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाएं। बीएनपी लीडर बोले- हमने खून बहाकर आजादी हासिल की लोकल मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, रैली के दौरान बीएनपी लीडर रूहुल कबीर रिजवी ने कई भारत विरोध बयान दिए। उन्होंने कहा कि हमने खून बहाकर आजादी हासिल की है। अब हमें कड़ी मेहनत से उसे बचाना है। उन्होंने कहा- भारत नहीं चाहता कि भूटान, नेपाल, बांग्लादेश, मालदीव और श्रीलंका के लोग अपने घरेलू मामले खुद संभालें। हमें दिल्ली की बात क्यों माननी चाहिए? दिल्ली के नेता अब तक बांग्लादेशी लोगों की बहादुरी और हिम्मत पहचान नहीं पाए हैं।

# 2035 तक भारत स्थापित करेगा अपना स्पेस स्टेशन

## इसका नाम 'भारत अंतरिक्ष स्टेशन' होगा 2040 तक भारतीय को चांद पर उतारा जाएगा

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली।** केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने बुधवार को ऐलान किया कि भारत 2035 तक अपना स्पेस स्टेशन स्थापित करेगा। इसे 'भारत अंतरिक्ष स्टेशन' नाम दिया जाएगा। इसके साथ ही, 2040 तक एक भारतीय को चंद्रमा पर भेजने की योजना है। दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में डॉ. सिंह ने बताया कि 2025 के अंत तक या 2026 की शुरुआत में, गगनयान मिशन के तहत पहला भारतीय अंतरिक्ष यात्री अंतरिक्ष में जाएगा। साथ ही भारत अपने गहरे समुद्र मिशन के तहत 6,000 मीटर की गहराई में मानव को भेजने की योजना बना रहा है।

**स्टार्ट-अप्स में बढ़ोतरी और स्पेस सेक्टर में सुधार :** उन्होंने कहा, सरकार स्पेस सेक्टर को मैनेज करने के लिए एक नए कानून पर काम कर रही है। इस सेक्टर में पिछले चार साल में प्राइवेट प्लेयर्स ने सैटेलाइट के निर्माण और लॉन्च में अहम भूमिका निभाई है, जिसके चलते काफी सुधार हुआ है। डॉ. सिंह ने कहा कि 2014 में जहां स्पेस स्टार्ट-अप्स की संख्या सिर्फ एक थी, वह अब बढ़कर 266 हो गई है। उन्होंने बताया कि भारत ने श्रीहरिकोटा लॉन्च साइट से अब तक 432 विदेशी उपग्रह लॉन्च किए हैं, जिनमें से 397 पिछले 10 साल में ही लॉन्च किए गए हैं। इसके साथ ही, सरकार ने डिपार्टमेंट ऑफ स्पेस के तहत बनाए इंडियन नेशनल स्पेस प्रमोशन एंड ऑथराइजेशन सेंटर जैसी सरकारी संस्था बनाई है जो निजी संस्थाओं को प्रोत्साहित करने, रेगुलेट करने और उन्हें स्पेस सेक्टर में काम करने की अनुमति देने में अहम भूमिका निभाती है।

**2040 तक अंतरिक्ष में कई बड़ी योजनाएं :** डॉ. सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन के पहले चरण को सेट-अप करने के लिए गगनयान मिशन को शुरू करने का टारगेट रखा है।

# डिग्री पर डिग्री लेने से कुछ नहीं होगा, देश और संस्थाओं को अपमानित करने का हो रहा काम : उपराष्ट्रपति धनखड़

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** जयपुर के सीतापुरा औद्योगिक क्षेत्र में लघु उद्योग भारती द्वारा सोहन सिंह स्मृति कौशल विकास केंद्र बनाया गया है। इसका लोकार्पण करने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ जयपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कौशल विकास केंद्र में पौधारोपण भी किया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि यहां मैं वक्ता के तौर पर नहीं बल्कि, श्रोता के तौर पर आया हूं। मैं डॉक्टर साहब को सुनने यहां आया हूं। ऐसे स्थान पर आने से आयना दिख जाता है। उन्होंने कहा कि आज देश में आर्थिक विकास तो हो रहा है। भारत लंबी छलांग भी लग रहा है। जबकि एक दशक पहले हमारी अर्थव्यवस्था डगमगा रही थी। आज दुनिया में पांचवें स्थान पर पहुंच चुकी है। अगले कुछ सालों में तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगी। 2047 तक विकसित भारत बनेगा।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि हम भारतीय हैं, राष्ट्रवाद और राष्ट्रप्रेम से कभी समझौता नहीं कर सकते है। देश में जो बड़ी समस्या उभर रही है, उसका समाधान हमारे सामने है। लघु उद्योगों के मामले में भारत सरकार का मंत्रालय भी बहुत सक्रिय है। मैंने भी कई बार उनसे चर्चा की। भारत ने कौशल के ज्ञानी लोगों को दुनिया को दिया है। आज शिक्षा और कौशल दोनों जरूरी है। उन्होंने कहा कि भारत में चिंतन और मंथन के बाद नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का निर्माण किया गया है। जिसमें कौशल को भी स्थान दिया गया है। डिग्री पर डिग्री लेने से कुछ नहीं होगा। किसी काम का कौशल रखने से आप समाज को अपना योगदान दे सकते हैं। विकसित भारत का देश में जो हवन हो रहा है। उसमें आपकी आहुति बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि समाज में आज संतुलन की आवश्यकता है। हम बाहर से उन वस्त्रों को आयात करते हैं। जो हमारे देश में बनते हैं।

जबकि लोकल फॉर वोकल हमारी आवश्यकता है। ऐसा करने से हमारे विदेशी मुद्रा के भंडार में छेद होता है। मुझे पता है विदेशी मुद्रा भंडार की कितनी अहमियत है। आज विदेशी मुद्रा का भंडार 700 मिलियन डॉलर हो चुका है। जबकि एक समय यह मैच महज मिलियन डॉलर था। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से मजबूर होने के साथ ही संस्कारवान होना भी बेहद जरूरी है। हम भौतिक आवश्यकताओं में इतने व्यस्त हैं कि बच्चों को संस्कार और नैतिकता का पाठ नहीं पढ़ पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को लेकर आज पूरी दुनिया चिंतित है। क्योंकि कोई दूसरी पृथ्वी हमारे पास रहने के लिए नहीं है। क्लाइमेट चेंज हर व्यक्ति का कर्तव्य है। यह एक बड़ी समस्या है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि कुछ ऐसी ताकत देश में और बाहर है, जो भारत की प्रगति को पचा नहीं पा रही है। वह देश को खंडित और देश की संस्थाओं को सुनियोजित तरीके से अपमानित करने का काम कर रही है।

**12वीं फैल बच्चे के लिए कुछ नहीं :** राजस्थान के युवा अपने कौशल के लिए परेशान रहते थे, उनके लिए लघु उद्योग भारती द्वारा कौशल विकाश केंद्र बनाया है। एक और जहां आईआईटी, एमबीए है, वहीं दूसरी और कोई बच्चा अगर 12वीं में फैल हो गया, उसके लिए कुछ नहीं है। अब हमारा केंद्र उन्हें कौशल देगा। कृष्ण गोपाल ने कहा कि कपड़ों से लेकर हीरे जवाहरात भारत से पूरी दुनिया में जाता है। हमारा देश सिर्फ कृषि प्रधान नहीं बल्कि, छोटे छोटे उद्योगों वाला देश था। लेकिन अग्रेजों के आने के बाद भारत सिर्फ कृषि तक सीमित रह गया। भारत गरीब देश नहीं था, अग्रेजों में भारत को गलत दिशा में मोड़ दिया था। न अब हम फिर से अलग दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। एमएसएमई के माध्यम से 8 करोड़ लोगों को आज रोजगार मिल रहा है।

### सीतापुरा में बनाया गया है कौशल केंद्र

लघु उद्योग भारती द्वारा सीतापुरा औद्योगिक क्षेत्र में सवा लाख स्क्वायर फीट क्षेत्र में बहुमंजिला कौशल केंद्र का निर्माण किया गया है। जहां प्रदेश के युवाओं को अकाउंट्स, फैशन, हैंडीक्राफ्ट, इलेक्ट्रिशियन, डिजिटल स्केल के साथ ही स्टार्टअप को विकसित करने की ट्रेनिंग दी जाएगी। इससे पहले मंगलवार को लोकार्पण से पूर्व कौशल विकाश केंद्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारी द्वारा पूजा अर्चना कर हवन किया गया। जिसमें लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री प्रकाश चंद्र, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ताराचंद गोयल, प्रदेश अध्यक्ष शांतिलाल बालड़, जोधपुर प्रांत संयुक्त महासचिव सुरेश विश्नोई, नवरतन नारानिया और सुनीता शर्मा ने हवन में आहुति दी। लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री प्रकाश चंद्र ने कहा कि ये कौशल केंद्र प्रदेश के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि है। जिसके लोकार्पण कार्यक्रम में प्रदेशभर से बड़ी संख्या में उद्यमी शामिल होंगे।

# राजस्थान में बर्फ जमी, माइनस में पहुंचा पारा

## प्रदेश का सबसे ठंडा शहर फतेहपुर रहा, 17 जिलों में आज कोल्ड वेव का अलर्ट

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** राजस्थान में कड़ाके की सर्दी शुरू हो गई है। इस सीजन में पहली बार तापमान माइनस में पहुंचा है। ओस की बूंदें हों या बाल्टी में रखा पानी। तापमान गिरने के कारण पानी बर्फ बन रहा है। सीकर के फतेहपुर में बुधवार को न्यूनतम तापमान माइनस 1.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। इसी के साथ पूरे प्रदेश में सबसे ठंडा फतेहपुर रहा। ऐसी ही स्थिति कुछ माउंट आबू की भी है। इन शहरों में ओस की बूंदें बर्फ में तब्दील हो जा रही हैं। उधर, मौसम विभाग ने 17 जिलों में आज (बुधवार) भी कोल्ड वेव चलने की चेतावनी दी है। प्रदेश में शीतलहर चलने और टेम्परेचर गिरने से सुबह-शाम ठंड परेशान करने लगा है। मंगलवार को प्रदेश के तीन शहरों को छोड़कर शेष सभी जगहों पर मिनिमम टेम्परेचर सिंगल डिजिट में दर्ज हुआ। जयपुर, जोधपुर, अजमेर, कोटा और बीकानेर संभाग के जिलों में कोल्ड वेव का सबसे ज्यादा प्रभाव रहा। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर ने आज (बुधवार) भी 17 जिलों में, जबकि 12 और 13 दिसंबर को 15-15 जिलों में कोल्ड वेव का प्रभाव रहने की संभावना जताते हुए येलो अलर्ट जारी किया है।

### माइनस में आया तापमान

सीकर के फतेहपुर में बुधवार को कड़ाके की ठंड के साथ तापमान में एक डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। इस सीजन में पहली बार न्यूनतम तापमान माइनस में चला गया। कृषि अनुसंधान केंद्र में बुधवार को माइनस 1.0 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। इस गिरावट के कारण फतेहपुर का तापमान पूरे प्रदेश में सबसे कम रहा। तापमान में गिरावट के कारण खुले आसमान के नीचे पानी की बूंदें जम जा रही हैं।

खेतों की बाउंड्री पर तारों और बाहर बर्तनों में बर्फ जम गई। सर्दी से बचने के लिए लोग जगह-जगह अलाव का सहारा लेते हुए नजर आ रहे हैं। कृषि अनुसंधान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ. नरेंद्र पारीक ने बताया कि दो दिन से चल रही शीतलहर के कारण तापमान में गिरावट आई है।

**कार्डियक, अस्थमा के मरीज बढ़े :** शीत लहर चलने और सुबह-शाम कड़ाके की सर्दी पड़ने के साथ ही प्रदेश में अस्थमा (सीओपीडी) और कार्डियक (दिल की बीमारी) के मरीज बढ़ गए। जयपुर के सवाई मानसिंह हॉस्पिटल की इमरजेंसी के सीनियर मेडिकल ऑफिसर डॉ. मनोज कुमार जैन ने बताया- पिछले 2-4 दिनों से सांस भरने (फूलने) की तकलीफ लेकर मरीज बहुत ज्यादा पहुंच रहे हैं। ये मामले रात और अलसुबह ज्यादा आ रहे हैं। इसके पीछे सबसे बड़ा कारण तेज सर्दी है। पहले से बीमार लोगों (सीओपीडी और कार्डियक पेशेंट) की परेशानी और बढ़ जाती है। डॉ. जैन ने इस परिस्थिति में ऐसी बीमारी से ग्रसित मरीजों को सुबह-शाम घर पर ही रहने की सलाह दी है। साथ ही जो व्यक्ति जल्दी सुबह या देर शाम को वॉक या एक्सरसाइज पर जा रहे हैं उनको धूप निकलने के बाद ही वॉक करने या एक्सरसाइज करने की सलाह दी है।

### सबसे ज्यादा तापमान बाड़मेर में दर्ज

पिछले 24 घंटे की स्थिति देखें तो बाड़मेर में सबसे ज्यादा तापमान 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जोधपुर में अधिकतम तापमान 24, बीकानेर, कोटा में 23-23, गंगानगर में 23.4, जालोर में 24.4 और जयपुर में 22.8 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ। जयपुर, सीकर, चूरू, गंगानगर, बीकानेर, जैसलमेर, जोधपुर समेत उत्तर राजस्थान के लगभग सभी शहरों में मंगलवार देर शाम तेज सर्द हवाएं चलीं। यहां शीतलहर का प्रकोप रहा।

### जमाव बिंदु के नजदीक पहुंचा माउंट आबू का पारा

माउंट आबू (सिरोही) में मंगलवार को न्यूनतम तापमान 1.4 डिग्री सेल्सियस (जमाव बिंदु के नजदीक) दर्ज हुआ। ये इस सीजन का यहां का सबसे कम तापमान था। सवेरे जगह-जगह फूल-पत्तियों पर बारीक ओस की बूंदें बर्फ में तब्दील हो गई थीं। पिछले साल यहां 5 दिसंबर को इस तरह के हालात हो गए थे। बुधवार को आबू का न्यूनतम तापमान 3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

## आप अपने दम पर दिल्ली चुनाव लड़ेगी, 3 बार अकेले जीते, इस बार भी जीतेंगे कांग्रेस को 15 सीटें देने की खबरें थी : केजरीवाल

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच गठबंधन की अटकलों को अरविंद केजरीवाल ने खारिज कर दिया। आप प्रमुख केजरीवाल ने कहा है कि आम आदमी पार्टी अपने दम पर चुनाव लड़ेगी। उसके कांग्रेस के साथ किसी भी तरह के गठबंधन की संभावना नहीं है। बुधवार को यह खबर सामने आई थी कि आप दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को 15 सीट देने पर विचार कर रही है, लेकिन केजरीवाल ने ट्वीटर पर पोस्ट के जरिए गठबंधन की बात को नकार दिया है। राघव चड्ढा ने भी अलायंस की खबरों को निराधार बताया आप राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने कहा कि आने वाला दिल्ली चुनाव आम आदमी पार्टी अपने संगठन की ताकत और राजनीतिक बलबूते पर लड़ेगी। कांग्रेस और आप के बीच अलायंस की खबरें निराधार हैं। आप पिछले तीन दिल्ली चुनाव अपने बलबूते पर लड़ती, जीतती और सरकार बनाकर उसे चलाती आई है।

आप के 31 प्रत्याशी घोषित, 24 के टिकट कटे आप ने अब तक 31 सीटों पर प्रत्याशी घोषित किए हैं। 2020 चुनाव में 27 सीटों पर आप जबकि 4 पर भाजपा के विधायक थे। आप ने इस बार 27 विधायकों में से 24 के यानी 89त्न टिकट काट दिए हैं।


बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com